
वाराणसी, मंगलवार, 5 नवम्बर, 2024

कार्तिक, शुक्ल पक्ष 4 वर्ष 13, अंक 267, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00



परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

अन्दर : सूर्यकुमार की कप्तानी में टी20 सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका पहुंची भारतीय टीम




अन्दर : सुपरकंप्यूटर से अब क्वांटम कंप्यूटर की ओर

डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



# अल्मोड़ा में बस खाई में गिरी

# 36 यात्रियों की मौत

## कई लोग घायल, चार को किया गया एयरलिफ्ट

**दुःखद**

**55 से ज्यादा यात्री थे सवार बढ़ सकती है मृतकों की संख्या**

**मृतक परिजनों को 4-4 लाख व घायलों को 1-1 लाख रुपये की सहायता राशि देने का निर्देश**

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड के अल्मोड़ा में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। माचुर्ला के पास एक बस खाई में गिर गई है। हादसे में 36 लोगों की मौत हो गई है। जबकि कई लोग घायल हुए हैं। चार घायलों को एयरलिफ्ट भी किया गया है। तीन घायलों को एम्स ऋषिकेश में भर्ती कराया गया है। मौके पर राहत एवं बचाव कार्य चलाया जा रहा है। एसडीआरएफ की टीम मौके पर है। उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले के माचुर्ला इलाके के पास सोमवार को यात्रियों से भरी बस नदी में गिर गई। बस में 55 से ज्यादा यात्री सवार थे। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस-प्रशासन मौके पर पहुंचा। एसएसपी अल्मोड़ा मौके पर पहुंच गए हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए एसडीआरएफ की टीम भी पहुंची हैं। हादसे में 36 लोगों के मारे जाने की पुष्टि हुई है। बस नैनीडांडा के किनाथ से रामनगर जा रही थी। जैसे ही बस माचुर्ला के पास पहुंची तो सारड बैंड के पास नदी में गिर गई। बस के नदी में गिरते ही चीख-पुकार मच गई। कुछ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कुछ लोग बस से छिटककर नीचे गिर गए। घायल लोगों ने ही जानकारी दूसरों तक पहुंचाई। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य चलाया। घायलों को अस्पताल ले जाने का काम किया। बस सवार 36 यात्रियों की मौत हो गई। जबकि कई लोग घायल हैं। बस में 55 से ज्यादा यात्री थे।

### सीएम ने किया मुआवजे का ऐलान

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने पौड़ी और अल्मोड़ा के संबंधित क्षेत्र के एआरटीओ प्रवर्तन को निलंबित करने के निर्देश दिए। सीएम ने मृतक परिजनों को 4-4 लाख रुपए और घायलों को 1-1 लाख रुपये की सहायता राशि देने का निर्देश दिया है। आयुक्त कुमाऊं मंडल को घटना की मजिस्ट्रेट जांच के निर्देश दिए। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने अल्मोड़ा में बस हादसे पर सचिव आपदा प्रबंधन,आयुक्त कुमाऊं मंडल और डीएम अल्मोड़ा से फोन पर बात कर घटना की जानकारी ली और बचाव और राहत कार्य तेजी से चलाने के निर्देश दिए। डीएम देहरादून को भी रेस्क्यू ऑपरेशन की देखरेख के लिए विशेष रूप से वहां भेजा जा रहा है। एसडीआरएफ के साथ ही एनडीआरएफ की टीम भी घटना स्थल पर पहुंच गई हैं। रेस्क्यू और बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है। आवश्यकता पड़ने पर गंभीर रूप से घायल यात्रियों को एयरलिफ्ट करने के लिए भी निर्देश दिए हैं।

### हादसे पर पीएम मोदी ने जताया दुख

अल्मोड़ा में हुए हादसे पर पीएम मोदी ने दुख जताया। उन्होंने लिखा कि उत्तराखंड के अल्मोड़ा में हुए सड़क हादसे में जिन्होंने अपनों को खोया है, उनके प्रति मेरी शोक-संवेदनाएं। इसके साथ ही मैं सभी घायलों की शीघ्र कुशलता की कामना करता हूं। राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन राहत और बचाव के हरसंभव प्रयास में जुटा है। प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड के अल्मोड़ा में हुए हादसे में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। घायलों को 50,000 रुपए दिए जाएंगे।

आपदा प्रबंधन अधिकारी अल्मोड़ा विनीत पाल ने बताया कि 36 यात्रियों की मौत हो चुकी है। मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। टीम रेस्क्यू में जुटी है।

## कनाडा में हिन्दू मंदिर पर हमले की पीएम मोदी ने की निंदा

**नई दिल्ली।** कनाडा में हिंदू मंदिर पर खालिस्तान समर्थकों द्वारा की गई हिंसा और हिंदुओं के साथ मारपीट प्रकरण पर अब पीएम नरेंद्र मोदी का बयान आया है। भारत और कनाडा के बीच चल रहे तनाव पर पीएम मोदी पहली बार बोले हैं। उन्होंने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा कि वो इस हिंसा की कड़ी निंदा करते हैं और ऐसे कृत्य भारत के संकल्पों को कभी कमजोर नहीं करेंगे। रविवार को खालिस्तानी झंडे लिए प्रदर्शनकारियों की कनाडा के ब्रैम्पटन के हिंदू सभा मंदिर में लोगों के साथ झड़प हो गई। आरोप है कि खालिस्तान समर्थकों ने हिंदुओं के साथ मारपीट भी की। जिसके बाद ओटावा में भारतीय उच्चायोग ने एक कड़ा बयान जारी कर 'भारत विरोधी' तत्वों द्वारा किए गए हमले की निंदा की।हमले के बाद भारतीय विदेश मंत्रालय का भी बयान आया। प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर में खालिस्तानी उग्रवादियों द्वारा की गई हिंसा की कड़ी निंदा करते हुए कनाडा सरकार से मंदिरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की।

# तीन राज्यों में विधानसभा उपचुनाव की तारीख बदली

**बदलाव**

**त्योहारों की वजह से चुनाव आयोग ने लिया फैसला**

**राजनीतिक पार्टियों ने ईसी से किया था अनुरोध**

**13 की जगह अब 20 नवम्बर को होगा मतदान, नतीजे 23 नवम्बर को ही आएंगे**




**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने सोमवार को त्योहारों के मद्देनजर उत्तर प्रदेश, पंजाब और केरल में विधानसभा उपचुनावों की तारीख बदल दी। अब यहां 13 नवंबर की जगह 20 नवंबर को मतदान होगा। उत्तर प्रदेश में नौ, पंजाब में चार और केरल में एक सीट पर उपचुनाव के लिए मतदान होना है। नतीजे 23 नवंबर को ही आएंगे। जानकारी के मुताबिक, कांग्रेस, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), बहुजन समाज पार्टी (बसपा) और राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) सहित कई दलों ने विभिन्न त्योहारों के मद्देनजर आयोग से चुनावों की तारीख पुनर्निर्धारित करने का आग्रह किया था। उनका कहना था कि 13 नंवबर को चुनाव कराने से मतदान प्रतिशत पर असर पड़ सकता है। केरल और पंजाब के पीछे की वजहकांग्रेस ने कहा था कि केरल की पलक्कड़ विधानसभा सीट पर बड़ी संख्या में मतदाता 13 से 15 नवंबर तक कल्पती रथोत्सवम का त्योहार मनाएंगे। पार्टी ने कहा था कि पंजाब में श्री गुरु नानक देव का 555वां प्रकाश पर्व 15 नवंबर को मनाया जाएगा और 13 नवंबर से अखंड पाठ का आयोजन किया जाएगा।यूपी में इसलिए बदली तारीखभाजपा, बसपा और रालोद ने कहा था कि उत्तर प्रदेश में कार्तिक पूर्णिमा से तीन-चार दिन पहले लोग यात्रा करते हैं। कार्तिक पूर्णिमा 15 नवंबर को होगी।यहां-यहां बदली तारीखेंजिन सीटों के उपचुनाव की तारीखों में बदलाव किया गया है, उनमें केरल की पलक्कड़ सीट शामिल है। इसके अलावा पंजाब की डेरा बाबा नानक, चब्बेवाल, गिद्दरबाहा और बरनाला विधानसभा सीट पर चुनाव की तारीख बदल दी गई है। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश की मीरापुर, कुंडरकी, गाजियाबाद, खैर, करहल, सीशामऊ, फूलपुर, कटेहरी और मझगवां में मतदान की तारीख में बदलाव किया गया है।

# पर्व पर पथराव से समझें, खतरा कितना बड़ा है

**उठाया मुद्दा**

**झारखंड की चुनावी सभा में पीएम मोदी ने विरोधियों को लिया निशाने पर**



**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को झारखंड में अपने अभियान का आगाज करते हुए पहली ही रैली में जोरदार हुंकार भरी। प्रधानमंत्री ने गढ़वा में चुनावी जनसभा के दौरान सत्ताधारी झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और आरजेडी गठबंधन को जमकर निशाने पर लिया। उन्होंने घुसपैठ के मुद्दे को भी उठाया। पीएम ने त्योहारों के दौरान पथराव की घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि इससे पता चलता है कि खतरा कितना बड़ा है। पीएम मोदी ने आरोप लगाया कि जेएमएम, कांग्रेस, आरजेडी ने तुष्टिकरण की नीति को चरम पर पहुंचा दिया है। उन्होंने कहा कि तीनों दल सामाजिक ताना बाना तोड़ने पर आमादा हैं। पीएम ने स्कूलों में प्रार्थना बदलने, धार्मिक जुलूसों पर पथराव और पिछले दिनों दुर्गा विसर्जन में बाधा डाले जाने का जिक्र करते हुए कहा कि इससे पता चलता है कि स्थिति खतरनाक है। पीएम ने कहा, 'तीनों दल घुसपैठिया समर्थक हैं। बांग्लादेशी घुसपैठियों का वोट पाने के लिए ये इनको पूरे झारखंड में बसा रहे हैं। जब स्कूलों में सरस्वती वंदना तक पर रोक लगने लगे तो पता चलता है कि खतरा कितना बड़ा है, जब तीज त्योहारों में पत्थरबाजी होने लगे, माता दुर्गा को भी रोक दिया जाए, जब कर्फ्यू लगने लगे तो पता चलता है कि स्थिति कितनी खतरनाक है। जब बेटियों के साथ शादी के नाम पर छल-कपट होने लगे तो पता चलता है कि पानी सिर के ऊपर से गुजरने लगा है। जब घुसपैठ का मामला कोर्ट में जाए और प्रशासन इससे इनकार करे तो पता चलता है कि सरकारी तंत्र में ही घुसपैठ हो चुकी है।' पीएम ने कहा कि ये लोग रोटी, बेटी और माटी छीन रहे हैं। पीएम ने कहा कि अगर जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी की यही नीति जारी रही तो झारखंड में आदिवासी समाज का दायरा सिकुड़ जाएगा। उन्होने कहा, 'यह आदिवासी समाज और देश की सुरक्षा दोनों के लिए खतरा है। इसलिए इस घुसपैठिया गठबंधन को अपने एक वोट से उखाड़ फेंकना है। एक-एक वोट रोटी, बेटी और माटी को बचाएगा।' पीएम ने कहा कि झारखंड का विकास तभी संभव है जब यहां ऐसी सरकार हो जो केंद्र की योजनाओं को तेजी से लागू करे। पीएम ने कहा कि आजादी के बाद ही कांग्रेस की राजनीति का बहुत बड़ा आधार रहा है- जनता से झूठ बोलना, जनता को धोखा देना। ये झूठे वादे करके मतदाताओं को धोखा देते हैं। हमारे नागरिकों की आंख में धूल झोंक देते हैं। अभी हालही में ?हरियाणा ने इन्हें सबक सिखाया है। पीएम ने कहा, 'कांग्रेस और उसके साथी जहां-जहां भी झूठ बोलकर सत्ता में आए हैं, उस राज्य को उन्होंने बर्बाद कर दिया है। कांग्रेस के जो अध्यक्ष हैं, उन्होंने भी मान लिया है कि कांग्रेस झूठी गारंटी देती है। पता नहीं कैसे खड़गे जी के मुंह से जाने-अनजाने में सच निकल गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की जो ये अनाप-शनाप घोषणाएं हैं, ये राज्यों को दिवालिया कर देंगी।'

# सेना का विमान बना आग का गोला

**टला हादसा**

**आगरा में मिग-29 दुर्घटनाग्रस्त पायलट और को-पायलट ने कूदकर बचाई जान**

**आगरा।** आगरा में सोमवार को वायु सेना का विमान मिग-29 दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसमें पायलट और को-पायलट ने कूदकर जान बचाई। वायुसेना की ओर से जारी बयान में बताया गया है कि नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान तकनीकि खराबी आने से ये हादसा हुआ। इस पूरा हादसे की जांच कराई जाएगी। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद पायलट और उसके साथी दो किलोमीटर दूर मिले हैं। गनीमत रही कि पायलट ने सूझबूझ का परिचय देते हुए विमान को कागारौल के सोनिगा गांव के पास खाली खेतों में गिराया। यदि आबादी वाले हिस्से में विमान क्रैश होता तो बड़ी क्षति हो सकती थी। शुरूआती जानकारी के मुताबिक यह मिग-29 विमान था, जो पंजाब के आदमपुर से उड़ा था। फिलहाल घटनास्थल पर ग्रामीणों की भारी भीड़ है। मौके पर पुलिस बल भी पहुंच गया है। थाना कागरोल क्षेत्र के गांव बघा और बहा के बीच में किसान बॉबी के खेत में यह विमान क्रैश हुआ है। स्थानीय निवासी अजय चाहर ने बताया कि आज का जला हुआ विमान उनके गांव नारोल के ऊपर होकर गुजरा था, पायलट की सूझबूझ से विमान गांव पर नहीं गिरा नहीं तो बड़ा नुकसान हो सकता था। एयरफोर्स की टीम मौके पर पहुंच गई है। फायर ब्रिगेड की दर्जनों गाड़ियां ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया।



NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
(प्रा०लि०)
सोने, चॉदी, हीरे, प्लेटिनम एवं कुंदन के आभूषण
• 916 हॉलमार्क ज्वेलरी •
रथयात्रा : 8303173010
अर्दली बाजार : 9696470424
ठठेरी बाजार : 8318650589
SUNDAY OPEN
•रथयात्रा •अर्दली बाजार •चौक(ठठेरी बाजार) वाराणसी
•पार्किंग की सुविधा उपलब्ध•

# कनाडा में हिंदू मंदिर पर खालिस्तानियों का हमला

**दहशत**

**लाठी-डंडों से श्रद्धालुओं को मारा, पुलिस ने भी पीटा**

**ओटावा।** कनाडा के ब्रैम्पटन में रविवार को हिंदू सभा मंदिर में आए लोगों पर खालिस्तानी समर्थकों ने हमला कर दिया। हमलावरों के हाथों में खालिस्तानी झंडे थे। उन्होंने मंदिर में मौजूद लोगों पर लाठी-डंडे बरसाए। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने भी श्रद्धालुओं के साथ मारपीट की। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। इस घटना की कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने निंदा की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा, ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर में हुई हिंसा को स्वीकार नहीं किया जा सकता। हर कनाडाई को अपने धर्म का स्वतंत्र और सुरक्षित तरीके से पालन करने का अधिकार है।घटना के बाद से इलाके में तनाव है। भारी संख्या में पुलिस की तैनाती की गई है। पील रीजनल पुलिस चीफ निशान दुरईप्पा ने लोगों से संयम बरतने की अपील की है। ओटावा में भारतीय उच्चायोग ने इसे लेकर बयान भी जारी किया है। भारतीय उच्चायोग ने कहा कि टोरंटो के पास ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर में भारत विरोधी तत्वों ने हिंसा की। हम भारतीय नागरिकों की सुरक्षा के लिए बेहद चिंतित हैं। केंद्रीय मंत्री रणवीर सिंह बिट्टू ने कनाडा में हिंदू मंदिरों पर हमला की निंदा की है। उन्होंने कहा कि पीएम ट्रूडो ने लोगों को बांट दिया है। पिछले कुछ दिनों से जो खबरें आ रही हैं, वह किसी एक धर्म की नहीं हैं। चाहे हिंदू हों, सिख हों या कोई और ट्रूडो ने सभी को बांट दिया है।

# धर्म बदलने वाले दलितों से छिन सकता है आरक्षण!

**आशंका**

**अनुसूचित जाति आयोग आरक्षण देने के खिलाफ**




**नई दिल्ली।** धर्म बदलने वाले दलितों को बड़ा झटका लग सकता है। सूत्रों का कहना है कि एन सी एस सी यानी राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग धर्मांतरण कर इस्लाम और ईसाई धर्म अपनाने वालों को ए सी का दर्जा देने का विरोध करेगा। केंद्र सरकार ने हाल ही में धर्मांतरण करने वाले दलितों को एस सी का दर्जा देने की जांच कर रहे जांच आयोग को 1 साल का विस्तार दिया है। एक अखबार से बातचीत में एंसीएससी के अध्यक्ष किशोर मकवाना ने कहा है कि अनुच्छेद 341 के तहत संविधान (अनुसूचित जनजातियों) आदेश, 1950 में कहा गया है कि हिन्दू, सिख या बौद्ध के अलावा किसी भी अन्य धर्म को मानने वाले व्यक्ति को रउ समुदाय का सदस्य नहीं माना जा सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, 1950 का राष्ट्रपति आदेश कहता है कि हिन्दू, सिख और बौद्ध समुदाय के दलितों को एससी सूची का सदस्य माना जा सकता है। केंद्र ने भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश केजी बालकृष्ण की अगुवाई वाले जांच आयोग का गठन अक्टूबर 2022 में किया था। अब केंद्र सरकार ने जांच आयोग को एक साल का और समय दिया है, ताकि यह पता चल सके कि धर्मांतरण करने वाले सभी दलितों को एससी का दर्जा दिया जा सकता है या नहीं। आयोग का गठन इन संभावनाओं पर विचार के लिए किया गया था कि ऐतिहासिक रूप से एससी समुदाय से आने वाले ऐसे लोगों को एससी दर्जा दिया जा सकता है या नहीं, जो अब धर्म बदल चुके हैं। आयोग को 10 अक्टूबर 2024 तक रिपोर्ट दाखिल करने के आदेश दिए गए थे। अखबार से बातचीत में मकवाना ने बताया कि आरक्षण व्यवस्था जाति आधारित है। उन्होंने कहा, 'धर्म बदलने वाले अब हिन्दू नहीं हैं, तो संविधान की व्याख्या के अनुसार अब उनका अनुसूचित जाति में शामिल होने का सवाल ही खत्म हो जाता है।' उन्होंने कहा कि यह संविधान की भावना के खिला है। उन्होंने कहा, 'धर्मांतरण करने वाले दलितों को एससी का टैग देना धर्मांतरण को भी बढ़ावा देगा। यह एससी समुदाय के लोगों के साथ बड़ा अन्याय होगा।

# बैन के बाद भी आतिशबाजी पर भड़का एससी

**नाराजगी**

**सरकार से मांगा एक हफ्ते में जवाब**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और एनसीआर में वायु प्रदूषण के मसले पर सुनवाई की। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि अखबारों में ऐसी खबरें हैं कि पटाखों पर प्रतिबंध को कठोरता से लागू नहीं किया गया। ऐसा लगा जैसे प्रतिबंध थे ही नहीं। इसके साथ ही सर्वोच्च अदालत ने कहा- दिल्ली सरकार जवाब दे कि पटाखों पर प्रतिबंधों को कड़ाई से क्यों नहीं लागू किया गया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हमें कुछ ऐसा करने की जरूरत है ताकि अगले साल दिवाली के दौरान पटाखों पर प्रतिबंध के अदालती आदेश का उल्लंघन न होने पाए। इसके साथ ही शीर्ष अदालत ने पटाखा जलाने वालों के खिलाफ भी कड़े रुख के संकेत दिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दिल्ली में पटाखों पर प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ परिसरों को सील करने जैसी सख्त कार्रवाई की जरूरत है। सर्वोच्च अदालत ने दिल्ली सरकार और दिल्ली पुलिस आयुक्त से पटाखों पर प्रतिबंधों को लागू करने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में भी जवाब मांगा। इसके लिए अदालत ने उन्हें एक हफ्ते की मोहलत दी। जस्टिस अभय एस. ओका और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने समाचार पत्रों की उन रिपोर्टों का हवाला दिया, जिनमें शीर्ष अदालत के आदेशों के उल्लंघन का जिक्र है। पीठ ने कहा कि हम चाहते हैं कि दिल्ली में पटाखों की बिक्री, निर्माण और फोड़ने पर प्रतिबंध लगाने वाले सभी आदेशों को रिकॉर्ड में लाया जाए। हम दिल्ली पुलिस आयुक्त को नियमों को तोड़ने वालों के खिलाफ पुलिस की ओर से गई कार्रवाई और अदालत के आदेशों को लागू करने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में जवाब दाखिल करने के लिए नोटिस जारी कर रहे हैं। ये जवाब एक हफ्ते के भीतर दाखिल करने होंगे। सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने दिल्ली एनसीआर के पड़ोसी राज्यों में पराली जलाने की घटनाओं पर भी संज्ञान लिया। सर्वोच्च अदालत ने पंजाब और हरियाणा सरकारों से अक्टूबर के आखिरी 10 दिन में पराली जलाने की घटनाओं में बढ़ोतरी की घटनाओं पर जवाब तलब किया।

# अब तीन साल में ही शिक्षकों का तबादला

**फैसला**

**यूपी कैबिनेट बैठक में 27 प्रस्तावों को मिली मंजूरी**



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कैबिनेट बैठक में सहायता प्राप्त डिग्री कॉलेज के शिक्षकों के स्थानांतरण को लेकर निर्णय लिया गया। शिक्षक अब पांच वर्ष की न्यूनतम सेवा की जगह सिर्फ तीन साल बाद ही स्थानांतरण करवा सकेंगे। बैठक में कुल 27 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। बैठक में पशु चिकित्सा के क्षेत्र में पैरावेट के लिए डिप्लोमा व सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों के लिए भी नीति को मंजूरी मिल गई है। प्रदेश सरकार ने नई शीरा नीति को मंजूरी दे दी है। इसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है। पिछली बार की तरह देसी मदिरा के लिए 19 फीसद शीरा मुहैया कराया जाएगा। चीनी मिलों को 20 रुपए कुंतल विनियामक शुल्क देना होगा। लघु उद्योगों को भी शीरा मुहैया कराने की व्यवस्था है।

### कैबिनेट ने इन प्रस्तावों पर दी मंजूरी

- फॉरेन डायरेक्ट इनवेस्टमेंट (एफडीआई) और फॉर्च्यून 500 कंपनियों के निवेश के लिए प्रोत्साहन नीति – 2023 में संशोधन को मंजूरी दे दी है।
- उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रानिक्स विनिर्माण नीति – 2000 के अंतर्गत मेसर्स पैजट इलेक्ट्रानिक्स प्राइवेट लिमिटेड को वित्तीय प्रोत्साहनों की स्वीकृति दी गई है।
- उत्तर प्रदेश रिटायरमेंट बेनिफिट्स रूल्स 1961 में संशोधन किया गया है।
- बागपत में अंतरराष्ट्रीय योग एवं आरोग्य केंद्र की स्थापना हेतु ग्राम हरिया खेड़ा, परगना बागपत तहसील व जिला बागपत की ग्राम सभा की 1.0690 हेक्टेअर भूमि पर्यटन विभाग को निशुल्क हस्तांतरित करने को मंजूरी।
- प्रदेश की प्राचीन धरोहर भवनों को एडॉप्टिव रि-यूज के अंतर्गत सार्वजनिक निजी सहभागिता मॉडल पर हेरिटेज पर्यटन इकाईयों के रूप में विकसित किया जाएगा।
- प्रदेश में परापशुचिकत्सा के क्षेत्र में पशुपालन डिप्लोमा पाठ्यक्रम, डिप्लोमा कोर्स, सर्टिफिकेट कोर्स चलाए जाने को मंजूरी।
- यूपी में विश्व बैंक की सहायता से उत्तर प्रदेश क्लीन एयर मैनेजमेंट प्रोजेक्ट क्रियान्वित किया जाएगा।
- प्रदेश में केन-बेतवा लिंक परियोजना के अंतर्गत केन नहर प्रणाली के पुनरोधार की परियोजना पर व्यय वित्त समिति की बैठक द्वारा 1191 करोड़ के व्यय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है।

## वाराणसी सर्राफा भाव


सोना (RTGS 999.0) 81400/inc.GST


चांदी (99.50) 97650/- प्रति किलो


चांदी सिक्का 130000/- प्रति सैकड़ा

# वाराणसी



# कम मैनपावर लगाने पर अपर नगरआयुक्त व ठेकेदार को नोटिस

## गंगा घाटों पर सिल्ट सफाई अभी तक न होने पर बिफरे डीएम

**औचक निरीक्षण**

**सफाई संग घाटों पर समुचित प्रकाश सुनिश्चित करने का दिया सख्त निर्देश**

**मजबूत बैरिकेडिंग के साथ ही सुरक्षा के मुकम्मल इंतजाम हों : एस. राजलिंगम**

जनसंदेश न्यूज



**वाराणसी।** डाला छठ पर्व की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी एस. राजलिंगम और अपर पुलिस कमिश्नर एस. चिनप्पा ने सोमवार को विभिन्न घाटों और तालाबों का औचक निरीक्षण किया। गंगा घाटों पर सिल्ट की सफाई अभी तक न होने पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी जतायी। मौके पर कम मैनपावर के लगे होने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की और ठेकेदार व अपर नगर आयुक्त को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी एस. राजलिंगम और अपर पुलिस कमिश्नर एस. चिनप्पा ने अस्सी घाट, गंगा महल घाट, रीवा घाट, दशाश्वमेध घाट, मणिकर्णिका घाट, नमो घाट के अलावा ईश्वरगंगी तालाब आदि का निरीक्षण कर नगर निगम सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अस्सी घाट के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वहां उपस्थित पुरोहित व अन्य लोगों से घाट पर आने वाले श्रद्धालुओं-व्रतियों की अनुमानित संख्या की जानकारी ली। उन्होंने मौके पर मौजूद अपर नगर आयुक्त को घाट पर जमी सिल्ट की सफाई, मिट्टी समतलीकरण, चेंजिंग रूम, शौचालय, पीने के पानी की व्यवस्था, बैरिकेटिंग, लाइटिंग, साइनेज कराने और आसपास के मलबे को तत्काल हटवाने के निर्देश दिए। मौके पर कम मैनपावर के लगे होने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की और ठेकेदार व अपर नगर आयुक्त को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। उन्होंने अपर नगर आयुक्त और ठेकेदार को मैनपावर बढ़ाकर सभी घाटों की साफ-सफाई अविलम्ब कराने के निर्देश दिए। उन्होंने इन सभी व्यवस्थाओं के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि लोगों के आवागमन की बेहतर प्लान तैयार कर ले। इसके अलावा उन्होंने ईश्वरगंगी तालाब का भी निरीक्षण किया। वहां पर साफ-सफाई का काम चल रहा था। उन्होंने जल पुलिस और एनडीआरएफ को भी मुस्तैद रहने के निर्देश दिए।

# पूजन सामग्रियों की खरीदारी में तेजी

**डाला छठ**

**अमरख, करौंदा, नौरंगी हरी हल्दी आदि की पूछ**

**पहड़िया मंडी के फल बाजार में उमड़ी ग्राहकों की भीड़**

**वाराणसी।** छठी मइया के पूजन-अर्चन के लिए जहां फल और पूजन सामग्रियों की खरीदारी तेज हो गयी है। विभिन्न बाजारों में ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ी। पहड़िया मंडी में फल बाजार लगा, जहां ग्राहकों ने अपने सामर्थ्य के अनुसार खरीदारी की। पूजन पर गन्ना का विशेष महत्व होने की वजह से यह 50 से 60 रुपये प्रति पीस बिक गया।

पहड़िया मंडी में फल समेत अन्य पूजन सामग्रियां थोक भाव में फुटकर बिकने से ग्राहकों को काफी सस्ता पड़ा। लेकिन विशेश्वरगंज, सिगरा, कमच्छा तिराहा, महमूरगंज, मंडुवाडीह, चांदपुर, जलाली पट्टी, अर्दली बाजार, भोजूबीर, पांडेयपुर, चेतगंज आदि इलाकों में फुटकर विक्रेताओं के यहां यही सामान महंगें दाम में बिके। फलों की डिमांड अत्यधिक होने के कारण इनके दाम में तेजी का रुख रहा। छठ की पूजन करने वाली महिलाएं प्रथम दिन लउआ-भात कर शुरुआत करती है। लिहाजा, लउआ की डिमांड इस कदर हुई कि आम दिनों की तुलना में लौकी आंखें तररते नजर आया। झारखंड के जंगलों में पाया जाने वाला झारखंडी मकोय भी सर चढ़कर बोल रहा था। 'चलता' नामक फल की भी खूब डिमांड निकली। जबकि जंगली बेर, अमलोला, सेव, केला, संतरा, नाशपाती, अनार, मुसब्बी, अमरूद, हरी हल्दी, नौरंगी (हजारा), कइत, आंवला, नीबू, कटार, चकोतरा, शरीफा (सीताफल), करौंदा, अमरख, टेंगुर, अनानास, सिंघाड़ा, कदम, अमलोला, बंद नारियल, जटा नारियल आदि की बिक्री झूमकर निकली।

# सफाई के लिए निगम ने कसी कमर

**तैयारी**

**घाटों पर मुस्तैद कर्मचारियों ने झोंकी ताकत**



**वाराणसी।** डाला छठ के पूर्व काशी के घाटों की सफाई ,समतलीकरण करने और स्ट्रीट लाइट दुर्व्यवस्था दुरूस्त करने के लिए नगर निगम ने जहां कमर कस ली हैं ,वही घाटों पर मुस्तैद कर्मचारियों ने व्यवस्था बनाये रखने हेतु पूरी ताकत झोक दी हैं। काशी में सामने घाट से नमों घाट तक डाला छठ पर्व पर होने वाले आस्था के सैलाब को लेकर अधिकारियों की नीद उड़ गयी है। नगर निगम ने पर्व नदजीक होने और समय कम रहने के कारण कर्मचारियों की संख्या बढा दिया हैं ,सरकारी अमला घाटों पर प्रतिदिन चक्रमण करने लगा हैं। इसको लेकर जिलाधिकारी ने जहां बुधवार को घाटों का दौरा किया वहीं महापौर अशोक तिवारी ने भी नगर निगम द्वारा कराये जा रहे कार्यो को जायदा लिया। घाटों पर स्ट्रीट लाइट और स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने के लिए नगर आयुक्त अक्षत वर्मा ने जोन स्तर पर विभागीय अधिकारियों को जिम्मेदारी सौप दी हैं । इसके लिए सुपरवाइजरों को लापरवाहीं नही बरतने और प्रतिदिन कार्यो की प्रगति रिर्पोट उपलब्ध कराये जाने के साथ हीं मानटिंग भी करनी शुरू कर दी हैं। नगर आयुक्त ने घाटों पर पड़े सिल्ट को जल्द हटाने ,समतलीकरण करने खराब पड़े स्ट्रीट लाइटों ,चेजिंग रूम और शौचालयों को दुरूस्त रखे जाने का निर्देश दिया हैं। जलकल ने छठ पूजा के दौरान सीवर व्यवस्था हर -हर में दुरूस्त रखे जाने हेतु जहां तत्पर हैं,वहीं घाटों पर दर्शनाथियों के लिए पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए तैयारी कर ली हैं। इसको लेकर जनसंदेश टाइम्स द्वारा व्यवस्था के बाबत किये गये सवाल पर जलकल महाप्रबंधक अनूप सिंह ने कहा कि काशी के चार घाटों पर टैंकर की व्यवस्था रहेंगी। जिसमें अस्सी ,चितरंजन पार्क, भैसासुर, नमों घाटों पर शामिल हैं। उन्होंने बताया कि आवश्यकता पड़ने पर अन्य स्थानों पर भी टैंकर भेजा जा सकता हैं।

# नहाय-खाय के साथ ही शुरू होगा छठ महापर्व

**आस्था**

**गंगा तट के साथ ही शहर भर के कुंडों व तलाबों पर बनने लगी वेदी**

**बाजार में भी दिखने लगी खरीदारों की भीड़, फलों से पटा बाजार**

जनसंदेश न्यूज





**नहाय-खाय - 5 नवंबर मंगलवार को**

खरना - 6 नवंबर, बुधवार को
शाम का अर्घ्य - 7 नवंबर को
सुबह का अर्घ्य - 8 नवंबर को

वाराणसी। चार दिवसीय छठ महापर्व की शुरूआत मंगलवार से नहाय-खाय के साथ आगाज होगा। व्रती महिलाएं तालाब और नदी में स्नान करके घिया की सब्जी और भात खाकर व्रत का संकल्प लेंगी, ऐसा माना जाता है कि यह भोजन करने से साधक के जीवन में सकारात्मकता का संचार होता है।

इस दिन व्रती महिलाएं सूर्योदय से पहले आस-पास के किसी तालाब और नदी में स्नान करती हैं फिर भात, चना दाल और कद्दू या लौकी का प्रसाद बनाकर उसे ग्रहण करती हैं। नहाय-खाय में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाता है, प्रसाद तैयार करते समय स्वच्छता का खास ख्याल रखना होता है। आपको बता दें कि छठ महापर्व में केवल व्रती को नहीं, बल्कि पूरे परिवार को सात्विक भोजन करना होता है।

इस दिन प्रसाद बनाने के लिए साफ चूल्हे का ही प्रयोग किया जाता है। इस दिन महिलाएं एकबार ही भोजन करती हैं, फिर अगले दिन शाम को खरना किया जाता है। इसके अलावा नहाय-खाय के भोजन में सेंधा नमक का इस्तेमाल किया जाता है। वहीं, इस दिन व्रती महिलाएं स्वच्छ वस्त्र धारण करके ही भोजन करती हैं। छठ पूजा एक प्राचीन हिंदू त्योहार है, जो सूर्य देव और छठी मैया (माता षष्ठी) को समर्पित है, जिन्हें सूर्य की बहन माना जाता है. यह त्यौहार मुख्य रूप से बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश और नेपाल के कुछ हिस्सों में तथा इन क्षेत्रों के प्रवासी लोगों द्वारा मनाया जाता है. छठ पूजा चार दिन तक चलती है और यह सबसे महत्वपूर्ण तथा कठोर त्योहारों में से एक है।

# घाटों पर मिट्टी, गंगा में गिरते नाले स्मार्ट सिटी को दिखा रहे आइना

**किया व्यंग्य**

**कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा, साफ-सफाई न होने से डाला छठ व देव दीपावली पर श्रद्धालुओं को होगी दिक्कत**



**वाराणसी।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने सोमवार को कहा कि घाटों पर मिट्टी का जमाव, पसरा अंधेरा, गंगा में गिरते अनगिनत नाले स्मार्ट सिटी को आईना दिखा रहे हैं। घाटों पर साफ-सफाई व प्रकाश की समुचित व्यवस्था न होने के कारण छठ पूजा व देव दीपावली पर श्रद्धालुओं को काफी दिक्कतों का सामना करना होगा। श्री राय ने कहा कि प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र में घाट की स्थिति यह है की घाटों पर लगीं सैकड़ों स्ट्रीट लाइटें खराब पड़ी हैं। 84 घाटों में से लगभग 50 से अधिक घाटों पर अंधेरा पसरा है। रविदास घाट से लेकर अस्सी घाट तक और भी अन्य घाटों पर तो मिट्टी का जमाव है, जिसकी अब तक सफाई नहीं हो सकी है। नालों का गिरना निरंतर जारी है। सरकार के आंकड़ों में हर जगह उजाला है परंतु प्रधानमंत्री जी यहां के सांसद हैं। बड़ी-बड़ी बातों की चासनी हर रोज सरकार द्वारा काशी वासियों को परोसी जाती है परंतु वास्तविकता तो आईना दिखाता है। मां गंगा के नाम पर छलावा तो अब सरकार की खोटी नियत, खोखला विकास की नजीर है। भाजपा सरकार का जनता से कोई मतलब नहीं है। घाटों पर अंधेरा रहने व साफ-सफाई न होने से छठी व्रत रहने वाली महिलाओं को सर्वाधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। छठ के ठीक बाद विश्व विख्यात देव दीपावली का पर्व है। ऐसे में सरकार की उदासीनता व लापरवाही चिंतनीय है। हम स्थानीय सांसद व सरकार से मांग करते हैं की तत्काल व्यवस्था दुरुस्त की जाए ताकि श्रद्धालुओं को दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

### शृंगार गौरी मामले की सुनवाई 23 को

वाराणसी। जिला जज संजीव कुमार पांडेय की अदालत में शृंगार गौरी और ज्ञानवापी से जुड़े कई अन्य मामलों में सुनवाई अब 23 नवम्बर को होगी। इस मामले में 31 अक्तूबर की सुनवाई होनी थी। मगर हाईकोर्ट से दीपावली की 31 अक्तूबर की छुट्टी जारी होने के कारण चार को सुनवाई होनी थी। मगर अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत होने के कारण सुनवाई टल गई है। पिछले तिथि पर इस मामले के चार वादिनी महिलाओं की ओर से कहा गया की ज्ञानवापी सबंधित मुकदमे को हाईकोर्ट में सुनवाई के लिए ट्रांसफर करने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई है।

# तुलसीघाट पर नाग नथैया की लीला आज

**परम्परा**

**400 साल पुरानी है परंपरा 10 मिनट की लीला देखने को जुटते हैं हजारों आस्थावान**

**वाराणसी।** सात वार नौ त्योहारों वाली काशी में दीपावली पर्व के बाद अब लक्खा मेले में शुमार तुलसीघाट की नाग नथैया लीला की तैयारियां जोर शोर से शुरू हो गई हैं। इस बार तिथि अनुसार नाग नथैया 5 नवम्बर दिन मंगलवार को होगी। गोस्वामी तुलसीदास द्वारा भदैनी में लगभग 497 साल पहले कार्तिक माह में श्रीकृष्ण लीला की शुरूआत काशी के तुलसी घाट पर की गई थी।

इस लीला में भक्ति और भाव का ही प्रभाव देखने को मिलता है। काशी का तुलसीघाट गोकुल और उत्तरवाहिनी गंगा यमुना में बदल जाती हैं। तुलसीदास द्वारा शुरू की गई इस 22 दिनों की लीला की परंपरा आज भी कायम है। भगवान राम के अनन्य भक्त संत गोस्वामी तुलसीदास ने शिव की नगरी काशी राम नाम के साथ भगवान कृष्ण को भी लीला के जरिए जन जन तक पहुंचाया। इसमें भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव से लेकर उनके द्वारा किए गए पूतना वध, कंस वध, गोवर्धन पर्वत सहित कई लीलाओं का मंचन किया जाता है। एक माह पहले कृष्ण बलराम और राधिका चयन किया जाता है। नाग नथिया लीला को लेकर तुलसी घाट पर तैयारी प्रारंभ हो गई है बता दे कि इस लीला के लिए पीपा फुल लाया जाता है तुलसी घाट पर बैरिकेडिंग किया जाता है और इसके साथ ही नाग का फैन और धड़ बनाया जाता है। नाग के फन को रंग से रंगा जाता है इसमें लाइट भी लगाया जाता है इसके साथ इसके घर को बनाने के लिए कपड़े में पुआल को भर जाता है। वही इस लीला के दौरान सबसे अहम रोल कदम के पेड़ का होता है। इस कदम के पेड़ पर भगवान कृष्ण चढ़ लोगों को दर्शन देने के बाद गंगा रूपी यमुना में बाल निकालने के लिए कूद जाते हैं।भगवान श्री कृष्णा 4:40 पर यमुना में झलांग लगते हैं। जैसे ही भगवान कृष्ण गंगा रूपी यमुना में कूदते हैं वैसे ही कृष्ण भगवान की जय हर हर महादेव का उद्घोष होने लगता है। इसके बाद भगवान कृष्ण कालिया नाग के ऊपर सवार होकर लोगों को दर्शन देते हैं जिसके बाद महंत और रामनगर के राजा द्वारा भगवान कृष्ण को माल्यार्पण कर आरती उतारा जाता है। संकट मोचन मंदिर के महंत प्रो विश्वंभरनाथ मिश्रा का कहना है कि या लीला सैकड़ो साल पुरानी है जिसका निर्वहन आज भी परंपरा के अनुसार किया जा रहा है। भगवान कृष्ण द्वारा यमुना में कदम के पेड़ से 4:40 पर झलांग लगाया जाता है। यहां पर लाखों की संख्या में दर्शनार्थी इस लीला को देखने पहुंचते हैं। तुलसीदास ने इस लीला में सभी धर्मों के भेदभाव को मिटा दिया है। सभी कलाकर अस्सी भदैनी के ही होते हैं। सबसे प्रमुख दीपावली के चार दिन बाद होने वाली नागनथैया अपने आप में अनोखी लीला है। बता दें कि काशी के चार लक्खा मेला प्रसिद्ध हैं। इसमें रथयात्रा का मेला, नाटी इमली का भरत मिलाप, चेतगंज की नक्कटैया और तुलसी घाट की नाग नथैया शामिल है।





# 30% लाभार्थियों के मोबाइल नंबर बंद!

## किसी का मोबाइल नंबर किसी और के पास तो किसी का स्विच ऑफ

जितेंद्र श्रीवास्तव

**उज्ज्वला योजना**

**लाभार्थियों को ट्रेस करने में गैस एजेंसियों के कर्मचारियों का छूट रहा पसीना**




**वाराणसी।** लाभार्थियों को दीपावली पर मिलने वाले मुफ्त सिलिंडर की रकम उनके खाते में भेजने के लिए केवाईसी करना जो अनिवार्य किया गया है। ऐसे में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को ट्रेस करने में गैस एजेंसियों के कर्मचारियों के पसीने छूट रहे हैं। एजेंसी सूत्रों से मिली जानकारी को सच माने तो करीब 30 फीसदी लाभार्थियों के मोबाइल नंबर या तो किसी और को आवंटित किये जा चुके हैं या फिर स्विच ऑफ बता रहा है।

दरअसल, प्रदेश सरकार ने उज्ज्वला लाभार्थियों को दीपावली पर मुफ्त में रसोई गैस सिलिंडर (रिफिल) देने की घोषणा की है। मुफ्त एलपीजी सिलिंडर के सब्सिडी मद में सरकार की तरफ से लाभार्थियों के बैंक खाते में सीधे रकम भेजी जा रही है। योजना का लाभ लेने के लिए सभी लाभार्थियों को बैंक खाते को आधार प्रमाणित कराने को गया था। लेकिन अभी तक अधिकांश लाभार्थियों ने आधार को बैंक खाते से लिंक नहीं किया है। लिहाजा, उनको मुफ्त सिलिंडर रिफिल का लाभ नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में सभी गैस एजेंसियों को लाभार्थियों की केवाईसी कराने और बैंक खाते को आधार से लिंक कराने की जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

रसोई गैस सिलिंडर की आपूर्ति करने वाली कंपनियों के सूत्रों की मानें तो प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के एक-एक लाभार्थियों के सत्यापन, उनके केवाईसी कराने एवं आधार से बैंक खाते को लिंक कराने की जिम्मेदारी एजेंसियों को सौंपी गयी है। कहा गया कि समस्त गैस एजेंसियां सूची के आधार पर उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को फोन करके सत्यापन करायें। अब जबकि सूची के आधार पर योजना के लाभार्थियों को एजेंसियों के कर्मचारी फोन कर रहे हैं तो पता चल रहा है कि तमाम लाभार्थियों ने जो मोबाइल नंबर कनेक्शन लेते समय दर्ज कराया था। उसमें से अधिकांश मोबाइल नंबर या तो बंद है या फिर लंबे समय से रिचार्ज न कराने से दूसरे उपभोक्ताओं को आवंटित किये जा चुके हैं।

एजेंसी के कर्मचारी मिला रहे हैं बनारस के उज्ज्वला योजना के लाभार्थी का मोबाइल नंबर तो उठ रहा है जौनपुर, चंदौली, आजमगढ़ या वाराणसी के किसी अन्य उपभोक्ता के पास। फोन उठाने वाला बताता है कि पिछले कई महीने से वह यह नंबर यूज कर रहा है। एक एजेंसी के प्रबंधक दिनेश तिवारी ने बताया कि सूची के आधार पर उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को फोन करने पर आधे से अधिक के मोबाइल नंबर या तो बंद मिल रहे हैं या फिर किसी दूसरे जिले के ग्राहक इस्तेमाल कर रहे हैं। ऐसे में लाभार्थियों को ट्रेस कर पाना बहुत मुश्किल हो रहा है। इतना ही नहीं, कई लाभार्थियों के पते बदल चुके हैं या फिर अन्य कारणों से भी उनको ढूढ़ना बड़ा मुश्किल हो रहा है।







# छठ पूजा को लेकर तैयारी तेज, सजने लगे घाट

## असम, छपरा व कटिहार के बांस से दउरी-सुपली बना रहे कारीगर


रामलीला मैदान में तैयार हो रहा कृत्रिम पोखरा

**बलिया।** महापर्व छठ की तैयारी को लेकर घाटों की साफ-सफाई युद्ध स्तर पर शुरू हो गई है। शहर के रामलीला मैदान, महावीर घाट, कीनाराम घाट सहित अन्य घाटों की सफाई की जा रही है। वहीं, बाजारों में फल एवं पूजा सामग्री जैसे दउरा, सुपली सहित अन्य सामग्रियों की बिक्री तेज हो गई है। घर-घर में महिलाएं छठ महिमा की गीत गाती हुई तैयारी में जुट गई हैं। आम हो या खास, सभी जगह आस्था के महापर्व की तैयारी जोर-शोर पर चल रही है।

सभी जगह छठ घाट तैयार किए जा रहे हैं। नगर में रामलीला मैदान एवं बापू भवन में कृत्रिम घाट बनाने का कार्य तेज हो गया है। छठ पूजा समिति के सदस्य पूजा स्थल को सजाने-संवारने में जुटे हैं। पूजा घाट पर जाने वाले रास्तों की साफ-सफाई भी की जा रही है। छठ पूजा में दउरी व सुपली का काफी महत्व होता है। बांस से तैयार दउरी और सुपली में ही व्रतीं महिलाएं पूजा सामग्री लेकर छठ घाट तक जाती है। असम, छपरा व कटिहार के बांस से कारीगर दउरी-सुपली बना रहे है। कुछ वर्ष पहले बांस की पूर्ति स्थानीय स्तर पर हो जाती थी। कमी हुई तो गाजीपुर से बांस मंगाये जाते थे। लेकिन समय के साथ ही बांस भी धीरे-धीरे खत्म हो गये। जिनके पास बचे है, वे ऊंचे दामों में बेच रहे है। ऐसे में यहां के व्यापारी व्यापक स्तर पर असम, छपरा व कटिहार से बांस मंगाने लगे है।

**छठ माता की आराधना एवं सूर्य को अर्घ्य देने का विशेष महत्व**

### विधि-विधान से करें छठ पूजा, पूरी होंगी मनोकामनाएं

**बलिया।** छठ पूजा कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की षष्ठी को मनाया जाता है। इस पूजा में छठ माता की अराधना और सूर्य को अर्घ्य देने का विशेष महत्व है। इसकी शुरुआत नहाय-खाय से होती है। इस दिन गंगा के पवित्र जल से स्नान करके खाना बनाया जाता है। इस दिन चने की दाल, लौकी की सब्जी और रोटी का सेवन किया जाता है। नहाय-खाय के बाद खाने में नमक का प्रयोग नहीं किया जाता है।

ज्योतिषाचार्य डॉ. अखिलेश कुमार उपाध्याय ने बताया कि दूसरे दिन को खरना के नाम से जाना जाता है। खरना के दिन व्रत करने वाले लोग प्रसाद बनाते हैं। खरना के प्रसाद में खीर बनाई जाती है। इस खीर में चीनी की जगह गुड़ का प्रयोग किया जाता है। शाम को पूजा के बाद इस प्रसाद को ग्रहण करते हैं। प्रसाद खाने के बाद निर्जला व्रत शुरू होता है। तीसरे दिन नदी किनारे छठ माता की पूजा की जाती है। पूजा के बाद डूबते हुए सूर्य को गाय के दूध और जल से अर्घ्य दिया जाता है। इसके साथ ही छठ का विशेष प्रसाद ठेकुआ और फल चढ़ाया जाता है। व्रत करने वाले पुरुष और महिलाओं के द्वारा उगते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। सूर्य को अर्घ्य देने के बाद व्रत करने वाले लोग प्रसाद खाकर अपना व्रत खोलते हैं। इसके बाद सभी लोगों में प्रसाद बांट कर पूजा संपन्न की जाती है। छठ पर्व पति और संतान की दीर्घायु के लिए किया जता है। मान्यताओं के अनुसार सच्चे मन से छठ व्रत करने पर सारी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। ऐसी मान्यता है कि छठ पर्व पर व्रत रखने वाली महिलाओं को पुत्र की प्राप्ति होती है। महिलाओं के साथ पुरुष भी अपने कार्य की सफलता और मनचाहे फल की प्राप्ति के लिए इस व्रत को पूरी निष्ठा और श्रद्धा से करते हैं।

### प्रसाद एवं फल से सजती है बांस की टोकरी

**बलिया।** इस अनुष्ठान के दौरान प्रसाद और फल से पूरी बांस की टोकरी सजाई जाती है। बांस की दो-तीन बड़ी टोकरी, प्रसाद रखने के लिए बांस या पीतल के बने तीन सूप, लोटा, थाली, दूध और जल के लिए ग्लास, नए वस्त्र साड़ी, कुर्ता-पजामा के अलावा पानी वाला नारियल, पत्तेयुक्त गन्ना, सुथनी और शकरकंद, नाशपाती, बड़ा मीठा नींबू यानी टाब रखते हैं। शहद की डिब्बी, पान और साबुत सुपारी, चावल, लाल सिंदूर, धूप, एक बड़ा दीपक, हल्दी और अदरक का हरा पौधा कैराव, कपूर, कुमकुम, चंदन, मिठाई भी अनिवार्य सामग्री है।

### 180 से 250 रुपये में बिक रही दउरी

बलिया। छठ पूजा को लेकर बाजार में दउरी के दाम भी काफी ऊंचे है। 180 से 250 रूपये तक में एक दउरी बिक रहा है। वही, सुपली का भी दाम 50 रूपये तक का है। थोक में दुकानदार ले जाते है तो उन्हें कुछ कम पड़ता है।

### शहर में जाम से जूझते रहे लोग



**बलिया।** शहर में सोमवार के दिन लगभग सभी मुख्य मार्गों पर जाम लगा रहा। लोग जाम में फंसकर बुरी तरह झल्ला गये। वहीं, यातायात पुलिस के जवानों को भी जाम छुड़ाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बता दें कि गुरूवार को दीपावली व शुक्रवार, शनिवार और रविवार को छुट्टी होने की वजह से सोमवार को बाजारों में खूब भीड़ देखी गयी। सुबह दस बजे से लेकर दोपहर तीन बजे तक बाजार चारों तरफ से एकदम जाम की गिरफ्त में आ गया। वहीं, छठ पूजा को लेकर बाजारों में खरीदारी के लिये लोग उमड़ पड़े।

## जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार



**बेल्थरारोड।** पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार झा के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी रसड़ा फहीम अहमद कुरैशी के कुशल नेतृत्व में उभांव पुलिस ने ग्राम अतरौल चक मिलकान निवासी संदीप सिंह के ऊपर हुए जानलेवा हमले के नामजद आरोपी ओशियार राजभर पुत्र मुन्नू राजभर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया है। पुलिस के अनुसार प्रभारी निरीक्षक विपिन सिंह मय टीम द्वारा चेकिंग सन्दिग्ध वाहन/सन्दिग्ध व्यक्ति, तलाश वांछित वारंटी करते हुए क्षेत्र में भ्रमणशील थे। मुखबीर खास की सूचना के आधार पर जानलेवा हमले का दूसरा नामजद अभियुक्त ओशियार राजभर पुत्र मुन्नू राजभर को गौरी ताल घोसा चट्टी पर पीपल के पेड़ के पास से सोमवार को नाजायज चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक संतोष कुमार, कां. अरविन्द यादव, कां. अजीत यादव, कां. पंकज राजभर शामिल रहे।

## सड़क हादसे में तीन घायल

**रतसर।** रतसर-सुखपुरा नहर मार्ग पर जगदेवपुर के समीप सोमवार को टेम्पों एवं बाइक की जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें दो महिलाओं समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आस-पास के लोगों ने घायलों को उपचार के लिए सीएचसी रतसर पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने घायलों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। बताते चलें कि गड़वार थाना क्षेत्र के सिकटौटी ग्राम पंचायत के मौजा चाफी निवासी रामजीत चौहान (26) पुत्र गौरी चौहान अपनी पत्नी प्रिया (23) एवं साली खुशबू (20) के साथ बाइक से बलिया से मुंडन संस्कार में शामिल होकर घर वापस आ रहे थे। रतसर-सुखपुरा नहर मार्ग पर जगदेवपुर गांव के समीप रतसर की तरफ से तेज रफ्तार आ रही टेम्पों से जोरदार टक्कर हो गई। घटना के बाद टेम्पो चालक वाहन सहित फरार हो गया।

## करंट लगने से युवक की मौत

**दु:खद**

**परिजनों के नहीं रुक रहे आंसू**


घटना की सूचना मिलने पर रोती-बिखलतीं महिलाएं

**रेवती।** स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत भाखर (खरिका) गांव में सोमवार को करंट की जद में आने से 30 वर्षीय युवक की मौत हो गयी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

रेवती थाना क्षेत्र के भोपालपुर पश्चिमी निवासी शंकर पासवान (30) पुत्र गौरी शंकर पासवान भाखर गांव में पेंटिंग का कार्य कर रहा था। इसी बीच वह फर्राटा फैन को खिसकाने गया, जहां पंखे में प्रवाहित करंट की जद में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। शंकर को आनन-फानन में सीएचसी रेवती पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांचोपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद मृतक शंकर की पत्नी ज्योति, नौ वर्षीय पुत्र बंटी, सात वर्षीय पुत्री लवली तथा अबोध संहिता का रोते-रोते बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि रविवार को मृतक शंकर के भतीजा सुभाष पासवान का बैरिया में बाइक एक्सीडेंट हो गया था। इसमें सुभाष गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसका इलाज जिला चिकित्सालय में चल रहा है। पूरा परिवार सुभाष के साथ था। इधर, यह घटना घटित हो गयी।

## सफाई कर्मियों ने की गंगा घाट की साफ-सफाई

**श्रम**

**गंगा समग्र गोरक्ष प्रांत प्रमुख ने सीडीओ से किया था निवेदन**


गंगा घाट की साफ-सफाई करते लोग

**मझौवां।** विश्व नदी दिवस पर हुकुम छपरा गंगापुर स्थित गंगा घाट की साफ-सफाई की गई। बताते चले कि हुकुम छपरा गंगापुर स्थित गंगा घाट पर विगत कई दिनों से गंदगी का अंबार लग जाने से गंगा स्नान करने आने वाले स्नानार्थियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था।

मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज को गंगा समग्र गोरक्ष प्रांत प्रमुख गंगा वाहिनी अर्जुन कुमार ने गंगा घाट की गंदगी से अवगत कराते हुए निवेदन किया था। एडीओ पंचायत बेलहरी ने न्याय पंचायत गंगापुर एवं पियरौटा के 14 सफाई कर्मचारियों को लगाकर गंगा घाट की साफ-सफाई करायी। इसमें गंगा वाहिनी गंगा समग्र के स्वयंसेवक भी शामिल हुए। इस दौरान लगभग एक ट्रक से ज्यादा कूड़ा कचरा एकत्रित किया गया। गंगा घाट की साफ सफाई हो जाने से हुकुम छपरा गंगा घाट की तस्वीर बदल गया है। गंगा वाहिनी गोरक्ष प्रांत प्रमुख अर्जुन कुमार ने गंगा स्नान करने आ रहे सभी भक्तों से मार्मिक अपील किया कि गंगा हम सबकी मां है। गंगा है तो कल है। इसलिए गंगा नदी में किसी भी प्रकार का कूड़ा कचरा जैसे पूजा का अवशेष सामग्री, प्लास्टिक की थैलियां न फेंके। साबुन, शैंपू, सर्फ का उपयोग नहीं करें। अधजली लकड़िया गंगा में प्रवाहित ना करें। बता दें कि छठ पूजा के नहाए खाए पर्व के दिन बुधवार को शाम 5:30 बजे से भव्य गंगा महाआरती की जाएगी। हुकुम छपरा गंगापुर स्थित गंगा घाट पर 51 सौ दीप जलाये जायेंगे।

## चोरी के सामान एवं नगदी के साथ दो चोर गिरफ्तार


**बलिया।** शहर कोतवाली पुलिस ने रविवार को काजीपुरा रेलवे क्रासिंग के पास से चोरी के सामान एवं नकदी सहित दो चोरों को गिरफ्तार कर सम्बंधित धाराओं में चालान न्यायालय कर दिया। पूछताछ में चोरों ने अपना नाम सोनू राम पुत्र अनिल राम निवासी राजपूत नेवरी गौशाला रोड, थाना कोतवाली, जनपद बलिया तथा राजकुमार साहनी पुत्र स्व. अनिरुद्ध साहनी निवासी मिश्र नेवरी कदम चौराहा, थाना कोतवाली, जनपद बलिया बताया। इनके कब्जे से 13360 रुपया नकद, एंड्राइड मोबाइल, एक स्मार्ट वाच बरामद हुआ। बता दे कि कोतवाली पर वादी द्वारा लिखित प्रार्थना पत्र के साथ शिकायत दर्ज करायी गयी कि एक नवम्बर 2024 को वादी के घर में अज्ञात चोरों द्वारा घुसकर चोरी की गयी है। इसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करते हुए दो चोरों को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार करके चालान न्यायालय कर दिया।

## अपराधियों के निशाने पर आये आभूषण व्यवसायी

**बैरिया।** क्षेत्र के आभूषण व्यवसायी (स्वर्णकार) काफी दिनों से अपराधियों के निशाने पर हैं। बार-बार गुहार लगाने के बावजूद पुलिस उन्हें भय मुक्त जीवन जीने का विश्वास नहीं दिला पा रही है। बता दे कि तीन माह पूर्व बैरिया में दो सर्राफा कारोबारी की दुकान से लगभग 60 लाख रुपए का आभूषण चोरी हो गया था। अभी तक पुलिस घटना का राजफास नहीं कर पाई है। वहीं, अब रंगदारी के लिए भरत छपरा निवासी राजन सोनी को बदमाशों ने गोली मार दी। इससे पूर्व भी रानीगंज में कई सर्राफा कारोबारियों की दुकानों में चोरी और उनसे रंगदारी मांगने की घटनाएं प्रकाश में आ चुकी हैं। इसे इलाके की पुलिस ने आफ रिकार्ड कर दिया है। गोली कांड के बाद सर्राफा व्यवसायियों में भय व्याप्त हो गया है। सर्राफा व्यवसायियों का कहना है कि जनपद स्तर पर ना तो संगठन उनकी समुचित मदद कर रहा है और न ही पुलिस प्रशासन उनकी समस्याओं को गंभीरता से ले रही है। रानीगंज में गुरुवार को राजन सोनी को गोली मारने की चर्चा है। फरसा गैंग के नाम पर पीड़ित से रंगदारी मांगी गई थी। इससे पूर्व भी फरसा गैंग के नाम पर क्षेत्र में कई अपराधिक घटनाओं को अंजाम दिया गया है। यह बात अलग है कि अधिकांश घटनाओं को पुलिस ने दर्ज नहीं किया है। वहीं, घटनाओं में आरोपित बदमाशों को छोटे-मोटे धाराओं में पुलिस द्वारा पाबंद कर दिया गया था। या उनका चालान किया गया था। फरसा गैंग के अलावा कुल्हाड़ी गैंग के सक्रियता की चर्चा भी क्षेत्र में जोरों पर हो रही है। इन दोनों के नाम से व्यवसायियों में भय व्याप्त हो जाता है। वह समाज के लिए बड़ी समस्या बनते जा रहे हैं। पुलिस द्वारा इन घटनाओं को हल्के में लिया जा रहा है। इससे इनका मनोबल काफी ऊंचा हो गया है। वहीं, लोगों का कहना है कि सामाजिक कल्याण के नाम पर बनाए गए संगठनों के नाम पर अपराधिक घटनाओं को अंजाम देना निंदनीय है। सामाजिक स्तर पर भी इसका प्रतिवाद आवश्यक है।

## संक्षेप

### चेतक प्रतियोगिता में शामिल होंगे बादल व तूफान



**बलिया।** आगामी 18 नवंबर को होने वाले चेतक प्रतियोगिता में शामिल होने के लिये गोरखपुर के तांत्रिक बाबा अपने साथ बादल एवं तूफान को लेकर आये है। उनको वह प्रतियोगिता में दौड़ाएंगे। तांत्रिक बाबा ने बताया कि हम तीन साल बाद पशु मेला में आये है। शौक है कि हिन्दुस्तान के हर चेतक प्रतियोगिताओं में तूफान और बादल को दौड़ाएं। उनका दावा है कि तूफान और बादल हर रेस में सबसे आगे रहे और चेतक प्रतियोगिता में भी सबसे आगे रहेंगे। बताते चलें कि इन दिनों पशु मेला में कुछ घोड़े दौड़ में शामिल होने के लिये पहुंच चुके है। नगर पालिका परिषद ने दूर-दराज से आये घोड़े मालिकों को रहने के लिये उत्तम व्यवस्था प्रदान किया है। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष संत कुमार मिठाई लाल, पशु मेला प्रबंधक एवं पशु मेला थानाध्यक्ष ने भी व्यापारियों का हालचाल लिया है।

### अधिवक्ताओं ने किया विरोध प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**बेल्थरारोड/बैरिया।** तहसील अधिवक्ता एसोसिएशन के अध्यक्ष शौकत अली एवं मंत्री दिनेश राजभर के नेतृत्व में उप्र बार कौंसिल के आह्वान पर सोमवार को गाजियाबाद में अधिवक्ताओं के ऊपर हुए पुलिस लाठीचार्ज को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। सैकड़ों अधिवक्ताओं ने नारे लगाते हुए तहसील परिसर की परिक्रमा की तथा राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम निशांत उपाध्याय को सौंपकर प्रभावी कार्रवाई की मांग की। इधर, तहसील बार एसोसिएशन बैरिया के अध्यक्ष उमेश सिंह की अध्यक्षता में अधिवक्ताओं की बैठक सोमवार को अधिवक्ता भवन में हुई। इसमें सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर गाजियाबाद में अधिवक्ताओं के साथ बर्बरतापूर्वक हुए पुलिस के व्यवहार की निंदा की गई। वही, जनपद न्यायाधीश अनिल कुमार पर अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि उनके द्वारा न्यायालय कक्ष में पुलिस बुलाकर अधिवक्ताओं के साथ दुर्व्यवहार कराया गया। इसके बाद अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य से विरत रहने की घोषणा की। साथ ही प्रस्ताव की प्रति उप जिलाधिकारी के माध्यम से वरिष्ठ अधिकारियों को भेजवाया। इस अवसर पर विनय सिंह, दद्दन यादव, कृष्ण कुमार यादव, जगमोहन तिवारी आदि मौजूद रहे।

### साधन सहकारी समितियों पर नहीं मिल रहा डीएपी

**बैरिया।** सरकार एक तरफ जहां किसानों की आय दोगुनी करने का दावा कर रही है, वहीं दूसरी तरफ रवि की बुवाई का मौसम चल रहा है। ऐसे पीक समय में डीएपी की मांग बढ़ गई है, किंतु क्षेत्र के किसी भी साधन सहकारी समिति पर डीएपी ना होने के कारण किसान परेशान हो रहे हैं। विकास खंड बैरिया एवं मुरली छपरा के किसी भी साधन सहकारी समिति पर डीएपी उपलब्ध नहीं है। वहीं, बाजार में बिकने वाली डीएपी पर किसानों को भरोसा नहीं है कि डीएपी असली है या नकली। बावजूद इसके किसानों को बाजार से ही महंगे दाम पर डीएपी खरीदने को मजबूर होना पड़ रहा है। डीएपी खरीदने वाले रामपुर के दिनेश पांडेय, दलन छपरा के विद्यासागर यादव, श्रीपतिपुर के संजय साहनी, चंद्रदेव यादव, धतूरी टोला के विकास सिंह आदि ने बताया कि साधन सहकारी समितियों पर खाद नहीं मिल पा रहा है। नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी बाजार में उपलब्ध है, किंतु वह काम करेगा कि नहीं। इसको लेकर हम लोग नैनो डीएपी और यूरिया नहीं खरीद पा रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकार बयान जारी कर डीएपी की भरपूर मात्रा में उपलब्धता का दावा कर रही है, किंतु यथार्थ के धरातल पर डीएपी का अभाव हो गया है। किसानों ने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराया है।

### अब बीईओ भी स्कूलों को बनायेंगे निपुण

**बलिया।** बेसिक शिक्षा विभाग के परिषदीय प्राथमिक स्कूलों में प्री-प्राइमरी से कक्षा दो तक के बच्चों को गणित एवं भाषा में दक्ष बनाने के लिए अब अधिकारियों की जबाबदेही एवं जिम्मेदारी भी तय कर दी गई है। निपुण भारत मिशन के लक्ष्य को वर्ष 2026-27 तक हासिल करने के लिए यह तैयारी की गई है। बीईओ, डायट मेंटर, स्पेशल रिसोर्स ग्रुप (एसआरजी) एवं शिक्षक संकुल को अब विद्यालयों को निपुण बनाने का दायित्व सौंपा गया है। अब बीईओ को ब्लाक संसाधन केन्द्र या फिर उनके कार्यालय के पास स्थित विद्यालय को निपुण बनाना होगा। वह प्राथमिक स्कूल या फिर कंपोजिट विद्यालय में से किसी भी विद्यालय का जिम्मा लेंगे। जिले में 17 ब्लाक है। नये आदेश के तहत अब सभी बीईओ यह जिम्मेदारी निर्वहन करेंगे। डायट मेंटर को किसी भी ब्लाक का विद्यालय आवंटित किया जायेगा। प्रत्येक ब्लाक में एक डायट मेंटर है। न्याय पंचायत स्तर पर पांच-पांच शिक्षकों को संकुल शिक्षक बनाया गया है।

### ई-रिक्शा पलटने से तीन छात्रा घायल

**बेल्थरारोड।** बेल्थरारोड-मधुबन राजमार्ग पर देवेंद्र डिग्री कालेज की छात्राएं ई-रिक्शा पलट जाने से बुरी तरह चोटिल हो गई। यह घटना सोमवार को पूर्वाह्न 11 बजे की बताई गई है। छात्राओं की माने तो ई-रिक्शा चालक शराब पीकर पिये हुए था। इस घटना में छात्रा जुली का दोनों हाथ टूट गया। चोटिल छात्राओं का उपचार सीएचसी सीयर में कराया गया। घायल जुली बेल्थरारोड नगर के शास्त्री नगर, रजनी राजभर चौकियां तथा रेखा शर्मा ग्राम अवाया की निवासिनी है।

### शिष्टमंडल ने ली घटना की जानकारी

**बेल्थरारोड।** पूर्व विधायक गोरख पासवान के नेतृत्व में नागरिकों का शिष्ट मंडल सोमवार को ग्राम अतरौल चक मिलकान पहुंचा। शिष्ट मंडल ने लक्ष्मी प्रतिमा विसर्जन के बाद वापस लौटते समय संदीप सिंह पर हुए प्राणघातक हमले की जानकारी प्राप्त की। श्री पासवान ने घटना को दुर्भाग्यपूर्ण करार देते हुए हमलावरों को सख्त से सख्त सजा देने की मांग की, ताकि ऐसी जघन्य घटना की पुनरावृत्ति न हो सके। शिष्ट मंडल में विश्राम सिंह, सतीश गुप्ता, देवेंद्र गुप्त, अब्दुल रहमान, हरेराम यादव आदि मौजूद रहे।

### प्रशिक्षु उप निरीक्षक एवं आरक्षी निलंबित

**बलिया।** पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने रविवार को कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही, उदासीनता एवं अनुशासनहीनता बरतने के आरोप में भीमपुरा थाने में तैनात आरक्षी रामसागर निषाद एवं प्रशिक्षु उप निरीक्षक सुमित त्रिपाठी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इससे पुलिस महकमा में हड़कम्प मचा हुआ है। बता दे कि आरक्षी रामसागर निषाद द्वारा थाना जनता के साथ दुर्व्यवहार करने एवं आम जनमानस में पुलिस की छवि धुमिल तथा प्रशिक्षु उप निरीक्षक सुमित त्रिपाठी को कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही उदासीनता, अकर्मण्यमता एवं अनुशासनहीनता बरतने आरोप में तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया।

### बलिया में मना अन्नकूट पूजनोत्सव, लगे छप्पन भोग

**बलिया।** बलिया में अन्नकूट पूजन समारोह धूमधाम से मनाया गया। नगर के एलआईसी रोड स्थित मोती कलवार धर्मशाला में अन्नकूट पूजन पर भगवान को छप्पन भोग लगाये गये। उसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस आयोजन में प्रसाद ग्रहण करने के लिए सैकडों लोग पधारे हुए थे। इसमें कलवार समाज के महिला और पुरूषों ने बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी की। हर साल की भांति इस वर्ष भी अभिषेक कुमार ने इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। ब्याहूत जायसवाल कलवार महासभा ने भी बढ-चढ़कर हिस्सेदारी की।

## 16 अधिकारियों का एक दिन का वेतन काटने का निर्देश

**कार्रवाई**

**जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सुनी आमजन की फरियाद**


सिकंदरपुर तहसील में आमजन की फरियाद सुनते डीएम-एसपी

**सिकंदरपुर।** स्थानीय तहसील सभागार में सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार और पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर फरियादियों से रूबरू हुए। संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व के 44, पुलिस से संबंधित 37, चकबंदी के 11, विकास से संबंधित पांच, डीपीआरओ, सिंचाई विभाग, नगर पंचायत से तीन-तीन मामले आए। वहीं, डीडीसी और सप्लाई विभाग के दो-दो मामले और समाज कल्याण, विद्युत विभाग, डीआरडीए, मंडी समिति, जिला कृषि अधिकारी से संबंधित एक-एक मामले सामने आए। इस प्रकार आए कुल 124 मामलों में से सिर्फ नौ का मौके पर निस्तारण हो सका। शेष 115 फरियादियों के हिस्से आश्वासन आया। इस दौरान जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने जन शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को गुण-दोष के आधार पर मामलों को निस्तारित करने का निर्देश दिया। राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर मामले को निस्तारित करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जिला सेवायोजन अधिकारी, प्रभागीय वनाधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, उपायुक्त उद्योग, बंदोबस्त चकबंदी अधिकारी, सहायक अभियंता लघु सिंचाई, अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण), अधिशासी अभियंता लोनिवि (प्रांतीय खंड), अधिशासी अभियंता नलकूप, अधिशासी अभियंता बाढ़, जिला होम्योपैथिक अधिकारी तथा क्षेत्रीय आयुर्वेदिक व यूनानी अधिकारी के अनुपस्थित रहने पर नाराजगी जताते हुए एक दिन का वेतन काटने का निर्देश दिया। इसके अलावा जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को संपूर्ण समाधान दिवस एवं आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों को गम्भीरता से लेने और उसका समय से समाधान करने का निर्देश दिया। कहा कि किसी भी दशा में इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी रवि कुमार, क्षेत्राधिकारी आशीष मिश्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।


### कुल 10 मामलों में एक का निस्तारण

**बैरिया।** तहसीलदार सुदर्शन कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल दस मामले आए। सभी मामले भूमि विवाद से संबंधित थे। इस दौरान जहां एक मामले का मौके पर निस्तारण किया गया, वहीं नौ मामलों को संबंधित विभागों में निस्तारण के लिए भेजा गया। इस मौके पर नायब तहसीलदार रजनीश सिंह, नायब तहसीलदार रोशन सिंह, समस्त लेखपाल, राजस्व निरीक्षक के अलावा खंड शिक्षा अधिकारियों के प्रतिनिधि एवं अन्य विभागों से संबंधित लोग मौजूद रहे। त्योहार के कारण फरियादियों की संख्या नगण्य रही।

### कातर निगाहों से राष्ट्र को निहार रही गंगाः रमाशंकर

**बलिया।** पतित पावनी गंगा कातर निगाहों से राष्ट्र को निहार रही है कि आखिर उनकी रक्षा कौन करेगा? देव नदी को युवाओं पर भरोसा है कि वे उनके आंचल को साफ रखेंगे। यह बातें गंगा मुक्ति एवं प्रदूषण विरोधी अभियान के राष्ट्रीय प्रभारी रमाशंकर तिवारी ने सोमवार को इंटर कालेज दिउली के प्रांगण में छात्रों को गंगा की व्यथा की जानकारी देते हुए व्यक्त किया। कहा कि देश का युवा वर्ग एवं गांव के लोग यदि उठ खड़ा हुए तो गंगा का प्राचीन सुनहरा संसार एक बार फिर प्रदूषण मुक्त हो जायेगा। कहा कि हम सभी ने ही गंगा को दर्द दिया है और दवा भी हम सभी को ही करना होगा। नदियों का भूगोल बिगाड़ कर आखिर राष्ट्र को समृद्ध कैसे किया जा सकता है। कालेज के प्रधानाचार्य डॉ. विश्वरंजन सिंह ने छात्रों को गंगा का पौराणिक महत्व समझाया। इस अवसर पर रणधीर कुमार सिंह, निगम कुमार सिंह, पवन कुमार वर्मा, संजय कुमार सिंह, रवि कुमार राय, रोहित प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

## ट्रेनों में यात्रियों को मिलेगी आपातकालीन चिकित्सा सुविधा


सकलदीप राजभर

**बेल्थरारोड।** राज्यसभा के पूर्व सांसद सकलदीप राजभर की मांग पर रेल मंत्रालय ने सभी रेलवे स्टेशनों और यात्री गाड़ियों में जीवनरक्षक दवाओं, उपकरणों, आक्सीजन सिलेंडर आदि से युक्त चिकित्सा पेटी उपलब्ध कराने की स्वीकृति प्रदान की है। इस सुविधा से ट्रेनों में यात्रा के दौरान यात्रियों को आपातकालीन चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। पूर्व राज्यसभा सांसद श्री राजभर ने बताया कि 20 दिसंबर 2022 को राज्यसभा में विशेष उल्लेख के तहत सभी रेलगाड़ियों में स्ट्रेचर, व्हीलचेयर, आक्सीजन सिलेंडर आदि सुविधाओं वाली एंबुलेंस सेवा के लिए एक वातानुकूलित सवारी डिब्बे की व्यवस्था लागू करने की मांग की थी। इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय में रेलवे स्टेशनों एवं लंबी दूरी की ट्रेनों में चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने के लिए विचार-विमर्श किया गया। सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के अनुपालन में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) नई दिल्ली में एक समिति गठित की गई थी। समिति की सिफारिश के अनुसार सभी रेलवे स्टेशनों और यात्री गाड़ियों में आपातकालीन चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने को रेल मंत्रालय ने हरी झंडी दे दिया है। श्री राजभर ने बताया कि इससे मरीज यात्रियों को काफी सुविधा होगी।

# शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें निस्तारण : डीएम

निर्देश

**53 शिकायतों में से 5 का हुआ तत्काल निस्तारण, 5 टीमें मौके पर भेजी गईं**



**मऊ।** जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र के नेतृत्व में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील मधुबन में संपन्न हुआ। जनपद के अन्य तहसीलों में भी संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। ज्ञातव्य है कि महीने के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है, परंतु नवंबर महीने के प्रथम शनिवार 2 नवंबर को सार्वजनिक अवकाश होने के कारण अगले कार्य दिवस अर्थात सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील मधुबन में संपन्न संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 53 शिकायतें आईं, जिनमें से 5 शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया गया एवं 5 शिकायतों के तत्काल निस्तारण हेतु मौके पर टीमों को भेजा गया। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल प्राप्त शिकायतों में सर्वाधिक राजस्व विभाग से 44, पुलिस विभाग से 5 तथा शेष अन्य विभागों से संबंधित थे। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को जन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जन शिकायतों का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। संपूर्ण समाधान दिवस पर जन सुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक इलमारन जी, तहसीलदार मधुबन, क्षेत्राधिकारी मधुबन तथा समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी एवं अन्य संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एसडीएम ने चीनी मिल का किया निरीक्षण शुरू होने वाला है नया पेराई सत्र



**घोसी, मऊ।** चीनी मिल में आगामी पेराई सीजन की तैयारियां शुरू हो गई है। कई मिलों ने मरम्मत और रखरखाव का काम तेज कर दिया है। एसडीएम अभिषेक गोस्वामी ने घोसी चीनी मिल का निरीक्षण किया साथ ही उन्होंने मिल, मशीनरी, गन्ना पर्चियों, सप्लाई और भुगतान की जानकारी ली। उन्होंने मिल प्रबंधन को मिल की सफाई और मरम्मत के निर्देश दिए। एसडीएम अभिषेक गोस्वामी ने कहा कि पेराई शुरू होने के बाद किसानों को किसी तरह की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। उन्होंने मरम्मत कर रहे लोगों व कर्मचारियों से बात की। चीनी मिल के खराब हो चुके कलपुर्जे बदलने के निर्देश दिए। एसडीएम ने मिल हाउस, बॉयलर हाउस, पावर हाउस आदि का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि चीनी मिल पूरी क्षमता से लगातार चलनी चाहिए। एसडीएम ने गन्ने के सर्वे, गन्ना आपूर्ति, पर्चियां जारी करने, उन पर गन्ना तौलने, मिल से जुड़े किसानों व गन्ना सेंटरों की संख्या आदि के बारे में जानकारी ली। इस दौरान नायब तहसीलदार निशांत मिश्र, नायब तहसीलदार अमरनाथ यादव, कानूनगो मतीन, समेत चीनी मिल के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## भाजपा विधायक ने तमसा आरती व रोटरी दीपोत्सव का किया आगाज



**मऊ।** रोटरी क्लब मऊ की ओर से तमसा नदी को स्वच्छ बनाए रखने के उद्देश्य से श्री अमरनाथ सेवा समिति शांति कुञ्ज गायघाट स्थित महादेव मंदिर परिसर में तमसा तट पर मधुबन विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक रामविलास चैहान, नगर पालिका परिषद के सदस्य अधिकारी दिनेश यादव एवं डीएफओ प्रभाकांत पांडेय ने रोटरी दीप जलाए और जनमानस का आह्वान किया कि तमसा नदी को स्वच्छ रखें। हर व्यक्ति का दायित्व नदी एवं पोखरों को साफ और सुरक्षित रखना है, तभी हमारा जीवन सुचारू से चल सकेगा। पवित्र तमसा नदी के तट पर रविवार की शाम को रोटरी क्लब मऊ की ओर से आयोजित तमसा आरती एवं दीपोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रामविलास चैहान के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। तदोपरांत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक मधुबन रामविलास चैहान, ईओ नगर पालिका दिनेश कुमार, डीएफओ पीके पांडेय, रोटरी क्लब के अध्यक्ष प्रदीप सिंह, सचिव पुनीत श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष और कार्यक्रम के संयोजक डॉ एचएन सिंह,डॉ संजय सिंह, अजीत सिंह, पूर्व सचिव सचिंद्र सिंह एवं डॉ शशांक शेखर सिंह ने संयुक्त रूप से तमसा आरती और फिर रोटरी दीप प्रज्वलित किया। यहाँ विधायक रामविलास चैहान ने कहा कि तमसा नदी में जलधारा बढ़ाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति मिशन मंत्री से मुलाकात करके जल्दी ही पानी छुड़वाने का प्रयास करेंगे, ताकि तमसा नदी में निरंतर पानी का बहाव बना रहे, तभी हमारा जीवन सुरक्षित रह सकेगा। डॉ एचएन सिंह ने कहा कि तमसा नदी में पानी कम होने की वजह से तमाम दुश्वारियां उत्पन्न हो रही हैं। पानी नहाने लायक नहीं रह गया है। कार्यक्रम का संचालन सचिंद्र सिंह ने किया।

### पुलिस सहायता के लिए महिलाएं 1090 व 112 पर करें कॉल मिलेगी तत्काल मदद: सीओ

**बलिया।** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार व वह बलिया पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर के मार्गदर्शन में सीओ सिटी गौरव कुमार शर्मा छठ त्यौहार के दृष्टिगत अपने पूरे नगर क्षेत्र में मुस्तैदी के साथ भ्रमण कर लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील किया। श्री शर्मा ने नगर के सम्मानित नागरिकों एवं व्यापारियों से अपील किया। इस दौरान उन्होंने किसी भी तरह की पुलिस सहायता, सुझाव व शिकायत हेतु 112 पर काल करने की बात कही, जिससे कि पीड़ित व्यक्ति को तत्काल मदद मिल सके। श्री शर्मा ने कहा कि हमारी पुलिस आपकी सेवा में 24 घंटा तत्पर है। छठ के दिन सभी माताएं-बहनें पूजा करने अवश्य जाएं। कोई संकोच न करें, श्री शर्मा ने कहा कि हम माताओं-बहनों से निवेदन करते है कि घर से सोने-चांदी आदि जेवरात पहन कर पूजा स्थल न जाए, महिलाओं के विशेष सुविधा व सहायता के लिए हमारी महिला थाना प्रभारी अपनी पूरी टीम के साथ पूजा स्थल एवं अन्य स्थानों पर मौजूद रहेंगी। श्री शर्मा ने वाहन दो चक्का व चार चक्का वाहन चलाते समय हेलमेट, सीट बेल्ट के साथ वाहन को धीमी गति से चलायें साथ ही आवश्यक कागजात अपने पास रखें। इस दौरान शहर कोतवाल योगेंद्र बहादुर सिंह अपनी पूरी टीम के साथ पूरी तरह से शहर के भ्रमण में सक्रिय रूप से सुरक्षा की दृष्टिगत चुस्त एवं मुस्तैद रहे।

# पीजी कॉलेज नरहेजी ने कबड्डी में दोहरी उपाधि अपने नाम की



**बलिया।** जमुना राम महाविद्यालय, चितबड़ागांव में जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के अंतर महाविद्यालीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्रबंधक प्रो. धर्मात्मानंद एवं विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद संयोजक प्रो. फूलबदन सिंह द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद के सचिव डॉ. विवेक सिंह एवं सतीश चन्द कॉलेज बलिया के डॉ. धनंजय सिंह द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर किया गया। प्रो. फूलबदन सिंह द्वारा अपने सम्बोधन में कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है इसलिए खेल से मन मस्तिष्क एवं शरीर का विकास होता है। प्रो. धर्मात्मानन्द ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि सर्वांगीण विकास में खेल सहायक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अंगद प्रसाद गुप्ता द्वारा की गई। इस प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में कुल 7 टीमें एवं महिला वर्ग में कुल 3 टीमों ने प्रतिभाग किया। पुरुष वर्ग में नरहेजी पी०जी० कालेज, नरही, रसड़ा विजेता एवं दूजा देवी पी०जी० कालेज, सहतवार उपविजेता रहे। महिला वर्ग में नरहेजी पी० जी० कालेज, नरही रसड़ा विजेता तथा किसान पी०जी० कालेज, रक्सा रतसड़ उपविजेता रही। विजेता एवं उपविजेता टीमों को शिल्ड एवं प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता आयोजक सचिव, संचालक बृजेश गुप्ता द्वारा किया गया। मौके पर महाविद्यालय के डॉ. विनोद, डॉ. विपिन, डॉ. राकेश, डॉ. पूनम राय, डॉ. तेज प्रकाश, अवनीश, प्रीति, मंदाकिनी, विनोद, मदन, विजय शंकर तथा अन्य महाविद्यालय से आए हुए टीम मैनेजर उपस्थित रहे।

### नेहरू युवा केंद्र ने किया गंगा उत्सव 2024 का आयोजन

**बलिया।** गंगा उत्सव 2024 का आयोजन नेहरू युवा केंद्र बलिया उ.प्र. के तत्वावधान में राजकीय इंटर कॉलेज बलिया में वीके आनंद, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग बलिया एवं जिला विद्यालय निरीक्षक बलिया, देवेंद्र कुमार गुप्ता के निदेर्शानुसार संपन्न हुआ, जिसमें स्कूली बच्चों में जागरूकता के लिए विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। गंगा उत्सव में गंगा की निर्मलता, स्वच्छता पारिस्थितिकी, जैव विविधता विषयक प्रतियोगिता में पोस्टर कला, रंगोली, निबंध, प्रश्नोत्तरी, लेखन, गंगा प्रदर्शनी के साथ ही स्वच्छता शपथ दिलाया गया। यह सभी कार्यक्रम विद्यालय के कला अध्यापक डॉ. इफ़्तेखार खाँ की देख-रेख में संपन्न हुआ। सभी विधाओं में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विजेता छात्रों को मुख्य अतिथि प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग बलिया, वीके आनंद एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य शशि प्रकाश राय ने स्मृति चिन्ह, मेडल एवं शर्ट देकर सम्मानित किये। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्रवक्ता अनिमेष कुमार मिश्र, अरुल, लालजी सिंह यादव, नेहरू युवा केंद्र के गुप्तेश्वर प्रसाद, सलभ उपाध्याय, वर्धन पाठक, नितेश पाठक ने पूर्ण रूप से सहयोग किया। मौके पर विद्यालय के सभी छात्र, अध्यापक गण एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### छठ की तैयारी के लिए एसडीएम ने किया नरोखर पोखरे का निरीक्षण



**घोसी, मऊ।** छठ महापर्व को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में है। सोमवार को घोसी एसडीएम अभिषेक गोस्वामी ने नरोखर पोखरा स्थित छठ घाट का निरीक्षण किया। एसडीएम अभिषेक गोस्वामी ने नरोखर पोखरे में गंदगी को लेकर घोसी के ईओ अनिल कुमार को तत्काल प्रभाव से सफाई कराने के साथ साथ छठ घाट पर सुरक्षा व्यवस्था, पथ प्रकाश की भी निर्देश दिया। एसडीएम अभिषेक गोस्वामी ने कहा कि लोक आस्था का महान पर्व छठ के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कतों का सामना न करना पड़े इसको लेकर प्रशासन प्रतिबद्ध है। व्रतियों और उनके साथ आने वाले सहयोगियों की सुरक्षा प्रदान करने के लिए स्थानीय पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहेगी। पर्व के दौरान होने वाली स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से निपटने के लिए मेडिकल कैंप के साथ मेडिकल टीम का भी गठन कर दिया गया है। इस दौरान नायब तहसीलदार निशांत मिश्र, नायब तहसीलदार अमरनाथ यादव, कानूनगो मतीन समेत सथनीय मौजूद रहे।

### छठ घाटों का पुलिस अधीक्षक ने किया भ्रमण

**मऊ।** छठ पूजा पर्व को लेकर जनपद में शांति/सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत सोमवार को पुलिस अधीक्षक इलामारन जी द्वारा थाना मधुबन में छठ पूजा पर्व को लेकर छठ घाटों का भ्रमण कर सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। तथा शांति/सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने को लेकर संबंधित को निर्देश दिए गए अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर प्रकाश डालते हुये सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक मधुबन व अन्य पुलिस बल मौजुद रहे।

### नदियों के संरक्षण एवं स्वच्छता को लेकर किया जागरूक

मऊ। नदियों के महत्व को रेखांकित करते हुए, भारत सरकार द्वारा हर वर्ष आयोजित किए जाने वाले गंगा महोत्सव के अवसर पर जनपद में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस महोत्सव का उद्देश्य नदियों के संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना है। इस वर्ष, जिला गंगा समिति और सामाजिक वानिकी प्रभाग, मऊ के तत्वावधान में तमसा नदी के किनारे आध्यात्मिक और स्वास्तिक संस्कृत संध्या के मुख्य अतिथि मधुबन विधानसभा के विधायक राम विलास चैहान ने तमसा नदी के किनारे कार्यक्रमों का शुभारंभ किया। कार्यक्रमों की शुरूआत गंगा आरती से हुई, जिसके पश्चात हमार मऊ, हमार परिधान सांस्कृतिक मार्च, स्वच्छ नदी विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता और एक प्रेरणादायक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में डीसीएसके पीजी कॉलेज, आईटीआई मऊ, सोनी धापा और विक्ट्री इंटर कॉलेज सहित 250 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्वच्छ नदी विषय पर आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार सूरज साहनी, द्वितीय पुरस्कार निद्रा तिवारी, और तृतीय पुरस्कार शाहीना बनो को प्रदान किया गया।स्वच्छता के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए आईटीआई के प्रांगण से हमार मऊ, हमार परिधान विषय पर एक स्वच्छता रैली का आयोजन भी किया गया, जिसे प्रभागीय निदेशक पीके पाण्डेय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के बाद डीसीएसके पीजी कॉलेज के सभागार में काव्य गोष्ठी और समापन समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डीसीएसके पीजी कालेज के उप प्राचार्य प्रो. चंद्र प्रकाश राय उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के रूप में रवी मोहन कटिहार उप प्रभागीय वन अधिकारी, डॉ. विशाल जायसवाल कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ. सूर्य भूषण द्विवेदी और वीणा गुप्ता ने भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. हेमंत यादव जिला परियोजना अधिकारी एवं धन्यवाद ज्ञापन सुधीर कनौजिया ने किया।

### मेले में परिवार के साथ पहुंच रहे लोग

**बलिया।** सतीश चंद्र कालेज के मैदान में लगा विशाल मेला, जिसमें नगरवासी अपने परिवार के साथ पहुंच रहे है और मेला में लगे विभिन्न प्रकार के दुकानों का अवलोकन कर रहे है। मेला में खान-पान से लगायत बच्चों के लिये भरपूर मनोरंजन के संसाधन जैसे झूला, चरखी लगा हुआ है। विभिन्न जगहों से आये दुकानदारों ने अलग-अलग दुकान लगाया है।

### प्रथम पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि



**रसड़ा (बलिया)।** विकासखंड के पकवाइनार नरनी गांव में सोमवार को समाजवादी पार्टी के लोकगीत गायक के जिलाध्यक्ष मनोज सिंह की माता की प्रथम पुण्यतिथि पर घोसी लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ. राजीव राय ने तैल चित्र पर माल्यार्पण कर इनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। इस दौरान उन्होंने कहा समाजवादी पार्टी के लोकगीत गायक के जिलाध्यक्ष मनोज सिंह की माता दुनिया में तो नहीं रही, लेकिन मां की जगह कोई नहीं भर सकता। इस दौरान रविंद्र यादव, विजय शंकर यादव, शशिकांत यादव, तौकीर अहमद, संजय यादव, विश्वजीत यादव, बबलू अंसारी, वीरेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

### गाजियाबाद लाठी चार्ज के विरुद्ध कार्य ठप कर विरोध दिवस मनाया अधिवक्ताओं ने

बलिया। गाजियाबाद जनपद के अधिवक्ताओं पर पुलिस द्वारा बर्बरता पूर्वक लाठी मारकर कई अधिवक्ताओं को लहू लुहान करने के विरोध में बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश प्रयागराज के आह्वान पर सिविल कलेक्ट्रेट व क्रिमिनल बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने सोमवार को न्यायिक कार्य से विरत रहते हुए विरोध दिवस मनाया और पुलिस के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की साथ ही गाजियाबाद पुलिस के कृतियों को शर्मनाक बताया, जिसमें बार एसोसिएशन की अध्यक्ष गण रणजीत सिंह, सुरेंद्र कुमार तिवारी, देवेंद्र नाथ मिश्रा, कौशल कुमार सिंह, सुभाष चंद्र श्रीवास्तव, शेषनाग तिवारी, जेपी सिंह, मनोज राय, अखिलेश सिंह, मिथिलेश कुमार सिंह आदि वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ता शामिल रहे, जिसका संचालन राम विचार यादव महासचिव ने किया।

### अधिवक्ता बार एसोसिएशन ने किया बैठक का आयोजन

**रसड़ा (बलिया)।** सिविल कोर्ट के प्रांगण में सोमवार को सिविल कोर्ट अधिवक्ता बार एसोसिएशन की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में 29 अक्टूबर के दौरान गाजियाबाद में जिला जज के निर्देश पर अधिवक्ताओं पर बर्बरता पूर्ण लाठी चार्ज की घटना को लेकर सिविल कोर्ट के अधिवक्ताओं ने कार्य से विरत रहे। इस दौरान कार्यालय के तहसील मुख्यालय पर बैठक हुई। बैठक में अधिवक्ताओं ने मांग किया कि ऐसी घटना पुनः न किया जाए और जिला जज और पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए। इस दौरान इंद्रदेव यादव, रामशब्द यादव, द्वारिका सिंह, पंकज दुबे, महेंद्र सिंह, कमलेश तिवारी, सुशील सिंह, इंद्रजीत तिवारी, प्रेम प्रकाश सिंह, दीपक दुबे, बलवंत चौहान, राणा प्रताप सिंह, अशोक सिंह, बैठक संचालन बृजबिहार सिंह ने किया।

# गुरुकुल विद्यापीठ गड़वार ने जीती चैंपियनशिप




**बलिया।** स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन आफ बलिया के तत्वावधान में सब जूनियर डिस्ट्रिक्ट कराटे चैंपियनशिप-2024 का आयोजन वीर लोरिक स्पोर्ट्स स्टेडियम बलिया में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ जनपद न्यायाधीश अमित पाल सिंह ने किया। कहा कि जनपद में इतने सारे कराटे प्रशिक्षुओं और प्रशिक्षकों को अनुशासित ढंग से एक साथ देखना ही एक अलग उत्साह एवं रोमांच का आभास कराता है।

प्रतियोगिता में कुल 60 स्वर्ण पदक के लिए जनपद के विभिन्न क्षेत्रों और स्कूलों के कुल 196 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में शामिल वारेन्या इंटरनेशन स्कूल दुबहड़, गुरुकुल विद्यापीठ स्कूल गड़वार, सिटी कान्वेंट स्कूल सहतवार, आरके मिशन स्कूल सागरपाली, सनबीम स्कूल अगरसंडा, सीक्रेट हार्ट स्कूल के अलावा बेल्थरारोड के कई स्कूलों के खिलाड़ियों ने अपने खेल का शानदार प्रदर्शन करते हुए पदकों पर कब्जा जमाया।

जिला जू. कराटे

**अतिथियों ने विजेता एवं उप विजेता टीम को किया पुरस्कृत**

प्रतियोगिता में 21 पदकों के साथ ओवर आल चैंपियन गुरुकुल विद्यापीठ गड़वार विजेता एवं 19 पदकों के साथ सिटी कान्वेंट स्कूल सहतवार उप विजेता रहा। प्रतियोगिता में स्वर्ण एवं रजत पदक हासिल खिलाड़ी ही लखनऊ में आयोजित राज्यस्तरीय सब जूनियर कराटे प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि आरके मिशन स्कूल के प्रबंधक हर्ष श्रीवास्तव, जीवन प्रदाता फाउंडेशन के अध्यक्ष हर्षित कुमार, डा. रितेश सोनी एवं एसोसिएशन के अध्यक्ष बालकृष्ण मूर्ति ने विजेता तथा उप विजेता टीम को पुरस्कृत किया।

### विजेता खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

**बलिया।** इस अवसर पर व्यापारी नेता राम प्रसाद जायसवाल, जीवन प्रदाता के उपाध्यक्ष अनिल सिंह, गुरुकुल के प्राध्यापक ज्योत्सना तिवारी, जिला ओलम्पिक संघ के सचिव धीरेन्द्र शुक्ला, गोमती सिटी लखनऊके निदेशक आरजू सिंह, संजीव यादव, सुरेन्द्र गुप्ता, संतोष वर्मा, शैलेश प्रसाद, अजय वर्मा, रामजी, घनश्याम गुप्ता एवं राकेश आदि ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कोच के रूप में सुमित पाठक, कमल यादव, संजय चौरसिया, दीपाली राय मौजूद रहे। निर्णायक की भूमिका वाराणसी से आमंत्रित विकास सोनकर, मोनिका कुमारी, अपर्णा सिंह, विकास पटेल, मुकेश कुमार, लाल बाबू रावत, नकुल रावत, आरिफ हुसैन ने निभायी। संचालन एसोसिएशन के अध्यक्ष बाल कृष्ण मूर्ति और धन्यवाद ज्ञापन सुमित झा एवं सुशील उपध्याय ने किया।

# तापमान में गिरावट से बीमार हो रहे लोग

**बैरिया।** न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट से सुबह-शाम एवं रात को ठंड का एहसास हो रहा है। भोर में कोहरा भी पड़ रहा है। हालांकि दिन में अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस रहने से घरों से लोग निकलते समय लापरवाही बरत रहे हैं, जो शाम को घर लौटते समय भारी पड़ रहा है। इसके चलते इन दिनों सर्दी, जुकाम एवं बुखार के मरीज बढ़ गए हैं। सोमवार को न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस दर्ज रहा। अधिकतम और न्यूनतम तापमान में अंतर होने के कारण लोग इस मौसम को हल्के में ले रहे हैं। बिना ऊनी कपड़ों के घर से निकलने पर शाम को पांच बजे के बाद मौसम में सिहरन महसूस होने के चलते शाम को घर वापसी के समय ठंड का एहसास हो रहा है। चिकित्सकों ने ऐसे मौसम में विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोटवा के चिकित्साधिकारी डा. मनोज उपाध्याय ने बताया कि बुखार, जुकाम, गले में खरास, मांसपेशियों में दर्द के मरीज अस्पताल में आ रहे हैं। मरीजों को मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए चिकित्सक परामर्श और दवा के साथ-साथ सुबह-शाम फुल बाजू के कपड़े पहनने की सलाह दे रहे हैं। दवा से ज्यादा सावधानी एवं बचाव कारगर है। सुबह-शाम घर से बाहर निकलने पर मोटे कपड़े पहने। ठंडे पानी का सेवन बंद करने का प्रयास करे। उबला हुआ गुनगुना पानी पिए। इससे मांसपेशियों के दर्द में लाभ होगा। पंखा चलाकर न सोयें। बच्चों को लेकर विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। यदि बच्चों का बुखार तीन-चार दिनों में नहीं छोड़ रहा है तो उन्हें सरकारी अस्पताल में ले जाकर डाक्टर से दिखाएं। तेज बुखार के साथ शरीर का टूटना, काफी दिनों तक बुखार रहना टाइफाइड और डेंगू के लक्षण है। इसमें विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है।

# पशु मेला में पहुंचे यूपी-बिहार के व्यापारी



नंदी ग्राम पशु मेले में पहुंचे घोड़ा एवं खच्चर

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** ऐतिहासिक ददरी मेला अंतर्गत लगने वाले नंदी ग्राम पशु मेला शुरू हो चुका है। दूर-दराज के पशुपालक अपने-अपने पशुओं को लेकर मेले में आने लगे है। नंदी ग्राम में एक से बढ़कर एक घोड़ों की आवक से पशु मेला गुलजार होने लगा है। गोरखपुर से 10 लाख तक के चेतक राकेट और बादल लाये गये है। पशुओं के सजावट की सामग्री के साथ ही अन्य सामानों की दुकानें सज गयी है।

पशु मेला

**एक से बढ़कर एक घोड़ों की आवक से बढ़ी चहल-पहल**

हालांकि नंदी ग्राम पशु मेले में पंजाब, हरियाणा के साथ ही पश्चिमी उप्र से मवेशियों के आवक का इंतजार है। मेले में रेस के घोड़े के साथ ही खच्चर, तांगा में चलने वाले छोटे घोड़े आदि के पहुंचने से मेला क्षेत्र गुलजार हो रहा है।

### छठ बाद व्यापारियों के आने की उम्मीद

**बलिया।** पशु मेला में व्यापारियों के लिये टेंट, तंबू लगाने के साथ ही पीने के पानी के लिये हैंडपंप आदि लगाये जा रहे है। मवेशियों के चारा एवं उनकी सजावट आदि की दुकानें भी सजने लगी है। लोगों का कहना है कि मेले में बड़ी संख्या में बिहार से पशु व्यापारी आते है। माना जा रहा है कि छठ पूजा के बाद उनके आने से पशु मेला में चहल-पहल बढ़ेगी। फिलहाल मेला में घोड़ा एवं खच्चर आये हुए है। गाय, भैंस एवं अन्य मवेशियों की संख्या कम है।

### पशुओं के जांच का प्रमाण पत्र लेकर आये व्यापारी

**बलिया।** ऐतिहासिक ददरी मेला के चौकी प्रभारी अमरजीत यादव ने बताया कि जो भी पशुपालक एवं व्यापारी अपने पशुओं को अन्य जिलों से ददरी मेले में लेकर आ रहे है, वह अपने जिले के पशु चिकित्सालय में अपने पशुओं की जांच करवाने के बाद वहां से प्रमाण पत्र लेकर ही आयें, ताकि रास्ते में कोई समस्या न हो।

# वरिष्ठ अधिवक्ता की द्वितीय पुण्य तिथि पर श्रद्धापूर्वक दी गई श्रद्धांजलि



**बलिया।** सिविल बार एसोसिएशन के सभागार में सोमवार को वरिष्ठ अधिवक्ता स्व. हृदयानंद पांडे की द्वितीय पुण्य तिथि पर श्रद्धा पूर्वक श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।

वरिष्ठ अधिवक्ता बृजेश कुमार सिंह (पूर्व डीजी सी सिविल) विनोद प्रताप सिंह (पूर्व अध्यक्ष सिविल बार) सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार तिवारी आदि वरिष्ठ अधिवक्ताओं के संयोजन में संपन्न हुआ। साथ ही स्व. पाण्डेय जी के कृत्यों एवं व्यक्तित्वों को स्मरण करते हुए उन्हें साफ छवि और अपने कार्यों के प्रति उदार तथा ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करने वाले बताया गया।

साथ ही उनके शिष्य दीपक कुमार पांडेय को गुरु शिष्य के परंपरा को कायम रखने पर वरिष्ठ अधिवक्ता गण तथा उनके पुत्र सिद्धार्थ कुमार श्रद्धांजलि सभा संपन्न होने पर सभी को आभार जताया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मणिन्द्र नाथ राय, विद्या सागर मिश्रा, रामाशंकर पांडे, रणजीत सिंह के अलावा वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ता सम्मिलित रहे।

# माता-पिता की सेवा करना सच्चे सपूत का काम

बोले मुक्तेश्वर सिंह

**कवलवासो देवी की पुण्यतिथि पर जरूरतमंदों को ओढ़ाया कंबल**

**बैरिया।** माता-पिता की सेवा करना और उनके आदर्शों पर चलना ही सच्चे सपूत का काम है। इसको चरितार्थ कर रहे हैं पंडित मोहन चंद उपाध्याय, जिससे प्रेरणा लेकर हर पुत्र को ऐसा कार्य करना चाहिए।

उक्त बातें भाजपा के वरिष्ठ नेता मुक्तेश्वर सिंह ने रविवार की देर शाम अखंड भारत निर्माण मिशन रामनगर के परिसर में माता कवलवासो देवी की 15वीं पुण्यतिथि पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए व्यक्त किया। कहा कि माता-पिता को याद करते हुए उनके जीवन काल में उनकी सेवा करना हर पुत्र का धर्म होता है। ऐसा करने वाले पुत्र का समाज में यश गान होता है। उनसे देव भी प्रसन्न रहते है। समारोह में 1000 जरूरतमंदों में कंबल वितरण किया गया। सुंदरकांड का पाठ के अलावा वैदिक मंत्रोचार के बीच माता कवलवासो देवी की प्रतिमा पर पूजन अर्चन के बाद पुष्प अर्पित किया गया। तत्पश्चात प्रसाद वितरण हुआ। लोकगीत गायक मनोज यादव एवं प्रिंस पंडित भोलू ने कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस अवसर पर राहुल उपाध्याय, राघव उपाध्याय, रौनक उपाध्याय, रोहित उपाध्याय, विजय बहादुर सिंह, जिला पंचायत सदस्य विनोद यादव, मुटन राय, श्यामू ठाकुर, मदन सिंह, दिलीप गुप्ता, पंडित मतलेश्वर पांडेय, कैलाश मिश्रा, वशिष्ठ मिश्र, चंदन मिश्रा, सुधीर पांडेय, मनोज पांडेय, उमाशंकर यादव आदि मौजूद रहे। संचालन अमिताभ उपाध्याय ने किया। अंत में अखंड भारत निर्माण मिशन के संस्थापक पंडित मोहन चंद उपाध्याय एवं संस्थापिका आभा उपाध्याय ने आगन्तुकों के प्रति आभार प्रकट किया।



कवलवासो देवी की प्रतिमा के समक्ष मंत्रोच्चार के बीच पूजन-अर्चन करते लोग

# लोकआस्था के महापर्व छठ का आज से आगमन

## विशेष प्रकार की साड़ियों की है डिमांड, व्रती रखतीं हैं 36 घंटे का व्रत




जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** दीवाली खत्म होते ही हर श्रद्धालुओं को इंतजार रहता है अपने महापर्व के आने का। हिंदू धर्म और खास करके पूर्वांचल का अहम पर्व छठ पूजा आने वाला है। इसे छठ पर्व, छठ या षष्ठी पूजा भी कहा जाता है। यह पर्व कार्तिक महीने के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन सूर्य देव की पूजा की जाती है। सूर्योपासना का यह सुनपम लोकपर्व मुख्य रूप से बिहार, झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल और नेपाल के तराई क्षेत्र समेत देश के कई शहरों में मनाया जाता है। कहा जाता है कि यह पर्व मैथिल, मगही और भोजपुरी लोगों की संस्कृति है। यह पर्व बिहार के वैदिक आर्य संस्कृति की झलक दिखाता है। यह ऋग्वेद में वर्णित सूर्य पूजन एवं उषा पूजन तथा आर्य परंपरा के अनुसार मनाया जाता है। ऐसा माना जाता है कि इस पर्व की शुरुआत ऐतिहासिक रूप से मुगेर से हुई। ऐसा माना जाता है कि माता सीता ने मुगेर में छठ पर्व मनाया था। इसके बाद ही इस महापर्व की शुरुआत हुई। यह पर्व वर्ष में दो बार मनाया जाता है, पहली बार चैत्र और दूसरी बार कार्तिक में। छठ पर्व पारिवारिक सुख- समृद्धि तथा मनोवांछित फल प्राप्ति के लिए मनाया जाता है। यह व्रत तीन दिनों का होता है और चौथे दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देकर पारण के साथ इसका समापन होता है। चार दिवसीय पर्व की शुरुआत पहले दिन नहाय-खाय को सेन्धा नमक, घी से बना हुआ अरवा चावल और कद्दू की सब्जी के प्रसाद के साथ होती है। अगले दिन खरना में व्रति दिनभर उपवास रख शाम में खीर बनाकर पूजा के बाद प्रसाद ग्रहण करते हैं। तीसरे दिन डूबते सूर्य को अर्घ्य और अगले दिन उगते सूर्य को अर्घ्य चढ़ाकर व्रत सम्पन्न करते हैं। आम पर्वों की तुलना छठ पूजा में पवित्रता का विशेष ध्यान रखा जाता है। फुल्लनपुर की मंजू शर्मा ने बताया कि वे पिछले 23 सालों से यह पर्व करती आ रही हैं और पहले के छठ पूजा से अभी के छठ पूजा में काफी बदलाव दिखता है।

उन्होंने छठ माई से मन्नत मांगा था और छठी मैया ने उसे पूरा किया तब से लेकर आजतक ये इस पर्व को करती आ रही हैं। उन्होंने कहा कि पहले फैशन नहीं श्रद्धा और, समर्पण के साथ पर्व को मनाया जाता था और अब तो कुछ लोगों ने इसे खेल समझ लिया है। पहले साड़ी और धोती पहनकर पवित्रता से व्रती इस व्रत को करती थीं और अब तो साड़ी, गहने, मेकअप और मेहंदी जो कि पहले सही नहीं माना जाता था अब वह सब चलता है। पहले घरों पर भी पोखर खनवाये जाते थे या घाटों पर जाने के लिए घर से पहले ही निकलते थे क्योंकि उस वक्त गाड़ियों की उतनी सुविधा नहीं थी। अब तो भीड़ से बचने के लिए आधी आबादी घर के छतों पर ही छठ कर रही है, फिर भी घाटों पर भीड़ की कमी नहीं दिखती। पीरनगर की रिंकु शर्मा ने कहा कि 'छठ का पर्व मेरे लिए काफी ज्यादा महत्व रखता है क्योंकि छठी मईया ने ही मेरी गोद बेटे से भरी थी। इसी मन्नत को पूरा करने के लिए मैंने छठ पर्व उठाया और जीवन भर करूंगी।

## छठ को लेकर डीएम-एसपी ने किया गंगा घाटों का निरीक्षण

**गाजीपुर।** डाला छठ त्यौहार को देखते हुए जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक डा. ईरज राजा ने सोमवार को जनपद के विभिन्न घाटों का स्थलीय निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।जिलाधिकारी ने शहर के ददरी घाट, चीतनाथ घाट, कलेक्ट्र घाट, सिकन्दरपुर घाट, छोटा महादेव मन्दिर छोटा महादेवा, पत्थर घाट, पवहारी बाबा आश्रम घाट,घाटो का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बड़ा महादेवा, छोटा महादेवा, पत्थर घाट एवं बारह बंगला घाट पर अत्यधिक पानी व गहराई होने के कारण इन चारो घाटो पर लोगो को जाने के लिए प्रतिबन्धित किया है। उन्होंने अपील किया है कि इन घाटो पर छठ पूजा अर्चन करने वाली व्रती महिलाए पवहारी बाबा घाट कुर्था या सिकन्दरपुर घाट या अन्य किसी घाट पर जाकर पूजा पाठ कर सकती है। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद को घाटों पर साफ-सफाई, बैरिकेटिंग व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, घाटो पर नावो तथा उस पर तैनात गोताखोरो की व्यवस्था, साथ ही घाटो पर लगाये गये नाविको एवं गोताखोरो का पहचान पत्र जारी करने का निर्देश दिया। उन्होंने घाटो पर अस्थायी कपड़ा चेन्जिग रूम तथा घाटों पर जाने वाली सड़को को गड्ढा मुक्त करने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि घाटो पर किसी प्रकार की दुकाने न लगाई जाये जिससे भीड़-भाड़ होने की सम्भावना हो। उन्होंने चिकित्सा विभाग को जनपद के प्रमुख घाटो पर एम्बुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने ऐसे घाट जहां भीड-भाड़ अधिक होती है ऐसे प्रत्येक प्रमुख घाट पर कन्ट्रोल रूम/खोया/पाया केन्द्र बनाते हुए कर्मचारी तैनात करने का भी निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने जनपदवासियो से अपील की है कि त्यौहार को शान्तिपूर्ण ढंग से मनाया जाय, प्रतिबन्धित घाटो एवं गहरे पानी मे पर न जाये, घाटो पर कम से कम भीड़ की जाये। इसके साथ ही सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस फोर्स के साथ महिला आरक्षियों की व्यवस्था करने का निर्देश दिया मौके पर अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 दिनेश कुमार, एस0पी0सिटी ज्ञानेन्द्र, उप जिलाधिकारी सदर प्रखर उत्तम, क्षेत्राधिकारी सदर, तहसीलदार सदर, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, नगर पालिका अध्यक्ष सरिता अग्रवाल, एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## ग्रामीणों ने पोखरी की कराई साफ-सफाई

**बिरनो।** स्थानीय ब्लॉक इच्छावर महादेव मंदिर के पास में स्थित पोखरे पर छठ घाट पर अभी तक भारी गंदगी पसरी पड़ी है। लिहाजा छठ व्रतियों को भगवान भास्कर को अर्घ्य देने में परेशानी हो सकती है। अभी तक सरकारी स्तर पर इस छठ घाट की साफ सफाई किए जाने को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया हालकी भड़सर गांव के रोहित सिंह रानू के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीणों ने अपने स्तर पर पहल कर दिए और पोखरे की साफ सफाई कर शुरू कर दिया है। पहले भी सरकारी स्तर से लापरवाही बरतने और इस छठ घाट की अनदेखी करने के कारण स्वयंसेवियों द्वारा तथा ग्रामीण स्तर पर ही छठ घाट की साफ सफाई की जा रही है। इस वर्ष भी अभी तक किसी भी अस्तर पर छठ घाट की सफाई शुरू नहीं होती कि इसको लेकर स्थानीय लोगों में निराश दिख रही है। ग्रामीणों द्वारा आपसी सहयोग से छठ घाट की साफ सफाई लाइटिंग सुरक्षा व्यवस्था आदि करने की स्थिति बन रही है। इस मौके पर रोहित सिंह रानू, अरविंद पटेल ,आशुतोष उर्फ पप्पू गुप्ता, छोटे जायसवाल, सुनील यादव, धनंजय सिंह, राजेश यादव ,सूरज पटेल, अनिल पटेल, गोलू सिंह, रामरतन राजभर, आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

### समाजसेवी रामअधार भगत की मनी पुण्यतिथि

**मनिहारी।** श्रीमहादेव महंत जयराम यति इंटर कॉलेज प्रबंधक रामाधार भगत की पुण्यतिथि रविवार को सिद्धपीठ औड़ारी मठ इंटर कालेज के प्रांगण में मनाई गई। उनकी स्मृति में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में स्वामी ब्रह्मानन्द पब्लिक स्कूल से काजल पाल कक्षा 5 प्रथम,सौरभ यादव कक्षा 7 द्वितीय, तथा रिशु कुमार कक्षा 8 तृतीय स्थान पर रहे। वहीं, श्री महादेव जी महंत जयराम यति इंटर कॉलेज औड़ारी के रेनू यादव कक्षा 11 प्रथम, समीक्षा भारतीय कक्षा 11 द्वितीय, पुष्पा प्रजापति कक्षा 10 तृतीय स्थान प्राप्त किए। सफल प्रतिभागियों को आयोजकों द्वारा स्मृति चिह्न एवं चांदी का सिक्का पुरस्कार स्वरूप देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में कुल 350 से अधिक विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया था। इस अवसर पर विधायक डा. वीरेंद्र यादव, पूर्व मंत्री डॉ. रमाशंकर राजभर, जनार्दन राम, डॉ.एम खालिद, रामाश्रय सिंह प्रधान, विमला मौर्या, अर्जुन, मुद्रिका, सीमा यादव, रिशभ देव, नरेंद्र सिंह, योगेश, सुरेन्द्र, डॉ. प्रदीप आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता पूर्व प्रमुख विजय सिंह यादव व संचालन सुभाष सिंह यादव ने किया। आभार पूर्व जिला पंचायत सदस्य रमेश यादव ने प्रकट किया।

# गंगा में कूदी किशोरी की तलाश में एनडीआरएफ



गंगा में डूबी किशोरी की तलाश करती एसडीआरएफ की यूनिट

**रेवतीपुर।** सुहवल थाना क्षेत्र अंतर्गत गंगा नदी पर स्थित हमीद सेतु से बीते शनिवार की भोर में गंगा में कूदी 16 वर्षीय किशोरी की तलाश पुलिस अधीक्षक डाक्टर इरज राजा के निर्देश पर घटना के तीसरे दिन सोमवार से वाराणसी एसडीआरएफ (राज्य आपदा मोचन दल) की एक कंपनी के गोताखोरों ने नदी में किशोरी की तलाश में रेस्क्यू अभियान शुरू कर दिया। जिसकी तलाश में शुरू किया गया यह पूरा रेस्क्यू अभियान एसडीआरएफ के टीम प्रभारी उपनिरीक्षक ऋषभ गौतम के नेतृत्व चलाया जा रहा है, इस रेस्क्यू अभियान के पल पल की रिपोर्ट वह उच्चाधिकारियों को दे रहे है, मगर अभी तक एसडीआरएफ को सफलता नहीं मिल सकी है। एसडीआरएफ वाराणसी के गोताखोर अभी तक गंगा नदी में करीब 15 किमी तक रेस्क्यू कर चुके है,इस पूरे अभियान के लिए टीम के ग्यारह सदस्य लगाए गये है। घटना के बाद से ही पीड़ित परिजन पूरी तरह से बदहवाश है, मालूम हो कि बीते दो नवम्बर शनिवार के दिन भोर में करीब चार बजे सुहवल गाँव निवासी एवं पंचायत विभाग में सफाई कर्मी संत कुमार की बड़ी पुत्री रोशनी उम्र करीब सोलह वर्ष हमीद सेतु के पटरियों पर मोबाइल, दुपट्टा,चप्पल रख नदी में छलांग लगा दी थी।इस घटना की सूचना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया था,जबकि पुलिस ने परिजनों के सूचना के बाद अपने स्तर से भी उसकी तलाश किया था,मगर उसका कुछ पता नहीं चल सका था, वहीं परिजन अपने जिगर के टुकडे की तलाश में अपने स्तर से भी लगे हुए है। एसडीआरएफ के टीम प्रभारी उपनिरीक्षक ऋषभ गौतम ने बताया कि टीम के ग्यारह सदस्यों के द्वारा लापता किशोरी की नदी में तलाश की जा रही है, जल्द ही सफलता मिलने की उम्मीद है। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि सेतु से नदी में कूदी किशोरी की तलाश में एसडीआरएफ रेस्क्यू में जुटी है,बताया कि अभी तक सफलता नहीं मिल सकी है।

## रंजिश के चलते युवक से चार लोगों ने की मारपीट

**गहमर।** पकड़ीतर बाजार गहमर में रविवार की देर शाम को पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट हो गई। इसमें एक युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल के पिता की तहरीर पर चार लोगों पर नामजद मुकदमा दर्जकर घायल को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदौरा में भर्ती कराया जहां घायल की स्थिति गंभीर होने पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अजय कुमार सिंह उर्फ गुड्डू निवासी गांव गहमर पट्टी खेमनराय ने बताया कि मेरा लड़का आलोक सिंह छठ पूजा की खरीददारी के लिए स्थानीय गांव के पकड़ीतर बाजार गया हुआ था। इसी दौरान पुरानी रंजिश के चलते मेरे ही गांव के पकडीतर निवासी अनित सिंह पुत्र राहुल सिंह, आदित्य सिंह, कृष्णा व उजाला सिंह उर्फ चाहत पुत्र रामेश्वर सिंह आकर घेर लिया और गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडे, हाकी, लोहे की सरिया व लात-घूंसे से मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। उसकी चीख-पुकार सुनकर बाजार में मौजूद आस-पास के लोग पहुंच गए और बीच-बचाव कर उसकी जान बचाई लोगों का दबाव बढ़ता देख सभी लोग जान-माल की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। किसी ने इसकी सूचना परिजनों सहित डायल 112 को दिया। सूचना मिलते ही परिजन सहित पुलिस भी घटना स्थल पर पहुंच गई। पुलिस ने परिजनों की सहायता से घायल युवक को एंबुलेंस की मदद से समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां युवक का गहन चिकित्सा कक्ष में इलाज चल रहा है। प्रभारी निरीक्षक राम सजन नागर ने बताया कि तहरीर पर बीएनएस की विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्जकर विवेचना किया जा रहा है।

# संपूर्ण समाधान दिवस से गायब अधीशासी अभियंता का रोका वेतन



जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील जखनियां में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक डा. ईरज राजा की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। जिसमें 99 शिकायत प्राप्त हुए और मौके पर 05 का निस्तारण किया गया। जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु सातों तहसीलों की सूचना के अनुसार सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 269 शिकायत प्राप्त हुए जिसमें मौके पर 22 शिकायत पत्रों का निस्तारण किया गया। इसी क्रम में तहसील कासिमाबाद में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 34 शिकायत प्राप्त हुए जिसमें 02 का मौके पर निस्तारण किया। तहसील जमानियॉ में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 40 शिकायत प्राप्त हुए जिसमें से 04 का मौके पर निस्तारण किया गया। सदर तहसील में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 16 शिकायत प्राप्त हुए जिसमें मौके 00 का निस्तारण किया गया। तहसील मुहमम्दाबाद में अपर जिलाधिकारी वि/रा की अध्यक्षता में 32 शिकायत प्राप्त हुए जिसमें से 05 का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील सेवराई में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 19 शिकायत प्राप्त हुए जिसमें से मौके पर 02 का निस्तारण किया गया एवं तहसील सैदपुर में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 29 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त 04 का मौके पर निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण के अनुपस्थित रहने पर वेतन रोकने एवं स्पष्टीकरण तथा खुदाबक्सपुर गॉव के लेखपाल राकेश यादव के राजस्व कार्य मे शिथिलता एवं लापरवाही पाये जाने पर स्पष्टीकरण का निर्देश दिया। उन्होंने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायत/प्रार्थना पत्रो का सम्बन्धित अधिकारियों को अविलम्ब मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करते हुए निस्तारण करने का निर्देश दिया। उन्होने आई जी आर एस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतो को निर्धारित दिवसो में शत-प्रतिशत निस्तारण करने का निर्देश दिया। उन्होने कहा इसकी समीक्षा सीधे शासन स्तर से लगातार होती है इसमे लापरवाही पर सम्बन्धित अधिकारी स्वयं जिम्मेदार होगे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य, मुख्य चिकित्साधिकारी एस.के पाण्डेय, जिला विकास अधिकारी सुभाष चन्द्र सरोज, परियोजना निदेशक राजेश यादव, उप जिलाधिकारी रवीश कुमार गुप्ता, तहसीलदार जखनियां, एवं समस्त जनपदस्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**ऐक्शन**

**सात तहसीलों में कुल 269 शिकायत, 22 का मौके पर निस्तारण**

### अधिवक्ताओं ने जज के खिलाफ सौंपा पत्रक

**कासिमाबाद।** कासिमाबाद तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय तिवारी व महासचिव नील गगन के संचालन में सोमवार को बैठक आयोजित की गई। जिसमें गाजियाबाद में जिला न्यायालय में जिला जज द्वारा अधिवक्ताओं के ऊपर पुलिस बल के द्वारा बर्बरता पूर्वक लाठी चार्ज करने से जिसमें अधिवक्ता गण लहूलुहान हुए हैं। जिसकी घोर निंदा करते हुए अधिवक्तागण में आक्रोश व्याप्त है ।इस दौरान तहसील बार एसोसिएशन के तहसील अध्यक्ष संजय तिवारी के नेतृत्व में सभी अधिवक्ताओं ने चार सूत्री मांग का पत्र कासिमाबाद एसडीएम आशुतोष कुमार को सौंपते हुए कहा कि घायल अधिवक्ताओं को इलाज के लिए दो लाख रुपए की सहायता प्रदान की जाए। दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ जांच करा कर कानूनी कार्रवाई हो। प्रदेश में अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाए तथा जिला जज के खिलाफ जांच कमेटी गठित कर विधि कार्रवाई होनी चाहिए। उक्त मांग को लेकर सभी अधिवक्तागण पूरे दिन न्यायिक कार्यों विरत रहे। मौके पर दानिश सिद्दीकी, राकेश, इंद्रजीत राजभर, दामोदर, नागेंद्र, अफजाल अहमद, शेषनाथ, राजकुमार, रामनरेश, विनय, धर्मेंद्र चौरसिया एड, चंद्रशेखर सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

# खाली रहीं कुर्सियां, भाषण में कृषि मेला निपटाया



भदौरा ब्लॉक में किसान गोष्ठी के दौरान खाली कुर्सियां।



चंद किसानों को संबोधित करते अधिकारी।

**सेवराई।** सरकार के महात्वाकांक्षी योजनाओं का विभागीय अधिकारी पलीता लगाने से बाज नहीं आ रहे हैं। सरकार की लाख सख्ती के बावजूद विभाग अपने हिसाब से चला रहे हैं। योजनाओं की कागजी खानापूर्ति कर सरकार को गुमराह कर रहे हैं। बानगी के तौर पर सोमवार को विकास खंड भदौरा में कृषि निवेश मेला व गोष्ठी का आयोजन किया गया था। जिसमें किसानों के लिए विभाग ने 125 कुर्सी लगाई थी, लेकिन अधिकतर कुर्सियां खाली रही। सवाल उठता है कि ऐसे गोष्ठी से कितने किसान लाभान्वित हो पायेंगे और इससे किसानों को कितना लाभ होगा। हालांकि, कृषि विभाग के आत्मा योजना सहित अन्य महत्वपूर्ण योजना में भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। कृषि फार्म स्कूल से लेकर खाद के दुकान लाइसेंस देने में बड़ा खेल हो रहा है। इसी प्रकार कृषि मेला में भी सरकार की धनराशि का बंदरबाट हो रहा है।भदौरा ब्लाक मुख्यालय पर आयोजित कृषि निवेश मेला व गोष्ठी के दौरान करीब बारह बजे के बाद भी जब कार्यक्रम शुरू किया गया तो आधी से अधिक कुर्सियां खाली पड़ी हुई थी।

कृषि वैज्ञानिक किसानों को योजनाओं और खेती के आधुनिक तरीके बता रहे थे। जब इस बारे में किसानों से जानने का प्रयास किया गया तो सेवराई गांव के किसान संजय सिंह, अनील सिंह, आलोक रंजन सिंह, किसान नेता भानुप्रताप सिंह, अभिमन्यु सिंह, अरविंद सिंह आदि किसानों ने बताया कि गांव में किसानों को कृषि निवेश मेला व गोष्ठी का कभी भी जानकारी तक नहीं दिया जाता है । बिना प्रचार-प्रसार कराये ही अक्सर कृषि विभाग चुनिंदा लोगों को सूचित कर कार्यक्रम का कोरम पूरा कर लेता है। इस अवसर पर एटीएम वीरेंद्र प्रताप सिंह, कृषि वैज्ञानिक डा.एनपी सिंह, प्रसार अधिकारी सचिन मिश्रा, तकनीकी पारस, रविशंकर उपाध्याय, रविंद्र सिंह, सच्चिदानंद पांडेय, श्यामसुंदर, संतोष राय, हरिशंकर, कमलेश आदि लोग शामिल रहे।

सरकार द्वारा किसानों को जागरूक करने के लिए कृषि निवेश मेला व गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। विभागीय अधिकारी अपनी नाकामी छुपाने के लिए पचास-सौ कुर्सी लगाकर कृषि मेले में कुछ चुनिंदा किसानों और ब्लाक पर अन्य कार्यो से आए लोगों का एक साथ फोटो खीचवाकर अपना कार्य कर लेते हैं। इसके अलावा कुछ लोगों को लंच का पैकेट देकर अपना काम पूरा कर लेते हैं।

**इतिश्री**

**सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को विभागीय अधिकारी लगा रहे पलीता**

> लगभग 125 कुर्सियां पंडाल में लगाई गई थी। सभी क्षेत्रीय किसानों को वॉट्सऐप ग्रुप के माध्यम से सूचना दियी गयी थी।
>
> **एडीओ एग्रीकल्चर प्रभाकर पांडेय**

### प्राकृतिक खेती से किसानों की आर्थिक स्थिति होगी मजबूत

**रेवतीपुर।** विकास खंड में कृषक रवि गोष्ठी एवं कृषि निवेश मेला आयोजित किया गया। जिसका शुभारम्भ मुख्य अतिथि प्रधान संघ के ब्लाक अध्यक्ष विजयशंकर राय ने दीप प्रज्वलित कर किया। आयोजित कृषि गोष्ठी और निवेश मेला और जागरूकता कार्यक्रम में दर्जनों गाँव के महिला,पुरूष किसानों आदि ने भाग लिया। इस दौरान विभिन्न विभागों ने स्टाल लगाया गया था। जहाँ किसानों को विभिन्न तरह की जानकारी दी जा रही थी। उपकृषि निदेशक अतिंद्र कुमार सिंह ने कहा कि किसान प्राकृतिक खेती के जरिए अपनी मिट्टी व पर्यावरण की सुरक्षा करते हुए गुणवत्ता युक्त खाद्यान्न, सब्जी, फलोत्पादन करके कम लागत में अधिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। जिससे कि उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो सकती है। इस अवसर पर कृषि वैज्ञानिक डॉ. एके सिंह, एडीओ एजी सोहन कुमार पटेल, ज्ञानेंद्र राय, रविशंकर उपाध्याय, अभय राज, धीरज कुमार राय, वेदप्रकाश आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अनूप राय ने किया।

## संक्षेप

### कबड्डी में गाजीपुर की टीम ने शील्ड पर जमाया कब्जा



**रेवतीपुर।** ताड़ीघाट में आयोजित दूसरी ब्रह्म बाबा अंतर जनपदीय सब जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य समापन बीते रविवार की देर रात को हो गया। देर रात्रि को ही दुधिया रौशनी में खेले गये काटें के इस फाइनल मुकाबले में गाजीपुर ने गहमर को 20-19 से पराजित कर प्रतियोगिता जीत लिया।मुख्य अतिथि एवं समाजसेवी कमलेश सिंह टून्ना ने विजेता और उपविजेता टीमों को मेडल और शील्ड देकर पुरस्कृत किया,इस दौरान मैन आफ द मैच और मैन आफ द सीरीज का पुरस्कार विजेता टीम गाजीपुर के क्रमशः आशू और सलमान को मिला।पुरस्कार वितरण का यह कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा। बीते देर रात्रि दुधिया रौशनी में खेले गये इस प्रतिष्ठापरक प्रतियोगिता में दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों ने एक एक अंक के लिए कड़ा संघर्ष किया,लेकिन अंततः बाजी गाजीपुर की टीम ने मारते हुए गहमर को काटें के इस मुकाबले में पराजित कर फाइनल मैच जीत लिया।इससे पूर्व खेले गये पहले सेमीफाइनल में गाजीपुर को बहलोलपुर को 27-15 और दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में गहमर ने भेजबान ताड़ीघाट को 8-7 से शिकस्त देकर फाइनल में प्रवेश कर लिया था। इस पूरे प्रतियोगिता में दो दर्जन से अधिक विभिन्न जनपदों की टीमों के सैकड़ों खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया,जिसमें कई राज्य और राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी रहे। इस अवसर पर दीपू सिंह, प्रदीप, धीरज, उमेश, राहुल, राजू, सिकंदर, भोपाली आदि मौजूद रहे। मुकाबले में निर्णायक मुकेश और शक्ति जवकि कमेंट्री की भूमिका दीनबंधु ने निभाई।

### गाजे-बाजे के साथ निकाली गई कलश यात्रा



**मुहम्मदाबाद।** स्थानीय थाना कोतवाली अंतर्गत ग्राम आबादान उर्फ बैरान में सोमवार को विशाल कलश यात्रा का आरंभ हुआ। इस कलश यात्रा का आरंभ गांव में होने वाले श्री अति विष्णु महायज्ञ को लेकर आरंभ हुआ। कलश यात्रा मे हजारों कन्याओं, स्त्री व पुरुषों ने अपने माथे पर कलश रखकर यात्रा कर रहे थे। कलश लेकर चलने वाले यात्रियों की कतार लगभग 2 किलोमीटर लंबी थी। कलश यात्रा के आगे आगे हाथी ,घोड़े ,ऊंट इत्यादि तथा गाजे बाजे के साथ आगे बढ़ रहे थे। काफी लंबी कतार होने की वजह से प्रशासन को भी काफी मोशक्कत करनी पड़ी।बताते चलें कि इस अति श्री विष्णु महायज्ञ का आरंभ 4 नवंबर से हो रहा है तथा यह 12 नवंबर तक चलेगा। 12 नवंबर को पूर्णाहुति के पश्चात 13 नवंबर को भव्य भंडारा का आयोजन किया गया है।आयोजन में दूर-दूर से लोग एवं साधु संतों ने भी हिस्सा लिया है तथा यज्ञ के आयोजन यज्ञ कर्ता श्री श्री 1008 श्री विभूषित बाल ब्रह्मचारी श्री शेषनाथ जी महाराज है। भव्य कलश यात्रा को लेकर उप जिला अधिकारी मनोज कुमार पाठक तथा क्षेत्राधिकार एवं थाना कोतवाली प्रभारी शैलेष कुमार मिश्रा अपने सदल बल पुलिस के साथ साथ चल रहे थे। यज्ञ कलश यात्रा के पीछे भगवान भोलेनाथ माता पार्वती तथा अन्य देवी दवताओं की सुंदर झांकियां दखते ही बनती थी। इस कलश यात्रा को देखने के लिए काफी मात्रा में जनमानस उमड़ पड़ा।

### युवक को मारपीट कर किया घायल, मुकदमा

**गहमर।** बातचीत करने के बहाने युवक को मोबाइल फोन से घर से बुलाकर कुछ लोगों ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने घायल को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदौरा में भर्ती कराया। जहां घायल युवक की स्थिति खराब होने पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं घायल युवक के लिखित बयान पर पड़ोसी गांव लहना के दो भाईयों सहित चार पर एफआईआर दर्जकर विवेचना शुरू कर दिया। रोहित कुमार उपाध्याय पुत्र भानुप्रताप उपाध्याय निवासी गांव बरेंजी जो समाचार पत्र विक्रेता का काम करते है। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पूर्व समाचार पत्र वितरण करने के बाद वह अपने घर बरेंजी आ रहे थे तभी पड़ोसी गांव लहना के अफजाल से बाइक ओवरटेक करने को लेकर विवाद हो गया था। जिससे वह मुझसे रंजिश रखता था। बीते दिनों देर शाम को अफजाल का फोन आया और वह आपसी सुलह-समझौता के लिए बातचीत करने के लिए देवल शराब भट्ठी स्थित सेवराई-देवल सड़क के बरेंजी तिराहा के पास बुलाया। शाम को लगभग साढ़े छह बजें जब उसके बुलाए स्थान पर पहुंचा तो पहले से उसका बड़ा भाई इमरान व दो अज्ञात जो बिहार राज्य के थे। सोची-समझी पूर्व नियोजित योजना के तहत मौजूद थे। वह सभी बातचीत के दौरान एक राय होकर गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसे व लाठी-डंडे से मारने-पीटने लगे। जिससे मेरा सर फट गया और लहूलुहान हो कर जमीन पर गिर गया। बीच सड़क हो हल्ला सुनकर रास्ते से गुजर रहे राहगीरों ने बीच-बचाव कर मेरी जान बचाई। प्रभारी निरीक्षक राम सजन नागर ने बताया कि घायल समाचार पत्र विक्रेता की तहरीर पर मुकदमा दर्जकर विवेचना किया जा रहा है।

### बहनों ने प्रधान कुतुबपुर को दी जान-माल की धमकी

**गहमर।** बारा न्याय पंचायत के प्रधान कुतुबपुर के साथ गाली-गलौज व जान-माल की धमकी का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने प्रधान की तहरीर पर गांव के ही दो सगी बहनों पर मुकदमा दर्जकर विवेचना शुरू कर दिया। विकास खंड भदौरा के ग्राम सभा कुतुबपुर के प्रधान विपिन राय ने बताया कि गांव में विभिन्न योजनाओं के तहत विकास कार्य चल रहा है। जिसके लिए ईट-बालू व सीमेंट रखा गया था। निर्माण कार्य भी चल रहा था मिस्त्री व मजदूर काम कर रहे थे। इसी दौरान मेरे ही गांव के आरती यादव व अर्चना यादव पुत्री स्व. रामप्रवेश यादव ने सरकारी सामान का हवाला देते हुए जबरदस्ती ईंट, सीमेंट व बालू उठा कर अपने घर ले जाने लगी। इसकी जानकारी मिस्त्री व मजदूरों ने प्रधान को दिया। प्रधान मौके पर पहुंचकर ईंट, बालू व सीमेंट ले जाने से रोक दिया। जिसपर खार खाई दोनों बहनों ने प्रधान के साथ गाली-गलौज करते व जान-माल की धमकी देते हुए मारपीट करने पर आमादा हो गई।जिससे कुछ समय के लिए वहां अफरातफरी मच गया। मजदूर व मिस्त्री वहां से भाग खड़े हुए जिस कारण घंटों निर्माण कार्य बाधित रहा। आस-पास मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर मामले को किसी तरह शांत कराया। प्रधान ने इसकी सूचना मोकामी पुलिस को दिया। दोनों बहनों की कारनामे की क्षेत्र में खुब चर्चाओं का बाजार गर्म है। प्रभारी निरीक्षक राम सजन नागर ने बताया कि प्रधान की तहरीर पर मुकदमा दर्जकर विवेचना किया जा रहा है।

### ट्रेन की चपेट में आने से महिला की गई जान

**जमानियाँ।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गड़ही स्थित डाउन रेलवे ट्रैक पर सोमवार की सुबह करीब 5.30 बजे आ रही तेज रफ्तार अज्ञात ट्रेन के चपेट में आने से 50 वर्षीय महिला की मौत हो गई। ग्रामीणों के अनुसार ग्राम गड़ही निवासी लीलावती देवी (50) पत्नी रामदुलार सुबह करीब 5.30 बजे किसी कार्यवश रेलवे लाइन के किनारे से जा रही थी। सुबह घना कोहरा होने के कारण डाउन ट्रैक पर आ रही तेज रफ्तार अज्ञात ट्रेन के आवाज से घबड़ा कर ट्रैक के पास आ गई। जिससे वह ट्रेन की चपेट में आ गई तथा मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही ग्रामीण सहित परिजन मौके पर पहुँच कर शव को घर ले आये तथा हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार दाह संकार कर दिये।

### बागीचे में लकड़ी लेने गये बालक की सर्पदंश से मौत

**जखनियां।** स्थानीय क्षेत्र के कुडिला गांव में जिगर चौहान पुत्र सोनू चौहान (13) की सर्प दंश से मौत हो गई। जिगर चौहान छठ त्यौहार के लिए गांव के ही बगीचे में आम की लकड़ी लेने गया था। वहीं बगीचे में बैठे विषैले सर्प ने काट लिया। वह भागते हुए घर आकर बताया जिस पर घर वाले प्राइवेट चिकित्सक के यहां ले गए। जहां से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जखनियां भेजा गया। स्थिति बिगड़ने पर उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। जहां से बीएचयू वाराणसी रेफर हुआ था। इलाज के दौरान रविवार की रात मौत हो गई। परिजनों शव लेकर सुबह गांव आए जहां सोमवार को उसका अंतिम संस्कार किया गया। दो भाई एक बहन में जिगर सबसे छोटा था। मौत की खबर परिजनों को मिलते ही परिवार में मातम छा गया। मां सहित भाई-बहनों का रो-रो कर बुरा हाल था।

### अधिवक्ताओं ने किया कार्य बहिष्कार

**सेवराई।** बार एसोसिएशन सेवराई तहसील के समस्त अधिवक्ता उत्तर प्रदेश बार काउंसलिंग के आह्वान पर सेवराई तहसील अध्यक्ष अजय कुमार राय सचिव पारसराम की अध्यक्षता में गाजियाबाद जिला जज के न्यायालय में हुए अधिवक्ताओं के साथ दुर व्यवहार की वजह से सेवराई तहसील के अधिवक्ता न्यायिक कार्यो से विरत रहे। अधिवत्ताओं ने तहसील परिसर में नारेबाजी करते हुए उपजिलाधिकारी संजय यादव को ज्ञापन सौंपते हुए न्यायिक कार्यो क बहिष्कार किया। मौके पर अशोक सिंह, उमेश सिंह, ललन प्रसाद, शाहनवाज, सुमन्त, शाहजहां, विरेन्द्र, मनोज, मोहनलाल आदि अधिवक्ता शामिल रहे ।

### आज विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**दिलदारनगर।** स्थानीय विद्युत उपकेंद्र में नए उपकरणों की स्थापना के कारण मंगलवार को 11:00 बजे से लेकर शाम 4:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति स्थगित रहेगी। विद्युत उपकेंद्र के एसडीओ कमलेश प्रसाद ने बताया कि उपकेंद्र में आवश्यक सुधार और नए उपकरणों का स्थापना कार्य किया जाएगा। इस सुधार कार्य के चलते, उपकेंद्र से जुड़े सैकड़ों गांवों में बिजली आपूर्ति प्रभावित होगी। लोगों को इस अवधि के दौरान बिना बिजली के रहना पड़ेगा, जिससे दैनिक जीवन के कई गतिविधियों पर असर पड़ सकता है। एसडीओ ने बताया कि यह कार्य आवश्यक है और इससे भविष्य में बिजली आपूर्ति में सुधार होगा। उन्होंने सभी निवासियों से सहयोग की अपील की है।

## जनसंपादकीय

# चीन से भरोसे की अपेक्षा

ललित गर्ग



गलवान संघर्ष के बाद भारत-चीन दोनों देशों के रिश्तों में एक बर्फ सी जम गई थी, वह बर्फ अब पिघलती-सी प्रतीत हो रही है। दोनों देश रूस के कजान शहर में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की पूर्व संध्या पर पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी पर गश्त लगाने पर एक समझौते पर पहुंचे हैं। दोनों देशों के बीच लम्बे समय से चले आ रहे तनाव के बादल अब छंट सकते हैं। सीमा विवाद से जुड़े इस फैसले के गहरे कूटनीतिक व सामरिक निहितार्थ हैं। लेकिन इस फैसले का अन्तर्राष्ट्रीय राजनीतिक समीकरणों पर भी गहरा प्रभाव पड़ेगा, इससे दुनिया की महाशक्तियों के निरंकुशता को नियंत्रित किया जा सकेगा, ब्रिक्स समूह को ताकतवर बनाने के प्रयासों में सफलता मिलेगी। यह घटनाक्रम उस विश्वास को भी मजबूती देगा, जिसमें कहा जा रहा है कि मोदी और शी जिनपिंग यूक्रेन-रूस संघर्ष में मध्यस्थ की भूमिका निभा सकते हैं। इन आशा एवं सकारात्मक दृष्टिकोणों के बावजूद एक बड़ा प्रश्न चीन के पलटूराम नजरिये को लेकर निराश भी करता है। भारत को गहरे तक इस बात का अहसास है कि बीजिंग को सीमा समझौतों की अवहेलना करने की पूरानी आदत है। उसने अनेक बार भारत के भरोसे को तोड़ा है। पूर्व के अनुभवों से ऐसी आशंकाओं से इनकार नहीं किया जा सकता है। हालिया फैसले का भी ऐसा ही कोई हश्र न हो जाये, इसके लिये भारत को फूंक-फूंक कर कदम रखने की जरूरत है।

भारत-चीन दोस्ती महत्वपूर्ण ही नहीं, बल्कि उपयोगी भी है। यह दोनों देशों के हित में होने के साथ दुनिया में शांति, स्थिरता, सौहार्द एवं आर्थिक विकास की भी जरूरत है। इसीलिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने दोस्ती की तरफ कदम बढ़ाते हुए हाथ मिलाये हैं और सौहार्दपूर्ण बातचीत के लिये टेबल पर बैठे हैं। गलवान संघर्ष के चार साल बाद आखिरकार दोनों देश निकट आये है, परस्पर वार्ता का गतिरोध दूर हुआ है, दुनिया को कुछ सकारात्मक एवं आशाभरा दिखाने की संभावनाएं बढ़ी है। इस गतिरोध के चलते दोनों देशों के बीच लगातार तनाव एव संघर्ष का माहौल बना रहा है, व्यापारिक गतिविधियां रूक-सी गयी थी, एक बेहद जटिल भौगोलिक परिस्थितियों में दोनों देशों की सेनाओं को चौबीस घंटे तैयार रहने की स्थिति में खड़ा कर दिया था। लेकिन अब ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में दोनों देशों के निकट आने के घटनाक्रम से एक बड़ा संदेश भी दुनिया में जाएगा कि दोनों देश बातचीत के जरिये अपने मतभेदों को सुलझा सकते हैं।

द्विपक्षीय वार्ता के बाद दोनों देशों के संबंध सामान्य होने की संभावना बढ़ अवश्य गई है, लेकिन इसमें समय लगेगा, क्योंकि बीते चार वर्षों में चीन ने अपनी हरकतों से भारत का भरोसा खोने का काम किया है। भारतीय प्रधानमंत्री और चीनी राष्ट्रपति के बीच करीब पांच वर्षों के बाद विस्तार से वार्ता इसीलिए हो सकी, क्योंकि चीन देपसांग एवं डेमचोक से अपनी सेनाएं पीछे हटाने और सीमा पर निगरानी की पहली वाली स्थिति बहाल करने पर सहमत हुआ। यह एक अच्छा एवं शुभ संकेत है। प्रधानमंत्री मोदी ने सीमा पर शांति की अपेक्षा करते हुए चीन से कहा है कि आपसी विश्वास एवं सहयोग को बढ़ावा देने के साथ एक-दूसरे की संवेदनशीलता का सम्मान किया जाना चाहिए। यह कहना आवश्यक एवं प्रासंगिक था, क्योंकि चीन यह तो चाहता है कि भारत उसके हितों को लेकर अतिरिक्त सावधानी बरते, लेकिन खुद उसकी ओर से भारत के प्रति अपेक्षित संवेदनशीलता को लगातार नजरअंदाज करता रहा था। इसका प्रमाण यह है कि वह कभी कश्मीर तो कभी अरुणाचल प्रदेश को लेकर मनगढ़ंत दावे करता रहा है। इसकी भी अनदेखी नहीं कर सकते कि चीन किस तरह पाकिस्तान को भारत के खिलाफ मोहरे की तरह इस्तेमाल करता रहा है। चीन पाकिस्तान के उन आतंकियों का संयुक्त राष्ट्र में बचाव करता रहा है, जो भारत के लिए खतरा हैं।

चीन किये गये वायदों एवं समझौतों से पीछे हटता रहा है, चीनी राष्ट्रपति ने दोनों देशों के बीच 1993, 1996, 2005 और 2013 में परस्पर भरोसा पैदा करने वाले समझौतों को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया। उन्होंने अपनी सेना को भारतीय दावे वाले इलाकों में अतिक्रमण करने का आदेश दिया। इसी का अंजाम रही जून 2020 में गलवान घाटी जैसी घटना। इसके बावजूद भारत के राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व ने बहुत संयम बरता, भड़काने वाली परिस्थितियों में भी उन्होंने धैर्य से काम लिया और बातचीत के जरिये ही मामले का हल निकाला। लेकिन, चिंता कम नहीं हुई है। पिछले साढ़े चार बरसों के दौरान चीनी सेना ने बेहद दुर्गम पर्वतीय इलाकों में पक्के निर्माण कर लिए हैं। आशंका है कि चीन अपने इन सैन्य ढांचागत निर्माण को ध्वस्त कर इलाका पूरी तरह छोड़ देने के लिए तैयार होगा भी या नहीं? ऐसी स्थिति में पूर्वी लद्दाख के सीमांत इलाकों में सैन्य तनाव और परस्पर अविश्वास की स्थिति बनी रहेगी। भारतीय सामरिक पर्यवेक्षकों के बीच चीन के इरादों को लेकर शक बना रहेगा, क्योंकि हमारे इस पड़ोसी का भरोसा तोड़ने का पुराना इतिहास रहा है। लेकिन देर आये दुरस्त आये की कहावत के अनुसार चीन को भारत से दोस्ती का महत्व समझ आ गया है तो यह दोनों देशों के साथ समूची दुनिया के हित में है।

भारतीय प्रधानमंत्री और चीनी राष्ट्रपति की मुलाकात के बाद दोनों देशों के विशेष प्रतिनिधि भी शीघ्र टेबल पर बैठकर भरोसे एवं विश्वास बहाली के उपायों पर चर्चा करेंगे, लेकिन भारत को इसकी अनदेखी नहीं करनी चाहिए कि चीन कहीं दो कदम आगे बढ़कर चार कदम पीछे न हट जाये, ऐसा पहले भी हो चुका है। भारत को चीन से संबंध सामान्य करने की दिशा में आगे बढ़ने के पहले इसकी पड़ताल करनी चाहिए कि कहीं वह फिर से वैसी हरकत तो नहीं करेगा, जैसी डोकलाम, गलवन, देपसांग आदि में की है। यह ध्यान रहे कि अतीत में चीन ने अपने अति महत्वाकांक्षी एवं अतिक्रमणकारी रवैये को तभी छोड़ा है, जब भारत ने यह जताने में संकोच नहीं किया कि वह बहुपक्षीय सहयोग के ब्रिक्स और एससीओ जैसे संगठनों को अपेक्षित महत्व देने से इन्कार कर सकता है। अब चीन को झुकना उसकी विवशता बन गयी है, क्योंकि उसे यह आभास हुआ कि भारत का असहयोग उसके आर्थिक हितों पर प्रतिकूल असर डाल सकता है। ऐसा हुआ भी है कि भारत ने चीन को अपने देश में बाजार नहीं बनने दिया, जिसका बड़ा खामियाजा उसे भुगतना पड़ा है। चीन की अर्थ-व्यवस्था में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका है। निःसंदेह संबंध सामान्य होने से चीन के आर्थिक हित सधेंगे, लेकिन भारत को अपने आर्थिक हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी।

वैसे यह उम्मीद करना जल्दबाजी ही होगी कि भारत-चीन सीमा पर जमीनी हालात जल्द ही सामान्य हो जाएंगे। क्योंकि भारतीय जमीन पर चीनी सेना के अतिक्रमण की वजह से ही दोनों देशों के रिश्तों में अभूतपूर्व तनाव के कारण दूरियां काफी बढ़ गयी थी। इन दूरियों के दंश को मिटाने में समय, समझ एवं सूझबूझ की अपेक्षा है। प्रधानमंत्री मोदी एक परिपक्व राजनेता के रूप में पिछले पांच बरसों से राष्ट्रपति चिनफिंग से इसलिए नहीं मिले कि चीन जब तक अपनी सेना पीछे नहीं करेगा, तब तक दोनों की मुलाकात नहीं हो सकती। कजान में हुई बातचीत में जिस तरह रिश्तों को सामान्य बनाने पर जोर दिया गया है, उसके मद्देनजर भारत का जोर इस बात पर भी रहेगा कि एलएसी के पीछे के इलाकों से दोनों देश अपनी सैन्य तैनाती पूरी तरह खत्म कर दें। दोनों देशों को एलएसी पर पूरी तरह परस्पर भरोसे का माहौल कायम करना होगा। भारत के लिए राहत की बात यह है कि देपसांग और डेमचोक पर भी सहमति बनी है। लेकिन भारतीय जनमानस के मन में सबसे बड़ा सवाल यही है कि दोनों देशों ने सीमा पर जो 50 हजार सैनिक तैनात कर रखे हैं, उन्हें कब वापस लाया जाएगा? ताजा घटनाक्रम की सफलता एवं सार्थकता तभी संभव है जब एक दूसरे के प्रति आदर, विश्वास, भरोसा और संवेदनशीलता होगी। रूस के कजान शहर में एक अच्छी शुरूआत जरूर हुई है लेकिन आगे का रास्ता तभी खुलेगा जब कुछ हद तक चीन अपना रवैया बदलेगा।

( लेखक पत्रकार हैं, संपर्क. 9811051133)

(वेनिस द्वैवार्षिकी की थीम इस बार के ब्राजीली संग्राहक ने तय की थी- फारेनर्स एवरीवेयर, हर जगह विदेशी या अजनबी। आव्रजन संसार में बड़ी समस्या बनता जा रहा है और प्रायः हर देश में ऐसे कलाकार सक्रिय हैं जो उसके मूल निवासी नहीं हैं, किसी और देश से आकर बसे हैं। बीसवीं शताब्दी में तो अनेक देशों में ऐसे विदेशी कलाकारों ने श्रेष्ठता अर्जित की- अकेले फ्रांस में ही विन्सैण्ट वान गाग, पिकासो, मार्क शगाल, साल्वादोर दाली आदि कई मूर्धन्य अजनबी रहे हैं। बहरहाल, इस द्वैवार्षिकी में भारत के कुछ कलाकारों में रजा, सूजा, रामकुमार, जामिनी राय, अमृता शेरगिल, बी प्रभा आदि की कलाकृतियाँ शामिल की गयी हैं। इन सभी चित्रों के साथ उनके बारे में आलोचनात्मक टिप्पणियाँ युवा कलालोचक लतिका गुप्त की हैं जो अन्तर्दृष्टि-सम्पन्न हैं।)

# वेनिस में एक दिन

कभी-कभार

अशोक वाजपेयी



वेनिस कुछ पानी में, कुछ जमीन पर; कुछ गलियों में, कुछ नहरों पर; कुछ सचाई में, कुछ कल्पना में; कुछ कला-सम्पदा में, कुछ कविकल्पना में बसा एक पुराना शहर है जो हर बार नया अनुभव देता है। इस बार पास में कुल एक दिन था और वेनिस बिएनाल, बिएनाल फाउण्डेशन के साथ एक बैठकक और मकबूल फिदा हुसेन की प्रदर्शनी सब देखना था। सो अपने पचासीवें वर्ष के एक दिन हम पच्चीस हजार पग चलेः गिनती फोन ने की।

यहाँ कई बार आये हैंः समुद्र जल की उत्ताल तरंगों, इतालवियों की ऊँचे स्वर में अविराम बातचीत, सैलानियों की भीड़, सँकरी गलियाँ, प्रायः हर दिन बारिश, रोजीना की छोटी-मोटी ठगी- इनमें से कुछ भी कम नहीं हुआ है। न ही यह याद शिथिल पड़ी है कि वेनिस अनेक कवियों के अगाध प्रेम का पात्र रहा है- जर्मन महाकवि गेटे एक रेस्तराँ में जिस मेज पर बैठते थे वह विशेष रूप से अंकित है। एजरा पाउण्ड और जोसेफ ब्रोडस्की की कब्रें यहाँ हैं और रिल्के ने इतनी बार बसेरा किया और वेनिस की जगहों पर लिखा हे कि एक पुस्तक ही है- 'रिल्केज वेनिस'। उसकी एक प्रति साथ थी। यों तो रिल्के की कीर्ति यह रही है कि वे सारी वस्तुनिष्ठ सचाई को आन्तरिक सचाई में बदल देते थे लेकिन वेनिस के बारे में उनकी कविताएँ ज्यादा ठोस और सीधी हैं। गलियों की भूलभुलैयाँ में चकराये अजनबियों को वह किसी भी गली की सही दिशा बता सकते थे। इस बार यह पुस्तक पढ़ने के कारण ऐसा लगता रहा कि हम रिल्के की आशीर्छाया में वेनिस में विचर रहे हैं। चूँकि समय कम था, बहुत सा अनदेखा भी गुजरता रहाः हम जितना चले, उतना हम देख नहीं पाये।

वेनिस द्वैवार्षिकी की थीम इस बार के ब्राजीली संग्राहक ने तय की थी- फारेनर्स एवरीवेयर, हर जगह विदेशी या अजनबी। आव्रजन संसार में बड़ी समस्या बनता जा रहा है और प्रायः हर देश में ऐसे कलाकार सक्रिय हैं जो उसके मूल निवासी नहीं हैं, किसी और देश से आकर बसे हैं। बीसवीं शताब्दी में तो अनेक देशों में ऐसे विदेशी कलाकारों ने श्रेष्ठता अर्जित की- अकेले फ्रांस में ही विन्सैण्ट वान गाग, पिकासो, मार्क शगाल, साल्वादोर दाली आदि कई मूर्धन्य अजनबी रहे हैं। बहरहाल, इस द्वैवार्षिकी में भारत के कुछ कलाकारों में रजा, सूजा, रामकुमार, जामिनी राय, अमृता शेरगिल, बी प्रभा आदि की कलाकृतियाँ शामिल की गयी हैं। इन सभी चित्रों के साथ उनके बारे में आलोचनात्मक टिप्पणियाँ युवा कलालोचक लतिका गुप्त की हैं जो अन्तर्दृष्टि-सम्पन्न हैं। पूरी प्रदर्शनी में अफ्रीकी और लातीनी अमरीकी कला की बहुत सी कृतियाँ शामिल हैं। उनसे यह स्पष्ट होता है कि आधुनिक समय, कला में, संसार भर में, बहुल है और न तो उत्तराधिकार में, न ही नवाचार में कोई एकतानता है। जो बात कभी चकित करने से नहीं चूकती वह यह है कि तरह-तरह की जानी-मानी और सर्वथा अप्रत्याशित सामग्रियों से कलाकृतियाँ बनायी जा रही हैं।

बिएनाल में, उसे समाप्त होने को अब कुल एक महीना भी नहीं रह गया है, दर्शकों की संख्या अच्छी-खासी बनी हुई है जबकि प्रवेश टिकट से होता है जिसकी कीमत खासी मँहगी है। ऐसे लोग हजारों में हैं जो सिर्फ.बिएनाल देखने वेनिस आते हैं। कई छात्रों की मंडलियाँ भी यहाँ-वहाँ दिखायी दीं। बिएनाल एक खर्चीला मामला है जिस पर आनेवाला भारी खर्च दर्शकों से वसूल किये गये शुल्क, वेनिस नगरपालिका के अनुदान आदि से पूरा होता है।

किसी भी प्रदर्शनी की पूर्वनिर्धारित थीम एक तरह की सीमा भी बन जाती है। फिर भी, यह प्रगट हुआ कि संसार के बहुत से देशों में आवश्यक कलात्मक स्वतंत्रता और सुविधाओं के अभाव की वजह से कलाकार दूसरे अजनबी देशों में भागकर बसते और कलासक्रिय होते हैं। ऐसी कला में अकसर अवसाद का भाव भी होता है, मुक्ति के अलावा। बिएनाल की कई कलाकृतियों में टूटा-बिखरापन, अवसाद और स्मृति की गहरी छापें हैं। कला संसार का उत्सव जरूर मनाती है पर वह उसके दुख और त्रास को अनदेखा नहीं करती।

हम शाम के थोड़ा पहले वहाँ पहुँचे जहाँ मकबूल फिदा हुसेन की किरण नादर म्यूजियम द्वारा नियोजित प्रदर्शनी लगी है। वहाँ भी दर्शक थे। बहुत दिनों बाद, एक बहुत लम्बे अरसे बाद हुसेन के इतने सारे चित्र एक जगह देखकर अच्छा लगा। यह भी याद आया कि कैसे जो राजनैतिक शक्तियाँ आज भारत में सत्तारूढ़ हैं उन्होंने हमारे इस महा- कलाकार को अपने देश से आत्मनिर्वासन के लिए बाध्य किया और वे अपने अन्तिम वर्ष अपने देश में नहीं बिता सके और उनकी मृत्यु लन्दन में हुई जहाँ वे दफ़्न हैं। जो बात इस प्रदर्शनी को देखर सबसे पहले मन में आयी वह यह कि हुसेन से अधिक भारतीय कलाकार शायद ही कोई और हुआ हो और यह भी कि उनकी कला ही उनका असली देश है जहाँ से उन्हें कोई शक्ति या राजनीति या सत्ता या धर्मान्धता कभी अपदस्थ नहीं कर सकती।

विपुलता और चित्रों की संख्या में हुसेन आधुनिक भारतीयों में सूजा के साथ अद्वितीय ठहरेंगे। उनकी कोई भी प्रदर्शनी जब तक कि उसमें चार-पाँच सौ चित्र न हों उनकी समग्रता को प्रामाणिक ढंग से प्रस्तुत नहीं कर सकती। यह प्रदर्शनी भी अपर्याप्त लगने को अभिशप्त है। उसमें चित्रों के अलावा कुछ दस्तावेज हुसेन के बनाये खिलौने आदि भी शामिल हैं और बहुत सारे फोटोग्राफ भी। एक में हुसेन अपने मित्र-चित्रकार रामकुमार के साथ दिल्ली के किसी ऐतिहासिक स्मारक की ऊँची गयी सीढियों के शिखर पर बैठे हैं।

प्रदर्शनी का सबसे रोचक अंश है एनीमेशन की तकनीक का इस्तेमाल कर बनायी गयी एक सिनेमाई प्रस्तुति जो एक लम्बे-ऊँचे हाल में चलती है और हाल की दीवारों और फर्श को हुसेन के चित्रों, छबियों, हाथ से लिखी इबारतों आदि के ढाँपती चलती है। लगता है आप इन चित्रों और छबियों में बैठे हैं। थोड़ा असन्तोष इस बात से जरूर हुआ कि उसमें सिनेमा, खासकर बम्बइया सिनेमा से हुसेन के संबंध को कुछ अधिक जगह और महत्व दिये गये हैं। उसमें एक फिल्मी गीत की पंक्तियाँ, फिर भी, लुभावनी और मौजूँ लगीं, 'इस दश्त में इक शहर था, क्या हुआ...'। वेनिस में, जैसा कि रिल्के ने अपनी एक कविता में दर्ज किया है, शहर में आकाश की झलक समुद्र के अहसास के साथ मिलती है।

### गोर्बियो में कुछ घण्टे

जब पिछली शताब्दी के छठवें दशक में रजा ने यह निर्णय ले लिया था कि वे अब फ्रांस में ही रहेंगे तब वे उनकी कलाकार फ्रेंच पत्नी जानीन मोंजिला और रजा ने दक्षिण फ्रांस में गर्मियाँ बिताने के लिए एक घर तलाश करना शुरू कर दिया था। फ्रेंच रिवियेरा में, नीस अंचल में, कान-ग्रेनोव्ल-आन्तीब जैसे प्रख्यात कलाग्रामों से बहुत दूर नहीं, मान्तो के पास गोर्बियो गाँव में उन्?होंने बारहवीं शताब?दी में एक किसान द्वारा बनाये- रहे घर को खरीदा और उसमें रहते कलासक्रिय रहे। फिर कुछ जमीन लेकर कान्दामेरी में अपना स्टूडियो-घर बनाया। जैसे पेरिस के रूद शारोन्न में 16वीं शताब्दी में बना उनका घर भारतीय मित्रों, लेखकों-कलाकारों के लिए शरण्य था वैसे ही गोर्बियो गरमियों में एक तरह का कलातीर्थ। भारत लौटते समय उन्होंने अपनी सारी जायदाद अपनी गोद ली बेटी को दे दी हालाँकि वे चाहते थे कि गोर्बियो वाले घर में भारत के युवा चित्रकारों के लिए एक रेसीडेंसी कार्यक्रम चलाया जाय। पर वह उनके जीते जी संभव नहीं हुआ।

रजा की मृत्यु के बाद और अपनी पिछली वहाँ की यात्रा के पन्द्रह बरस बाद हम इसकी सम्भावना फिर से खोजने और वहाँ रजा की स्मृति में हर वर्ष कुछ कर पाने पर वहाँ की ग्रामपालिका को राजी करने के लिए, कुछ घण्टों के लिए पहुँचे।

गाँव थोड़ा बदल गया है। पहले कुल एक रेस्तराँ था, सौ वर्ष से अधिक पुराना, पर अब दो नयी जगहें और बन गयी हैं। चौक भी कुछ सँकरा हो गया है। वहाँ का बारहवीं शताब्दी का बुर्ज, जिसके पुनर्निर्माण के लिए रजा ने बड़ी धनराशि दी थी, अच्छी हालत में है। वहाँ रजा और जानीन की कलाकृतियाँ और अन्य भारतीय प्राचीन मूर्तियाँ प्रदर्शित हैं जिन्हें रजा ने उपहार में शतो को दी थीं। वीथिका में एक इतावली कलाकार की एकल प्रदर्शनी चल रही है। गाँव पहुँचते ही मिशेल एम्बेयर मिल गये जो थोड़ा असमय बुढ़ा गये लगते हैं। वे जानीन की मृत्यु के बाद रजा के कई अवांछनीय तत्वों से घिरने और उनका शिकार हो जाने को लेकर अब भी दुखी हैं। रजा की बेटी बीना भी पेरिस से आ गयीं।

रजा का घर भी कुछ बदल गया हैः बाहरी रूपाकार तो वैसा ही है। पर कुछ नयी सीढ़ियाँ, किचेन आदि बनाये गये हैं। ग्रामपालिका की संस्कृति सचिव से भेंट हुई। हमारे इस प्रस्ताव से कि वहाँ हर वर्ष दोन्तीन युवा भारतीय चित्रकार आयें; उन्हें चित्रों की प्रदर्शनी हो; शास्त्रीय संगीत और नृत्य के कुछ युवाओं का समारोह हो; वे सिद्धान्त में सहमत हुईं। उसमें फ्रेंच कलाकारों की शिरकत भी सम्भव है। हमने कहा कि हम एक 'रजा-मोंजीला फेस्तिवल द गोर्बियो' हर वर्ष आयोजित कर सकते हैं। जैसे मण्डला में वैसे गोर्बियो में, सम्भव है, अब रजा स्मृति जाग सकती है। गोर्बियो का चुनाव रजा ने इसलिए भी किया था कि वहाँ की शान्त सुरम्यता, जंगल-पहाड़ से निकटता उन्हें अपने बचपन के मण्डला-नरसिंहपुर की याद दिलाती थी।

( लेखक वरिष्ठ कवि एवं साहित्यिक, सांस्कृतिक चिंतक हैं)

# सुपरकंप्यूटर से अब क्वांटम कंप्यूटर की ओर

विशेष

निरंकार सिंह



एक समय था, जब अमेरिका ने भारत को सुपर कंप्यूटर की टेक्नोलॉजी देने से इन्कार कर दिया था, लेकिन देश ने स्वदेशी तकनीक से न केवल सुपर कंप्यूटर 'परम' बनाया बल्कि अब क्वांटम कंप्यूटर बनाने की दहलीज पर है। देश में सुपर कंप्यूटर के जनक, कंप्यूटर वैज्ञानिक एवं पद्म भूषण डॉ. विजय पांडुरंग भातकर ने कहा कि पांच वर्ष में क्वांटम कंप्यूटर बनाकर भारत सबको पीछे छोड़ सकता है, क्योंकि दुनिया में अभी इसके प्रोटोटाइप पर ही काम चल रहा है। यह मौजूदा कंप्यूटर से कई हजार गुना शक्तिशाली होगा।

लखनऊ विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए आए डॉ. पांडुरंग ने राजभवन में पत्रकारों से चर्चा करते हुए 16 सितम्बर 2024 को इसकी जानकारी दी थी। चर्चा के दौरान भावुक हुए डॉ. पांडुरंग ने पिछले दिनों को याद करते हुए कहा कि अमेरिका ने जब टेक्नोलाजी देने से मना किया तो भारत निराश नहीं हुआ। अमेरिका ने कुछ शर्तों पर पिछली जेनरेशन की टेक्नोलॉजी देने पर सहमति दी तो तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने इसे चुनौती के तौर पर लिया।इसके बाद सुपर कंप्यूटर बनाने की जिम्मेदारी मुझे मिली। इसे बनाने में समय और बजट पर चर्चा हुई तो मैंने तीन वर्ष में सुपर कंप्यूटर विकसित करने का भरोसा दिया। उस समय अमेरिकी सुपर कंप्यूटर की कीमत 37 करोड़ रुपये थी। इतनी कीमत में तो भारत ने स्वदेशी तकनीक से 100 विज्ञानियों की टीम के साथ एक नया सेंटर और सुपर कंप्यूटर परम दोनों तैयार कर लिए।

क्वांटम कंप्यूटर के सूक्ष्म पार्टिकल तैयार कर रहे डॉ. विजय पांडुरंग ने कहा कि 'वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत का लक्ष्य रखा है। भारत सरकार ने क्वांटम तकनीक को बढ़ावा देने के लिए क्वांटम मिशन की शुरूआत की है। मैं इस समय क्वांटम कंप्यूटर के सूक्ष्म पार्टिकल तैयार कर रहा हूं। इसके बनने के बाद हम मौसम की सटीक भविष्यवाणी कर सकेंगे। कृषि से लेकर हर क्षेत्र में इसके बाद क्रांतिकारी बदलाव होंगे।

भारतीय वैज्ञानिकों ने स्वदेशी तकनीक से परमरूद्र सहित तीन सुपरकंप्यूटरों को बनाया है। इनसे ब्रह्मांड की उत्पत्ति, ब्लैकहोल, खगोल विज्ञान और मौसम के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिलेंगी। यह भारत की तकनीकी प्रगति में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।इससे कई नई तकनीकों का विकास होगा और नवाचार को प्रोत्साहन मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले हफ्ते इन सुपरकंप्यूटरों को देश को समर्पित किया है। परमरुद्र के अलावा अन्य दो सुपर कंप्यूटरों के नाम अरका और अरुणिका रखा गया है। विश्व स्तर पर चीन के पास सर्वाधिक सुपरकंप्यूटर हैं और यह दुनिया में शीर्ष स्थान पर है, इसके बाद अमेरिका, जापान, फ्राँस, जर्मनी, नीदरलैंड, आयरलैंड और यूनाइटेड किंगडम का स्थान है।इसको देखते हुए मोदी सरकार ने मार्च 2015 में सात वर्षों की अवधि (वर्ष 2015-2022) के लिये 4,500 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से 'राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन' की घोषणा की थी। इस मिशन के अंतर्गत 70 से अधिक उच्च प्रदर्शन वाले सुपरकंप्यूटरस के माध्यम से एक विशाल सुपरकंप्यूटिंग ग्रिड स्थापित कर देश भर के राष्ट्रीय शैक्षणिक संस्थानों और संस्थाओं को सशक्त बनाने की परिकल्पना की गई है। इस परियोजना का उद्देश्य एक मजबूत भारतीय नेटवर्क स्थापित करना है जो सुरक्षित और विश्वसनीय कनेक्टिविटी प्रदान करने में सक्षम होगा।

परमरुद्र सुपरकंप्यूटिंग सिस्टम की प्रोसेसिंग स्पीड 1 पेटाफ्लॉप प्रति सेकंड है। यानी ये एक सेकंड में 1,000,000,000,000,000 फ्लोटिंग-प्वॉइंट ऑपरेशंस को अंजाम दे सकते हैं। किसी एक मशीन के लिए यह बेहद तेज कंप्यूटिंग स्पीड है। एचपीसी (हाई-परफॉरमेंस कंप्यूटिंग) सुपरकंप्यूटिंग सिस्टम उन्नत कंप्यूटिंग प्रणाली हैं जिन्हें जटिल और डेटा-गहन कार्यों को संभालने के लिए डिजाइन किया गया है। जिसके लिए महत्वपूर्ण कम्प्यूटेशनल शक्ति की आवश्यकता होती है। एचपीसी सिस्टम बड़े पैमाने की समस्याओं को हल करने के लिए समानांतर रूप से काम करने वाले कई प्रोसेसर की प्रसंस्करण क्षमताओं का लाभ उठाते हैं। इन प्रणालियों का उपयोग आमतौर पर जलवायु मॉडलिंग, आणविक जीव विज्ञान और जीनोमिक्स, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और मशीन लर्निंग, इंजीनियरिंग और सामग्री विज्ञान सिमुलेशन, और रक्षा और एयरोस्पेस अनुप्रयोगों में किया जाता है। परमरुद्र एक उच्च-प्रदर्शन कंप्यूटिंग सिस्टम है जिसे जटिल गणनाओं और सिमुलेशन को उल्लेखनीय गति से संभालने के लिए डिजाइन किया गया है। ये सुपरकंप्यूटर भारत के राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन का परिणाम हैं , जो घरेलू स्तर पर उन्नत तकनीकों को विकसित करने में देश की बढ़ती क्षमताओं को प्रदर्शित करते हैं।

पुणे में, विशाल मीटर रेडियो टेलीस्कोप (जीएमआरटी) परम रुद्र का उपयोग फास्ट रेडियो बर्स्ट (एफआरबी) और अन्य खगोलीय घटनाओं का अध्ययन करने के लिए करेगा, जिससे ब्रह्मांड के बारे में हमारी समझ बढ़ेगी।कई हजार इंटेल सीपीयू, 90 अत्याधुनिक एनवीडिया 100 जीपीयू, 35 टेराबाइट मेमोरी और 2 पेटाबाइट स्टोरेज से सुसज्जित, परम ब्रह्मांड प्रणाली समय-क्षेत्र खगोल विज्ञान में अभूतपूर्व वैज्ञानिक अनुसंधान को आगे बढ़ाने के लिए तैयार है, जिससे इस क्षेत्र में परिवर्तनकारी प्रगति संभव होगी। दिल्ली स्थित अंतर विश्वविद्यालय त्वरक केंद्र (आईयूएसी) में सुपरकंप्यूटर पदार्थ विज्ञान और परमाणु भौतिकी में अनुसंधान को बढ़ावा देगा तथा इन महत्वपूर्ण क्षेत्रों में नवाचारों को बढ़ावा देगा।ये सुपरकंप्यूटर युवा वैज्ञानिकों के लिए अत्याधुनिक तकनीक सुलभ बनाएंगे। कोलकाता स्थित एस.एन. बोस राष्ट्रीय आधारभूत विज्ञान केंद्र, भौतिकी, ब्रह्माण्ड विज्ञान और पृथ्वी विज्ञान में उन्नत अध्ययन के लिए परमरुद्र का लाभ उठाएगा।

अरका' और 'अरुणिका' जो सूर्य पर आधारित हैं। 850 करोड़ की लागत से तैयार किए गए इन सिस्टम्स की कंबाइंड प्रोसेसिंग पावर 21.3 पेटाफ्लॉप है। ये दोनों नोएडा स्थित नेशनल सेंटर फॉर मीडियम रेंज वेदर फोरकास्ट और पुणे के इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रोपिकल मीटरोलॉजी में पहले से मौजूद सिस्टमों- प्रत्युष और मिहिर की जगह लेंगे। अरका और अरुणिका की मदद से हाई-रेजोल्यूशन वाले मॉडल्स तैयार किए जाएंगे जो उष्णकटिबंधीय चक्रवातों, भारी वर्षा, आंधी, ओलावृष्टि, गर्म लहरों, सूखे और अन्य महत्वपूर्ण मौसम संबंधी घटनाओं से संबंधित भविष्यवाणियों की सटीकता और लीड टाइम को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएंगे। इनकी मदद से भारत, मौसम विज्ञान के क्षेत्र में बड़ा खिलाड़ी बनने को तैयार है। परम'रूद्र' सुपरकंप्यूटर्स हों या 'अरका' और 'अरुणिका' इनकी मदद से भारत ने सुपरकंप्यूटिंग तकनीक में बड़ी छलांग लगाई है। परमरुद्र, अरका और अरुणिका के कॉम्बो की मदद से भारत खगोल विज्ञान से लेकर मौसम की भविष्यवाणी तक के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए तैयार है। इससे ग्लोबल रिसर्च में भारत की स्थिति और मजबूत होगी। ये भारत की कम्प्यूटेशनल क्षमताओं को बढ़ाएंगे, तथा देश को सुपरकंप्यूटिंग में वैश्विक नेता के रूप में स्थापित करेंगे।

इसके अलावा, इन प्रणालियों के व्यावहारिक अनुप्रयोग वैज्ञानिक अनुसंधान से परे हैं। इनमें कृषि, आपदा प्रबंधन और अंतरिक्ष अन्वेषण सहित विभिन्न क्षेत्रों को लाभ पहुँचाने की क्षमता है। उदाहरण के लिए बेहतर मौसम पूर्वानुमान किसानों को फसल प्रबंधन के बारे में जानकारी देने में मदद कर सकता है।इन सुपरकंप्यूटरों को स्वदेशी रूप से विकसित करके, भारत तकनीकी आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है। यह वैज्ञानिक नवाचार और तकनीकी उन्नति के लिए वैश्विक केंद्र बनने के देश के व्यापक लक्ष्यों के अनुरूप है।

क्वांटम कंप्यूटर ऐसी मशीनें हैं जो डेटा संग्रहीत करने और गणना करने के लिए क्वांटम भौतिकी के गुणों का उपयोग करती हैं । यह कुछ कार्यों के लिए बेहद फायदेमंद हो सकता है जहां वे हमारे सबसे अच्छे सुपरकंप्यूटर से भी बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। क्लासिकल कंप्यूटर, जिसमें स्मार्टफोन और लैपटॉप शामिल हैं, बाइनरी ह्बिट्सह्न में जानकारी को एनकोड करते हैं जो 0 या 1 हो सकते हैं। क्वांटम कंप्यूटर में , मेमोरी की मूल इकाई क्वांटम बिट या क्यूबिट होती है।क्यूबिट्स को भौतिक प्रणालियों का उपयोग करके बनाया जाता है, जैसे कि इलेक्ट्रॉन का स्पिन या फोटॉन का अभिविन्यास। ये प्रणालियाँ एक साथ कई अलग-अलग व्यवस्थाओं में हो सकती हैं, यह गुण जिसे क्वांटम सुपरपोजिशन के रूप में जाना जाता है। क्वांटम उलझाव नामक एक घटना का उपयोग करके क्यूबिट्स को एक साथ अटूट रूप से जोड़ा जा सकता है । इसका परिणाम यह होता है कि क्यूबिट्स की एक श्रृंखला एक साथ विभिन्न चीजों का प्रतिनिधित्व कर सकती है। उदाहरण के लिए, 0 से 255 के बीच किसी भी संख्या को दर्शाने के लिए एक क्लासिकल कंप्यूटर के लिए आठ बिट्स पर्याप्त हैं। लेकिन एक क्वांटम कंप्यूटर के लिए 0 से 255 के बीच हर संख्या को एक साथ दर्शाने के लिए आठ क्यूबिट्स पर्याप्त हैं। ब्रह्मांड में जितने परमाणु हैं, उससे ज्यादा संख्या को दर्शाने के लिए कुछ सौ उलझे हुए क्यूबिट्स पर्याप्त होंगे।यहीं पर क्वांटम कंप्यूटर क्लासिकल कंप्यूटरों पर बढ़त हासिल करते हैं। ऐसी स्थितियों में जहां संभावित संयोजनों की संख्या बहुत ज्यादा हो, क्वांटम कंप्यूटर उन पर एक साथ विचार कर सकते हैं। उदाहरणों में बहुत बड़ी संख्या के अभाज्य गुणनखंडों को खोजने की कोशिश करना या दो स्थानों के बीच सबसे अच्छा मार्ग खोजना शामिल है।

हालाँकि, ऐसी कई स्थितियाँ भी हो सकती हैं जहाँ शास्त्रीय कंप्यूटर अभी भी क्वांटम कंप्यूटर से बेहतर प्रदर्शन करेंगे। इसलिए भविष्य के कंप्यूटर इन दोनों प्रकारों का मिश्रण हो सकते हैं।अभी के लिए, क्वांटम कंप्यूटर अत्यधिक संवेदनशील हैंः गर्मी, विद्युत चुम्बकीय क्षेत्र और वायु अणुओं के साथ टकराव के कारण क्यूबिट अपने क्वांटम गुणों को खो सकता है। क्वांटम डिकोहेरेंस के रूप में जानी जाने वाली इस प्रक्रिया के कारण सिस्टम क्रैश हो जाता है, और यह जितनी अधिक कणों की भागीदारी होती है उतनी ही तेजी से होता है।क्वांटम कंप्यूटर को क्यूबिट को बाहरी हस्तक्षेप से बचाने की आवश्यकता होती है, या तो उन्हें शारीरिक रूप से अलग करके, उन्हें ठंडा रखकर या ऊर्जा के सावधानीपूर्वक नियंत्रित स्पंदनों के साथ उन्हें झटका देकर। सिस्टम में आने वाली त्रुटियों को ठीक करने के लिए अतिरिक्त क्यूबिट की आवश्यकता होती है।क्वांटम कंप्यूटर क्वांटम सिद्धांतों का उपयोग करके काम करता है। क्वांटम सिद्धांतों को पूरी तरह से समझने के लिए शब्दों के एक नए शब्दकोश की आवश्यकता है, जिसमें सुपरपोजिशन, एंटैंगलमेंट और डिकोहेरेंस जैसे शब्द शामिल हैं।

सुपरपोजिशन का मतलब है कि, शास्त्रीय भौतिकी में तरंगों की तरह, आप दो या अधिक क्वांटम अवस्थाओं को जोड़ सकते हैं और परिणाम एक और वैध क्वांटम अवस्था होगी। इसके विपरीत, आप प्रत्येक क्वांटम अवस्था को दो या अधिक अन्य अलग-अलग अवस्थाओं के योग के रूप में भी दर्शा सकते हैं। क्यूबिट्स का यह सुपरपोजिशन क्वांटम कंप्यूटर को उनकी अंतर्निहित समानांतरता देता है, जिससे वे एक साथ लाखों ऑपरेशन प्रोसेस कर सकते हैं।

नाजुक हालत-क्वांटम उलझाव तब होता है जब दो सिस्टम इतने करीब से जुड़ते हैं कि एक के बारे में जानकारी आपको दूसरे के बारे में तुरंत जानकारी देती है, चाहे वे कितने भी दूर क्यों न हों। क्वांटम प्रोसेसर एक कण को ??मापकर दूसरे कण के बारे में निष्कर्ष निकाल सकते हैं। उदाहरण के लिए, वे यह निर्धारित कर सकते हैं कि यदि एक क्यूबिट ऊपर की ओर घूमता है, तो दूसरा हमेशा नीचे की ओर घूमेगा, और इसके विपरीत। क्वांटम उलझाव क्वांटम कंप्यूटर को जटिल समस्याओं को तेजी से हल करने की अनुमति देता है।जब क्वांटम अवस्था को मापा जाता है, तो वेवफंक्शन ढह जाता है और आप अवस्था को शून्य या एक के रूप में मापते हैं। इस ज्ञात या नियतात्मक अवस्था में, क्यूबिट एक क्लासिकल बिट के रूप में कार्य करता है। उलझाव क्यूबिट की अपनी अवस्था को अन्य क्यूबिट के साथ सहसंबंधित करने की क्षमता है।

असम्बद्धता- डिकोहेरेंस एक क्यूबिट में क्वांटम अवस्था का नुकसान है। विकिरण जैसे पर्यावरणीय कारक क्यूबिट की क्वांटम अवस्था को नष्ट कर सकते हैं। क्वांटम कंप्यूटर के निर्माण में एक बड़ी इंजीनियरिंग चुनौती विभिन्न विशेषताओं को डिजाइन करना है जो राज्य के डिकोहेरेंस को विलंबित करने का प्रयास करते हैं, जैसे कि विशेष संरचनाओं का निर्माण करना जो क्यूबिट को बाहरी क्षेत्रों से बचाते हैं।

क्वांटम कंप्यूटिंग उद्योगों में क्रांति ला सकती है। हम नीचे कुछ उदाहरण उपयोग के मामले दे रहे हैंः

मशीन लर्निंग (एमएल) कंप्यूटर को बेहतर पूर्वानुमान और निर्णय लेने में मदद करने के लिए बड़ी मात्रा में डेटा का विश्लेषण करने की प्रक्रिया है। क्वांटम कंप्यूटिंग में अनुसंधान सूचना प्रसंस्करण की भौतिक सीमाओं का अध्ययन करता है और मौलिक भौतिकी में नई जमीन तोड़ रहा है। यह शोध विज्ञान और उद्योग के कई क्षेत्रों, जैसे रसायन विज्ञान, अनुकूलन और आणविक सिमुलेशन में प्रगति की ओर ले जाता है। यह वित्तीय सेवाओं के लिए बाजार की गतिविधियों की भविष्यवाणी करने और विनिर्माण के लिए परिचालन में सुधार करने के लिए रुचि का एक बढ़ता हुआ क्षेत्र भी है।

अनुकूलन-क्वांटम कंप्यूटिंग अनुसंधान और विकास, आपूर्ति-श्रृंखला अनुकूलन और उत्पादन में सुधार कर सकती है। उदाहरण के लिए, आप जटिल प्रक्रियाओं में पथ नियोजन जैसे तत्वों को अनुकूलित करके विनिर्माण प्रक्रिया-संबंधित लागतों को कम करने और चक्र समय को छोटा करने के लिए क्वांटम कंप्यूटिंग लागू कर सकते हैं। एक अन्य अनुप्रयोग ऋण पोर्टफोलियो का क्वांटम अनुकूलन है ताकि ऋणदाता पूंजी मुक्त कर सकें, ब्याज दरें कम कर सकें और अपनी पेशकशों में सुधार कर सकें।

सिमुलेशन- सिस्टम को सटीक रूप से सिम्युलेट करने के लिए आवश्यक कम्प्यूटेशनल प्रयास दवा के अणुओं और सामग्रियों की जटिलता के साथ तेजी से बढ़ता है। सन्निकटन विधियों का उपयोग करने पर भी, वर्तमान सुपरकंप्यूटर इन सिमुलेशनों की मांग के अनुसार सटीकता का स्तर प्राप्त नहीं कर सकते हैं। क्वांटम कम्प्यूटेशन में रसायन विज्ञान में सामना की जाने वाली कुछ सबसे चुनौतीपूर्ण कम्प्यूटेशनल समस्याओं को हल करने की क्षमता है, जिससे वैज्ञानिक समुदाय को ऐसे रासायनिक सिमुलेशन करने की अनुमति मिलती है जो आज असाध्य हैं। उदाहरण के लिए, पास्कल ने रसायन विज्ञान सिमुलेशन चलाने के लिए अपना एक खास कम्प्यूटेशनल सॉफ्टवेयर बनाया। यह क्वांटम कम्प्यूटेशनल कार्यों को चलाने के लिए आवश्यक भारी काम को स्वचालित करता है, जिसमें कंप्यूटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के स्वचालित प्रावधान से लेकर प्री- और पोस्ट-प्रोसेसिंग क्लासिकल गणनाएँ चलाना और त्रुटि शमन कार्य करना शामिल है।

यदि आप क्वांटम कंप्यूटिंग को आजमाना चाहते हैं, तो आप अपनी स्थानीय मशीन पर क्वांटम हार्डवेयर एमुलेटर से शुरूआत कर सकते हैं। एमुलेटर नियमित सॉफ्टवेयर हैं जो क्लासिकल कंप्यूटर पर क्वांटम व्यवहार की नकल करते हैं। वे पूर्वानुमान योग्य हैं और आपको क्वांटम अवस्थाएँ देखने की अनुमति देते हैं। यदि आप क्वांटम हार्डवेयर समय में निवेश करने से पहले अपने एल्गोरिदम का परीक्षण करना चाहते हैं तो वे उपयोगी हैं। हालाँकि, वे वास्तविक क्वांटम व्यवहार को फिर से नहीं बना सकते हैं।आप महंगे हार्डवेयर में निवेश किए बिना भी एक सच्चे क्वांटम कंप्यूटर पर कोड करने के लिए क्लाउड क्वांटम कंप्यूटिंग सेवा का उपयोग कर सकते हैं।

(लेखक हिन्दी विश्वकोश के पूर्व सहायक संपादक हैं, संपर्क 09451910615)

# नहाय-खाय संग आज से शुरू होगा सूर्यपूजा का महापर्व

**डाला छठ**

## तीन गुने दाम पर बिकी लौकी बाकी के दाम रहे यथावत

## छठ को लेकर आस्थावानों में होने लगा ऊर्जा का संचार

## नदी और सरोवरों के किनारे बेदी बनाने में जुटे नौजवान और बच्चे

जनसंदेश न्यूज



सिधारी स्थित एकलव्य घाट पर बेदी बनाते लोग।

**आजमगढ़।** नहाय-खाय यानी लौकी-भात के सेवन के साथ बिहार का महापर्व सूर्य षष्ठी व्रत (डाला छठ) मंगलवार से शुरू हो जाएगा। सूर्योपासना के पर्व को लेकर अभी से आस्थावानों में ऊर्जा का संचार दिखने लगा है। व्रत करने वाली महिलाओं का उत्साह तो पूछना ही नहीं है। पहले दिन यानी चतुर्थी को भोजन में लौकी का विशेष प्रयोग होने के कारण एक दिन पहले से ही लौकी का भाव आसमान छूने लगा। रोज के दिनों में बीस रुपये किलो बिकने वाली लौकी सोमवार को फुटकर बाजार में अस्सी रुपये तक पहुंच गई थी। हालांकि, थोक दुकानों पर कुछ कम रहा।

छठ के व्रत में शुद्धता का खास महत्व है और इसमें वाह्यं के साथ ही अन्तः को भी शुद्ध रखने की मान्यता है। इसे ध्यान में रखते हुए व्रत करने वाली महिलाएं चौथ के दिन से ही सुपाच्य भोजन ग्रहण करती हैं। इस क्रम में मंगलवार को व्रती महिलाएं भोजन में लौकी मिश्रित चने की दाल के साथ चावल ग्रहण करेंगी और भोजन में सेंधा नमक का उपयोग किया जाएगा।

चौथ को हल्का भोजन लेने के दूसरे दिन बुधवार यानी पंचमी को दिन भर महिलाएं निराजल व्रत रहेंगी और शाम को एक बार भोजन ग्रहण करेंगी। इस दिन को आम तौर पर ज्ञान पंचमी तथा बिहार में बोलचाल की भाषा में खरना कहा जाता है।



पूजन के लिए कोसी खरीद कर ले जाती महिला।

शाम को गाय के दूध में गुड़ व साठी के चावल का खीर और शुद्ध आटे की पूड़ी बनाई जाएगी तथा उसे व्रती महिलाएं एक बार ग्रहण करेंगी। उसमें भी पुरानी परंपरा यह है कि भोजन के दौरान अगर किसी ने पुकार दिया अथवा उसमें कंकड़ आदि निकल गया तो उसके साथ ही भोजन छोड़ दिया जाता है। भले ही हलक के नीचे पहला निवाला ही क्यों न गया हो। दूसरी ओर छठ पूजा के लिए घाटों पर बेदी बनाने का काम तेज हो गया है। इसमें युवा और बच्चे जी-जान से जुट गए है। स्थानीय पूजा कमेटियों द्वारा इसके लिए कुछ शुल्क भी लिया जा रहा है। पूजा कमेटी के सदस्यों के मुताबिक श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए वे अपने स्तर से प्रकाश आदि की सारी व्यवस्था करते हैं। वहीं पूजन सामग्री की खरीदारी शुरू हो गई है। वैसे अभी सभी फल बाजार में नहीं आए हैं। फलों के दाम में भी वृद्धि का अनुमान है। चौक पर फल की दुकान करने वाले केदार सोनकर ने बताया कि वैसे तो अभी सभी फल बाजार में नहीं आए हैं लेकिन दाम में कोई खास अंतर आने की उम्मीद नहीं है। शहर के सिधारी, कदम घाट, गौरीशंकर घाट, दलाल घाट, भोला घाट, बलुअहा घाट, मोहटी, राजघाट, नरौली घाट, शाहीपुल घाट आदि घाटों पर बेदी बनाने का काम शुरू हो गया है।



लौकी की खरीदारी करता व्यक्ति।

# हिन्दू नेता को विश्नोई के नाम पर मिली जान मारने की धमकी



पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देने जाते हिन्दू नेता।

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** बहुचर्चित माफिया लारेंस विश्नोई के नाम पर जिले में एक हिंदू नेता को जान मारने की धमकी मिली है। इस मामले में पीड़ित ने अपने लोगों के साथ एसपी दरबार में हाजिरी लगाई है। बताया कि मुकदमा दर्ज होने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

पुलिस अधीक्षक को दिए गए प्रार्थना पत्र में विष्णुकान्त चौबे पुत्र स्व. शिवमुर्ति चौबे निवासी ग्राम पलिया सोफीगंज, थाना मेंहनगर ने बताया कि वह दो दशक से योगी आदित्य नाथ से जुडकर विश्व हिन्दू महासंघ के विभिन्न पदों पर कार्य करते हुए वर्तमान में प्रदेश उपाध्यक्ष के पद कार्य कर रहे हैं व पेशे से अधिवक्ता हैं। मोबाइल पर 2 नवम्बर की दोपहर एक व्यक्ति का फोन आया, जिसने अपना नाम राहुल बताया और कहा कि तुम योगी के साथ काम करते हो, तुम्हे व योगी, मोदी को जान से मार देंगे। इसके बाद वह सीएम योगी व पीएम मोदी के प्रति अपशब्द बोलने लगा। इसकी सूचना थाना मेंहनगर पर दी गयी तो थानाध्यक्ष द्वारा मुकदमा दर्ज कर आरोपी को फोन किया गया। पुनः उस व्यक्ति ने रात में फोन पर धमकी दी कि एफआईआर ले लो। फोन करने वाले ने अपने आप को लारेंस विश्नोई का आदमी बताते हुए लारेंस विश्नोई से बात करवाने जैसी बात की। विष्णुकान्त चौबे ने पुलिस अधीक्षक से मामले में हस्तक्षेप करते हुए कार्रवाई और सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है।

# ऑनलाइन गेम के चक्कर में युवक ने गंवाई जान

**पटवध (आजमगढ़)।** बिलरियागंज थाना अंतर्गत पटवध कौतुक गांव निवासी युवक ने ऑनलाइन गेम के चक्कर में अपनी जान गवां दी। मौत की सूचना से पूरे गांव में मातम छाया हुआ है।

सुजल विश्वकर्मा 22 वर्ष पुत्र स्व.मुनीष विश्वकर्मा शिब्ली कालेज में बीए द्वितीय वर्ष का छात्र था। साथ में एनसीसी कैडेट भी था। सुजल विश्वकर्मा के पिता की लगभग 5 साल पहले मृत्यु हो चुकी है। सुजल दो भाई और चार बहनों में चौथे नंबर पर था। घर की आर्थिक स्थिति खराब होने के चलते बड़ा भाई रोजी-रोटी के चक्कर में विदेश गया हुआ है। सुजल विश्वकर्मा कुछ दिनों से इलाहाबाद रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। इस समय मोबाइल द्वारा ऑनलाइन गेम की आदत पड़ गई और उसी में लिप्त हो गया। मामला यहां तक पहुंच गया कि कई बैंकों से आनलाइन गेम खेलने के चक्कर में तीन से चार लाख रुपए के कर्ज में डूब गया। जानकारी होने पर विदेश से बड़ा भाई लाखों रुपए की व्यवस्था करके



सुजल विश्वकर्मा (फाइल फोटो)।

भेजा लेकिन गेम के चक्कर में कर्ज बढ़ता ही गया। आखिरकार इस टेंशन में शनिवार को सुजल घर पर किसी विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। स्थिति गंभीर होने पर पास पड़ोस के लोगों द्वारा अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान सुजल की मृत्यु हो गई। सूचना मिलते ही बड़ा भाई विदेश से घर के लिए निकल पड़ा। परिजनों द्वारा अंतिम संस्कार कर दिया गया। मौत से परिजनों में कोहराम मचा है।

# एक ही छत के नीचे मिलेंगी मेडिकल की सारी सुविधाएं

**पटवध (आजमगढ़)।** विकास खंड बिलरियागंज अंतर्गत शहाबुद्दीनपुर के पास मुकर्रम अस्पताल खोला गया है जहां एक ही छत के नीचे बहुत सारी बीमारियों से लेकर सर्पदंश और महिलाओं की डिलीवरी तथा सोनोग्राफी और पैथोलॉजिकल टेस्ट की सुविधा कम शुल्क में उपलब्ध होगी। अस्पताल के निदेशक डॉ. मोसिन खान हैं। उनकी फीस मात्र 50 रुपए है। उक्त अस्पताल में महिला चिकित्सक भी उपलब्ध है जो महिलाओं की सारी बीमारी से लेकर डिलीवरी तक कराती हैं। गर्भवती महिलाओं का विशेष परिस्थितियों में ही आपरेशन किया जाता है। डॉ.मोसिन खान ने बताया कि इनके द्वारा एक सिस्टम बनाया जा रहा है जिसके तहत महिलाओं की डिलीवरी से लेकर पैथोलॉजिकल जांच और सोनोग्राफी आधे रेट में किया जाएगा। साथ ही गरीब मजलूमों के लिए विशेष व्यवस्था रहेगी। बीच-बीच में निःशुल्क कैंप का भी आयोजन किया जाता है। सर्प दंश वाले मरीजों के लिए विशेष व्यवस्था है।

# गंगा साफ तभी होंगी जब सहायक नदियों में सफाई रखी जाए

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** सिलनी स्थित चंद्रमा ऋषि आश्रम पर गंगा समग्र के तत्वावधान में स्वच्छता अभियान चलाकर तमसा और सिलनी नदी के संगम पर पूजन व आश्रम में पौधरोपण कर बैठक की गई।

बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में गंगा समग्र के प्रांत संयोजक राजकिशोर मिश्र ने कहा कि 4 नवंबर 2008 को भारत सरकार ने गंगा को राष्ट्रीय नदी घोषित किया था, जिसके 16 वर्ष पूर्ण होने पर गंगा के सहायक नदी तमसा के तट पर यह कार्यक्रम आयोजित है।

उन्होंने कहा कि गंगा को स्वच्छ करने के लिए सहायक नदियों का स्वच्छ होना आवश्यक है और यह जन सहयोग के बिना संभव नहीं। श्री मिश्र ने कहा कि जल और वायु प्रदूषण से अनेक तरह के संकट उत्पन्न हो रहे हैं, जिन्हें दूर करने के लिए गंगा समग्र सतत प्रयासरत है।



सिलनी नदी के संगम पर पूजन करते लोग।

गंगा समग्र फूलपुर जिला का संयोजक अशोक कुमार तिवारी को, आर्यमगढ़ जिला का स्वास्थ्य व पर्व आयाम प्रमुख डॉ. एचएन पाठक को संपर्क प्रमुख राजेश रंजन को आरती प्रमुख धनुषधारी तिवारी को और घाट प्रमुख सुभाष मौर्य को बनाए जाने का निर्णय लिया गया।

इस मौके पर आश्रम के महंत बमबम गिरि, दिलीप, संजय कुमार पांडेय, विवेकानंद मिश्र, अवधेश सिंह, दिनेश मौर्य, पंकज मिश्र, रणविजय सिंह, राजन उपाध्याय, वेदप्रकाश चौबे, सत्य प्रकाश सिंह, शिवप्रकाश तिवारी, रवीन्द्र पांडे, दयाशंकर पांडेय, विजय शंकर पांडेय आदि उपस्थित थे। अध्यक्षता सुरेश शुक्ला तथा संचालन पं. सुभाष चंद्र तिवारी कुंदन ने किया।


## संक्षेप

### पुलिस अधिकारी ने किया छठ घाटों का निरीक्षण



**फूलपुर (आजमगढ़)।** डाला छठ का त्यौहार सकुशल सम्पन्न कराने के लिए स्थानीय नगर पंचायत प्रशासन सहित पुलिस व विद्युत अधिकारी सभी घाटों का निरीक्षण करते हुए दिखाई दे रहे हैं। फूलपुर नगर में वर्तमान में तीन जगह घाटों की सफाई हो रही है। कुंवर नदी किनारे पिपरहवा घाट पर छठ ब्रतधारी महिला पुरुष घाटों की सफाई कर वेदी बनाते हैं। इस घाट पर नगरवासी सहित कनेरी उदपुर सुदनीपुर जोमा सहित अन्य गाव के व्रती आते हैं। उचहुवां घाट, नागा बाबा सरोवर पोखरे पर वेदी बनाकर पूजा होती है। घाटों की साफ सफाई नगर पंचायत द्वारा कराया जा रहा है तो स्थानीय पुलिस प्रशासन घाटों का निरीक्षण कर रहा है। डाला छठ पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए स्थानीय प्रशासन जी जान से लग गया है।

### डाला छठ में हर भोजन का परंपरा संग वैज्ञानिक आधारः गिरजा शंकर



**आजमगढ़।** सूर्य षष्ठी व्रत डाला छठ के पूर्व के दो दिन में किए जाने वाले भोजन का अपना अलग महत्व है। परंपरा के साथ इसका वैज्ञानिक आधार भी है। हर दिन के लिए भोजन का निर्धारण आंतरिक शुद्धता को ध्यान में रखकर किया गया है, क्योंकि इस पर्व में वाह्य के साथ ही अन्तः को भी शुद्ध रखने की मान्यता है। यही कारण है कि व्रती महिलाएं चौथ के दिन से ही सुपाच्य भोजन ग्रहण करती हैं। इस क्रम में मंगलवार को व्रती महिलाएं भोजन में लौकी मिश्रित चने की दाल के साथ चावल ग्रहण करेंगी। भोजन में सेंधा नमक का उपयोग किया जाएगा। यह बातें माता अठरही धाम के पुजारी पंडित गिरजा पाठक ने भक्तों के बीच सोमवार को कहीं। बताया कि लौकी और चावल जल्दी पच जाता है। इसी प्रकार चौथ को हल्का भोजन लेने के दूसरे दिन बुधवार को यानी पंचमी को दिन भर महिलाएं निराजल व्रत रहेंगी और शाम को एक बार भोजन ग्रहण करेंगी। इस दिन को बिहार में बोलचाल की भाषा में खरना कहा जाता है। शाम को गाय के दूध में गुड़ व साठी के चावल का खीर और शुद्ध आटे की पूड़ी का भोग लगाने के बाद व्रती महिलाएं एक बार ग्रहण करेंगी। इसके पीछे भी कारण यह है कि गुण और साठी के चावल को काफी सुपाच्य माना जाता है। यानी पहले अर्घ्य के दिन पेट में अन्न का अंश नहीं बचेगा और महिलाएं वाह्य के साथ आंतरिक रूप से भी शुद्ध रहकर पूजा करेंगी।

### बैठक कर विहिम ने की उपचुनाव पर चर्चा



**पटवध (आजमगढ़)।** विश्व हिंदू महासंघ (भारत) की बैठक प्रधान कार्यालय श्रीनगर (सियरहां) पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे स्थित शिव मंदिर पर हुई। मुख्य अतिथि के रूप में मंडल प्रभारी दुर्गा प्रसाद गुप्त उपस्थित रहे। बैठक में उत्तर प्रदेश में हो रहे उप चुनाव को लेकर चर्चा की गयी। वक्ताओं ने उपचुनाव को भाजपा के पक्ष में जीत के लिए आश्वासन दिया। संगठन के संरक्षक योगी आदित्यनाथ के मान सम्मान के लिए जुट जाने की अपील की तथा एक दूसरे से जुड़ जाने के लिए आह्वान किया। गौ सेवा पर विशेष ध्यान दिया गया। हिन्दुओं को जाति में बंटने की बजाय सनातन धर्म पर चर्चा किया गया। जिलाध्यक्ष ने सभी जातियों को मिला करचलने की बात कही। इस अवसर पर मंडल प्रभारी दुर्गा प्रसाद गुप्त, जिलाध्यक्ष त्रिपुरारी राय, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र राय, उमेश राय, अशोक प्रजापति, राम नवल राय, सियावर राय आदि उपस्थित रहे।

# ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र वर्मा तो मंत्री चुने गये रविंद्र कुमार यादव

**चुनाव**

## निर्विरोध सम्पन्न हुआ सफाई कर्मचारी संघ का चुनाव

जनसंदेश न्यूज

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** स्थानीय ब्लॉक में सफाई कर्मचारी संघ का चुनाव संपन्न हुआ जिसमें सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचित किये गये।

उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ आजमगढ़ के जिलाध्यक्ष शिवाकांत यादव एवं जिला मंत्री ओंकारनाथ द्वारा समस्त ब्लॉक शाखाओं के घोषित कार्यक्रम नामांकन (मतदान) के क्रम में रविवार को ब्लाक मुख्यालय अतरौलिया पर नामांकन पत्रों की बिक्री की गयी जिसमें ब्लाक अध्यक्ष पद के लिए वीरेंद्र वर्मा, मंत्री पद के लिए रविंद्र कुमार यादव, कोषाध्यक्ष पद के लिए जितेंद्र प्रसाद मौर्य, संगठन मंत्री पद के लिए रामनाथ, संप्रेषक पद के लिए प्रदीप कुमार यादव द्वारा नामांकन फार्म क्रय कर दाखिल किया गया। तत्पश्चात नामांकन पत्रों की जांच चुनाव अधिकारी राजेश कुमार यादव द्वारा किया गया।सभी नामांकन वैध पाए गए। किसी भी प्रत्याशी द्वारा नामांकन वापस नहीं लिया गया।सभी पदों के लिए केवल एक-एक वैध नामांकन प्राप्त हुआ। ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र वर्मा, मंत्री रविंद्र कुमार यादव, कोषाध्यक्ष जितेंद्र कुमार मौर्य, संगठन मंत्री रामनाथ, संप्रेषक प्रदीप कुमार यादव निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को चुनाव अधिकारी राजेश कुमार यादव ने बधाई दी। इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत जयप्रकाश सिंह, पूर्व सहायक विकास अधिकारी पंचायत अरविंद कुमार सिंह तथा ब्लॉक के कर्मचारी भी उपस्थित रहे।



पदाधिकारियों को प्रमाणपत्र देते चुनाव अधिकारी।

**लालगंज प्रतिनिधि** के अनुसार मुहम्मदपुर ब्लॉक में पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों का चुनाव किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से ब्लाक अध्यक्ष प्रभाकर नाथ यादव, मंत्री बृजेश सिंह पटेल,कोषाध्यक्ष बेचन लाल भारती, समप्रेषक बालचंद, ब्लॉक संगठन मंत्री धर्मराज निर्विरोध निर्वाचित हुए। चुनाव अधिकारी राजबहादुर चौधरी ने सभी प्रत्याशियों का निर्विरोध निर्वाचित होने पर बधाई दी। इस मौके पर मनीष कुमार मौर्य, लालजीत राम, लाल धारी, नीरज मिश्रा, राम नवल यादव, रामजन्म गुप्ता, कैलाश नाथ आदि उपस्थित थे।

## सैकड़ों लोगों ने ग्रहण की 'आप' की सदस्यता

**आजमगढ़।** कलेक्ट्रेट चौराहे पर सोमवार को आम आदमी पार्टी के प्रादेशिक सदस्यता अभियान का उद्घाटन पूर्वांचल प्रांत अध्यक्ष राजेश यादव द्वारा किया गया। कार्यकर्ताओं ने पूरे दिन कलेक्ट्रेट चौराहे पर सदस्यता अभियान चलाया जिसमें सैकड़ों लोगों ने आम आदमीं पार्टी की सदस्यता ली। प्रांत अध्यक्ष श्री यादव ने कहा कि सदस्यता निःशुल्क है और प्रदेश के प्रत्येक जिले में पार्टी के दस सदस्यों द्वारा यह कार्यक्रम लगातार चलाया जायेगा। महीने में एक सेवा का कार्यक्रम व विभिन्न मुद्दों पर एक आंदोलन का कार्यक्रम भी होगा। प्रदेश सरकार द्वारा दलितों, पिछड़ों, महिलाओं, छात्रों, नौजवानों, बेरोजगारों का लगातार शोषण की घटनाओं में इजाफा होता जा रहा है। लोगों को न्याय नहीं मिल रहा है। अपराध चरम सीमा पर है। इन सभी मुद्दों पर आम आदमीं पार्टी संघर्ष तेज करने के लिये संगठन गांव स्तर पर मजबूत करने के लिए बृहद कार्य योजना बनाकर काम शुरू कर दी है। इस अवसर मर जिलाध्यक्ष रविन्द्र यादव, राजन सिंह, कृपाशंकर पाठक, रमेश मौर्य, राजेश सिंह, उमेश यादव, रूपेश विश्वकर्मा, पीयूष यादव, रामरूप यादव, शरद चंद राघव, एमपी यादव, बाबूराम यादव, संतोष सिंह, सतीश यादव, अनिल यादव, संजय यादव आदि उपस्थित रहे।

# सफाई बिना सड़क पर बह रहा नाले का गंदा पानी

जनसंदेश न्यूज

**फूलपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय ब्लॉक के ग्राम सभा उदपुर में नाली के मरम्मत और साफ सफाई के अभाव में ओवर फ्लो होकर सड़क पर बह रहा है जिससे संचारी रोग फैलने की संभावना बढ़ गयी है। लोगों को आने जाने में जलालत झेलनी पड़ रही है। स्थानीय लोगों ने उच्चाधिकारियों से तत्काल नाली की मरम्मत और साफ सफाई की मांग की है।



सड़क पर लगा नाले का गंदा पानी।

खादा निजामपुरपिच मार्ग से उदपुर को जाने वाले चकमार्ग के बीच में बनी नाली का पटिया और नाली जगह-जगह टूट गयी है। नाली की साफ सफाई भी नहीं हो रही है जिसके कारण नाली बजबजा रही है। नाली का गंदा पानी ओवरफ्लो होकर सड़क पर बह रहा है जिससे संचारी रोग फैलने की संभावना बनी हुई है। दर्जनों घरों की आबादी है। लोग सड़क पर बह रहे गंदे पानी की सडांध से परेशान हैं। राजेन्द्र यादव, महेंद्र यादव, दयाराम यादव, नन्दलाल विश्वकर्मा, रमेश चंद्र मोदनवाल, याकूब अहमद, जय प्रकाश मोदनवाल, अब्दुल्लाह, राजमणि चौहान, मिस्टर, विजय विश्वकर्मा, बबलू विश्वकर्मा, मो. हारून, मटरू विश्वकर्मा आदि ने उच्चाधिकारियों से तत्काल नाली की मरम्मत और साफ सफाई की मांग किया है। इस संबंध में प्रभारी सहायक विकास अधिकारी पंचायत राधेश्याम यादव ने बताया कि जानकारी नही थी सफाई कर्मियों को भेज कर सफाई की व्यवस्था कराई जाएगी।

# गांव को समझकर अपना घर निकल पड़े जेसीबी लेकर

**अभियान**

## लालगंज ब्लॉक के बैरीडीह में समाजसेवी का सफाई अभियान

## संक्रामक रोगों से बचाव के लिए पहले भी कराया था दवा का छिड़काव

जनसंदेश न्यूज

**लालगंज (आजमगढ़)।** समाज को मान अपना परिवार और गांव को मान अपना घर, निकल पड़े जेसीबी लेकर। पूरे गांव में चलाया सफाई अभियान और कूड़े का निस्तारण कर दिया स्वच्छता का संदेश। लालगंज ब्लॉक के बैरीडीह गांव में सोमवार को कुछ ऐसा काम किया समाजसेवी ताहिर शेख ने, जिनके लिए हर कोई वाह कर उठा। उन्होंने पूरे गांव का कूड़ा-करकट फेंकवाया।

उन्होंने गांव की समस्याओं का समाधान करते हुए इतना अधिक कार्य करा दिया है कि गांव के लोग काफी गद्गद दिखाई दे रहे हैं। इसके पहले भी ताहिर शेख ने पूरे गांव में हजारों रुपये की दवा का छिड़काव केवल इसलिए कराया ताकि कीड़े-मकोड़े और मच्छर आदि का सफाया हो सके और लोगों को संक्रामक बीमारी का शिकार होने से बचाया जा सके।



बैरीडीह गांव में जेसीबी से हटाया जा रहा कूड़ा।

उनके इस कार्य से लोग काफी खुश नजर आ रहे हैं। गांव के लोगों ने बताया कि इससे पहले भी वह गांव के लिए काफी काम कर चुके हैं। लोगों का कहना है कि अगर हर गांव में एक-दो ऐसे लोग रहें तो शायद गांव में समस्याएं न हों। इससे पहले उन्होंने गांव से कई ट्रक कूड़ा हटवाया था। उन्होंने अपने निजी स्तर से गांव में लाइट भी लगवाई है, इंटरलॉकिंग भी लगवाया है। फागिंग मशीन इसलिए चलवाई गई, ताकि लोगों को मच्छरों से निजात हासिल हो सके। दवा का छिड़काव कराया गया, ताकि कीड़े मकोड़े और मच्छर आदि का सफाया हो सके। सबसे बड़ा कदम उनका गांव में प्रतिदिन 6 महीने से झाड़ू लगाया जा रहा है। इसकी लोग खूब सराहना कर रहे हैं।

# साइबर क्राइम का शिकार हुआ मोहम्मद सलमान

## दो खातों से निकाले गए 9399 रुपए

जनसंदेश न्यूज

**लालगंज (आजमगढ़)।** सोमवार को प्रातः साढ़े 8 बजे के करीब देवगांव कोतवाली क्षेत्र के बसही इकबालपुर निवासी मोहम्मद सलमान पुत्र रिजवानुल्लाह किसी परिजन को दिखाने के लिए वाराणसी के चिकित्सक डॉ.पोद्दार का ऑनलाइन नंबर ढूंढ कर काल किया तो वहां से नंबर लगाने के लिए एक फार्म भरने के बाद उनसे पांच रूपया भेजने के लिए कहा गया।

उन्होंने पांच रुपया भेजा ही था कि उनके खाते से 8 बज कर 49 मिनट पर 4999 रुपये निकाल लिए गए। इसके करीब एक घंटे बाद उनके दूसरे खाते से फिर 4400 रूपए निकाल लिए गए। इस प्रकार दो बार में पीड़ित के खाते से 9399 रुपए निकाल लिए गए जिससे पीड़ित काफी परेशान है।

पीड़ित मोहम्मद सलमान ने बताया कि पहली बार आनलाइन धोखाधड़ी के बाद खाते में पैसा न होने के उपरांत उन्होंने दूसरे खाते में किसी से पैसा मंगाया तो करीब एक घंटे के बाद पीड़ित के अनुसार 4400 रुपए दूसरे खाते से कैसे निकाल लिये गये यह बात किसी की समझ में नहीं आ रही है।

पीड़ित ने किसी प्रकार खाते का लेनदेन बंद कराया। पीड़ित मोहम्मद सलमान के अनुसार उनके मोबाइल पर ओटीपी तो आ रही थी लेकिन उन्होंने ओटीपी को किसी को बताया नहीं लेकिन खाते से फिर भी पैसा कैसे कट गया, उनकी समझ में नहीं आ रहा है।

समाचार लिखे जाने तक पीड़ित ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराने के साथ क्राइम सेल आजमगढ़ में इस संबंध में शिकायत दर्ज कराने के लिए गया हुआ था।

# एक के बाद एक होती रहीं चोरियां किसी का नहीं हो सका राजफाश

जनसंदेश न्यूज

**फरिहां (आजमगढ़)।** निजामाबाद थाना क्षेत्र के फरिहां पुलिस चौकी इलाके में एक के बाद एक चोरियां होती गईं। पुलिस ने रिपोर्ट भी दर्ज की, लेकिन एक भी घटना का राजफाश न होने से लोगों में भय बना हुआ है। कोई रात में जागकर खुद की हिफाजत की कवायद कर रहा है, तो एक परिवार ने दहशत के कारण अपना गांव ही छोड़ दिया।

अब तक हुई घटनाओं पर नजर डालें तो 9 मई की रात्रि चोरों ने लौटन राम पुत्र राजबली निवासी माधवपट्टी के घर में सेंध काटकर 40 हजार नकदी, सोने व चांदी के जेवर समेत लगभग 2 लाख का सामान साफ कर दिया। 21 सितंबर की रात चकिया हुसैनाबाद निवासी अरशद पुत्र मुमताज के घर में चोरों ने घुसकर नकदी व जेवरात समेत करीब 4 से 5 लाख रुपये के सामान पर हाथ साफ कर दिया। 2 सितंबर को अरशद जमाल निवासी फरिहां के घर

**फॉलो-अप**

## फरिहां क्षेत्र में चोरियों से भयभीत एक परिवार ने छोड़ा अपना गांव

## नकदी और कीमती सामान के साथ पशुओं को भी खोल ले गए चोर



में सीढ़ी के रास्ते घुसे चोरों ने 48 हजार नकदी व डेढ़ लाख का जेवर गायब किया।

15 सितंबर को पुलिस बूथ के बगल में रहने वाले हाशिम पुत्र बुक अब्दुल कलाम के घर से मोटर साइकिल गायब कर दिया। 9 अगस्त की रात फत्तनपुर गांव में रविंद्र के घर रात में चोरों ने सेंध काटकर नकदी और जेवर आदि गायब कर दिया। रविंद्र की पत्नी सुकाली ने थाने में मुकदमा दर्ज कराया। इस घटना से सुकाली इतनी सहम गई कि पति और पांच बच्चों के साथ घर छोड़ दिया। सुकाली ने फोन पर बताया कि अपने मायके फुलवरिया के डडारी नामक गांव में अपने पिता के घर पूरे परिवार के साथ रह रही है।

24 अक्टूबर की रात कुजियारी गांव में एक व्यक्ति के घर का ताला तोड़कर करीब 1.20 लाख नकद, 12 लाख का जेवर लेकर चंपत हो गए। उस समय पीड़ित परिवार बच्ची के इलाज के लिए आजमगढ़ गया था। पूरा परिवार हास्पिटल में था और चोरों नेघर खंगाल डाला।

25 अक्टूबर की रात उम्मा के पूरा गांव निवासी राम दरस की दो भैंस और पड़वा, बाबुराम के पूरा गांव में लल्लन यादव की एक भैंस गायब कर दिया। इतनी घटनाओं में एक भी राजफाश पुलिस नहीं कर सकी।

# रेणु नदी में नहाने गयी दो सगी बहनों समेत तीन किशोरियां डूबीं, दो शव हुए बरामद

दुःखद

## बर्दिया कंपार्ट नंबर चार के पास हुआ हादसा किशोरियों की तलाश को उतरे गोताखोर

जनसंदेश न्यूज


शवों की तलाश के लिए नदी में उतरने की तैयारी में गोताखोर

**चोपन।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बर्दिया कंपार्ट नंबर चार के पास रेणु नदी में सोमवार को नहाने गयी सगी बहनों समेत तीन लड़कियां डूब गईं। लड़कियों के साथ मौजूद एक अन्य लड़की ने घरवालों को घटना की सूचना दी। उधर सूचना पर पहुंचे ग्रामीण तलाश में जुट गये।

घटना की खबर लगते ही पुलिस ने गोताखोरों व फायर ब्रिगेड के कर्मियों को नदी में उतारकर तलाश शुरू करा दिया। देर शाम तक दो शवों को बरामद कर लिया गया था।

छठ महापर्व के पूर्व हुई घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। बताया गया कि राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज के समीप बर्दिया कंपार्ट नंबर चार निवासी केदार की पुत्री सरिता 10, सुनीता 12, उषा 14 और काजल 9 के साथ रेणु नदी के किनारे पशु चराने गई थीं। वहां चारों नदी में उतरकर नहाने लगी। नदी में किनारे पानी कम था, लेकिन आगे की गहराई का अंदाजा न होने से चारों नहाते हुए गहरे पानी में चली गईं और डूबने लगीं।

सरिता, सुनीता और उषा को नदी में डूबते देख उनके पीछे रही काजल भागकर बाहर आई और घटना की सूचना घरवालों को दी। कुछ ही देर में परिजन और ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। मौके पर पुलिस और ओबरा एसडीएम विवेक सिंह भी पहुंच गए। गोताखोरों व फायर ब्रिगेडकर्मियों ने नदी में उतरकर डूबी लड़कियों की तलाश शुरू की। काफी प्रयास के बाद दो शवों को बाहर निकाला गया। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। एसओ विजय चौरसिया ने बताया कि नदी में जाल डालकर उषा व सरिता का शव बरामद कर लिया गया है जबकि सुनीता के शव की तलाश जारी थी।

## बदमाशों ने की युवक की पिटाई, मामला दर्ज

**रेणुकूट।** पिपरी नगर पंचायत के वार्ड नंबर सात की रहने वाली गीता सिंह अपने 20 वर्षीय पुत्र रोहन सिंह को नगर के चार युवकों द्वारा नशे की हालत में धुत होकर गाली गलौज कर डंडे से पिटाई किए जाने एवं जान से मारने की धमकी देने को लेकर पिपरी थाने में तहरीर देकर जान की रक्षा की गुहार लगाई है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है। नपं पिपरी के वार्ड सात के नेपाली मुहल्ला निवासिनी गीता सिंह ने पिपरी पुलिस को दिए तहरीर में नगर के ही चार युवकों पर अपने बेटे की बेरहमी से पिटाई का आरोप लगाया है। प्रार्थना पत्र में उसने बताया कि बीते 31 अक्टूबर की देर रात उसका पुत्र रोहन अपना बर्थडे पार्टी मना कर दोस्त गोलू को छोड़ने उसके घर रेणुकूट जा रहा था। तभी रास्ते में नगर के रहने वाले विकास सोनी, सूरज शाह, अमन शूटर और सरफराज ने रोक कर गाली गलौज की। शराब के नशे में धुत चारों युवक कार से डंडे निकाल कर रोहन पर हमला कर दिये। घायल अवस्था में रोहन को हिंडाल्को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। पीड़ित परिवार ने पुलिस से न्याय की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ प्रताप सिंह ने बताया कि मारपीट का मामला सामने आया था। लेकिन बाद में दोनों पक्षों ने आपस में सुलह समझौता कर लिया है।

# जयंती पर याद किये गये सरदार पटेल, दी गयी श्रद्धांजलि



**रेणुकूट।** मुर्धवा स्थित राधा कृष्ण मंदिर के सत्संग भवन में रविवार की शाम पटेल सेवा समिति द्वारा लौह पुरुष भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की 149 वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस रूप में मनाई गई। अतिथियों एवं अन्य वक्ताओं ने सरदार पटेल की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों पर चलकर देश को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक मिर्जापुर सोनभद्र के अध्यक्ष डा. जगदीश सिंह पटेल व विशिष्ट अतिथि वासुदेव सिंह, बृजराज सिंह पटेल, मिथिला सिंह, रमेश सिंह ने सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। समिति के सदस्यों ने मुख्य अतिथि को माला अंगवस्त्रम पहनाकर उनका स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि लौह पुरुष भारत रत्न वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय एकता के प्रतीक हैं। हर वर्ष मनाये जाने वाली उनकी जयंती उनके द्वारा खंड-खंड रियासतों और देश के भूखंड को अखंड राष्ट्र बनाने की परिकल्पना को साकार करने के संकल्प को याद दिलाता है। गुजरात में विश्व की सबसे बड़ी प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी बनाकर प्रधानमंत्री ने सरदार वल्लभभाई पटेल के संकल्पों को पूरा करने का संदेश दिया है। हमें जाति पाति से ऊपर उठकर अपने राष्ट्र के निरंतर उत्थान के लिए वल्लभभाई पटेल के आदर्शों का अनुसरण करना चाहिए। महासचिव अजय बहादुर सिंह, संरक्षक गोपाल सिंह, अध्यक्ष मनवीर आजाद, उपाध्यक्ष गणेश पटेल समेत अन्य वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किये। वहीं बच्चों ने कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस मौके दिग्विजय सिंह, नंदलाल सिंह, दयाराम सिंह, वासुदेव सिंह, गिरधर लाल आर्य, आकाश, बाबू सिंह समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## संक्षेप

### संघर्ष फ्रेंड्स क्लब ने जीता वालीबॉल प्रतियोगिता का खिताब

**बीजपुर।** युवा जनकल्याण सेवा संस्था के तत्वावधान में रविवार को एक दिवसीय बालीबाल का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान डोडहर केपी पाल ने सर्वप्रथम फील्ड में पूजा अर्चन करने के बाद फीता काटकर खेल का आरम्भ कराया। महिला शसक्तीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पुरुषों के साथ पहली बार बालिकाओं के लिए बालीबाल खेल का आयोजन किया गया। बालिकाओं का मैच ब्लैक बर्ड्स और रेड राइडर के बीच खेला गया, जिसमें रेड राइडर ने ब्लैक बर्ड्स पर 21-14,21-8 हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। पुरुषों में आठ टीमें समथरहवा ए, समथरहवा बी, युवा क्लब लीलाडेवा, डायमंड क्लब डोडहर, नेमना, दनुआ, दुबई ब्वायज, संघर्ष फ्रेंड्स क्लब बखरिहवा प्रतिभाग कीं। फाइनल के संघर्ष पूर्ण मुकाबले में संघर्ष फ्रेंड्स लगातार दोनों सेटों में दुबई ब्यॉज को 25-19,26-24 से हराकर ट्राफी अपने नाम कर लिया। निर्णायक की भूमिका संजीव सिंह व नंदलाल ने निभाई। प्रधान ने कहा कि भविष्य में भी इस तरह के खेल होते रहने चाहिए। इस मौकेम पर रामरतन, राम बरन वैश्य, मेघनाथ वैश्य, ममता, बेगम अफसाना, रामप्रताप पनिका, राजेश, विष्णु दयाल, नंदलाल, बाल मुकुंद, रूपेश कुमार गुप्ता समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### 15 हजार का इनामी अपराधी गिरफ्तार

**ओबरा।** जनपद में अपराध की रोकथाम को लेकर चल रहे अभियान के क्रम में सोमवार को थाना प्रभारी राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में आई एस-128 गैंग का सक्रिय सदस्य कुन्नू लाल अगरिया पुत्र जवाहर अगरिया निवासी झरकटिया, चितरंगी, सिंगरौली को मुखबिर की सूचना पर पटवा टोला कनहरा मोड़ से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी धारा 3(1) उत्तर प्रदेश गिरोह बंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986,का वांछित अभियुक्त था। वह लगभग 8 महीने से फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा करीब एक माह पूर्व 15 हजार रुपए का पुरस्कार घोषित किया गया था। इस क्रम में पुलिस टीम ने उसे दबोच लिया। टीम में प्रभारी निरीक्षक के साथ उप निरीक्षक सतीश कुमार सिंह, अवधेश कुमार सिंह, रोहित कुमार सरोज, सत्येंद्र कुमार शामिल रहे।

### दो परचून दुकानों से हजारों की चोरी

**डाला।** चोपन थाना क्षेत्र के तेलगुड़वा स्थित पिता-पुत्र की दो परचून दुकान से चोरों ने नगदी समेत हजारों के सामान पर हाथ फेर दिया। पीड़ित दुकानदार जसवंत ने चोपन थाना में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित ने बताया कि प्रत्येक दिन की तरह रविवार देर शाम भी दुकान बंद कर सोने चले गए। सोमवार को सुबह आकर देखा तो हमारी व हमारे पिता उमेश पासवान की दुकान का सीट उखड़ा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो दोनों दुकान से लगभग 55 हजार रूपए का राशन व पांच हजार रुपए नगदी गायब थी। चोरी की इस घटना से पूरा परिवार भयभीत है।

### जनजातीय गौरव दिवस की तैयारियों पर हुई चर्चा

**डाला।** आगामी जनजातीय गौरव दिवस मनाने की तैयारियों को लेकर सोमवार को बारी स्थित सेवा समर्पण संस्थान खन्ना कैंप में चोपन ब्लाक समिति द्वारा बैठक कर विचार विमर्श किया गया। समिति के अध्यक्ष रामचंद्र गोंड ने बताया कि आगामी 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम बभनी वनवासी कल्याण आश्रम में आयोजित होगा। इसके बाद 20 नवंबर को बभनमरी में होना सुनिश्चित हुआ है। वनवासी कल्याण आश्रम के जिला संगठन मंत्री शिव प्रसाद ने बताया कि जनजातीय गौरव दिवस पर आदिवासियों के प्रयासों को मान्यता देने के लिए सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और राष्ट्रीय गौरव, वीरता, और आतिथ्य जैसे भारतीय मूल्यों को प्रोत्साहित किया जाता है। जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर हर साल 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस मनाया जाता है। इस मौके पर शंभू सिंह गोड़, बाल मुकुंद गोंड, सीताराम, रघुनाथ, बृजेश सिंह, जितेंद्र, विशंभर खरवार आदि मौजूद रहे।

### कवि सम्मेलन एवं मुशायरा का आयोजन 25 को

**दुद्धी।** कौमी एकता सप्ताह के अंतर्गत प्रतिवर्ष आयोजित की जाने वाली अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं मुशायरे का आयोजन आगामी 25 नवंबर को होना सुनिश्चित हुआ है। यह जानकारी देते हुए कौमी एकता समिति के अध्यक्ष रामलोचन तिवारी ने बताया कि सोमवार को सिविल बार कक्ष में आयोजित आम बैठक में यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। 25 नवंबर को 39वॉं कवि सम्मेलन एवं मुशायरे का आयोजन होना है। जिसमें देश के नामचीन कवि शामिल होंगे। इस मौके पर राजकुमार अग्रहरि, डा. कृष्ण कुमार चौरसिया, रामेश्वर रॉय, मदन मोहन तिवारी, जगदंबा जौहरी, इब्राहिम खां, दीपक तिवारी समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

# राज्यमंत्री ने हरी झंडी दिखाकर रवाना की अवेयरनेस रैली

यातायात माह

## बताए गए ट्रैफिक नियम

## सड़क सुरक्षा जागरूकता माह का शुभारम्भ, 18 साल से कम उम्र में गाड़ी चलाना कानूनी अपराध


जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते राज्यमंत्री

**सोनभद्र।** राबट्र्सगंज मुख्यालय पर सोमवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का शुरूआत की गई। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री संजीव सिंह गोंड ने यातायात जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया। इस रैली के माध्यम से पूरे जिले में नवंबर महीने भर सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। बता दें कि हर साल शासन के निर्देश पर नवंबर माह को यातायात माह के रूप में मनाया जाता है।

कार्यक्रम के दौरान हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करने की अपील की गई। साथ ही ओवर स्पीडिंग और ओवरलोडिंग जैसी समस्याओं पर भी ध्यान केंद्रित किया गया। विशिष्ठ अतिथि जिलाधिकारी बीएन सिंह ने कहा कि इस जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है। हम सभी से अपील करते हैं कि वे सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने स्पष्ट किया कि नशे की हालत में वाहन चलाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। एआरटीओ धनवीर यादव ने कहा कि हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह यातायात नियमों का पालन करें। यातायात माह के तहत आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्कूली बच्चों, नागरिकों और वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है। इससे सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली जान-माल की क्षति को कम करने की उम्मीद है। इस मौके पर चेयरमैन रूबी प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, सीएमओ डॉ. अश्वनी कुमार, क्षेत्राधिकारी संजीव कटियार, प्रभारी निरीक्षक यातायात अविनाश कुमार सिंह, शहर कोतवाल सतेंद्र राय आदि मौजूद रहे।

# जनवरी से अक्टूबर तक 225 लोगों की गई सड़क हादसों में जान, 217 घायल

कार्यक्रम

## हादसों के पीछे यातायात नियमों की अनदेखी, अतिक्रमण व तेज गति वाहन चलाना बन रहा कारण


वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग पर कुछ इस कदर अतिक्रमण

**सोनभद्र।** एक नवम्बर से यातायात माह की शुरूआत हो गई है। सड़क सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन की तरफ से तमाम कवायदों के बावजूद हादसा थमने का नाम नहीं ले रहा है। सड़क सुरक्षा बैठक, गोष्ठियां, विद्यालयों में सड़क सुरक्षा नियमों का पाठ आदि जागरूकता कार्यक्रम चलाने के बाद भी जनपद सोनभद्र में एक जनवरी से अक्टूबर 2024 तक सड़क दुर्घटना में मृतकों की संख्या 225 पहुंच गई है। जबकि हादसे में घायल होने वालों की संख्या 217 है। टैफिक पुलिस से मिले आंकड़ों के अनुसार इस वर्ष अब तक कुल 77977 वाहनों का चालान किया गया जबकि 387 वाहन सीज किए गए। इसमें 34741 मोटरसाइकिल बगैर हेलमेट का चालान किया गया। सबसे कम चालान 126 शराब पीकर चलाने वालों का हुआ। लगातार हो रहे सड़क हादसों के पीछे यातायात नियमों की अनदेखी, सड़कों पर अतिक्रमण व तेज गति वाहन चलाना कारण साबित हो रहा है। इस पर रोक थाम के लिए जिला प्रशासन को टीम तैयार कर कार्रवाई की जरूरत है। प्रबुद्ध लोगों का कहना है कि रावर्ट्सगंज में इमरती कालोनी से लेकर चुर्क तिराहा तक व चंडी तिराहा से रिलाइंस पेट्रोल पम्प के आसपास हाइवे किनारे वाहनों का सड़क पर खड़ा करने वालों, बालू गिट्टी सड़क पर गिराकर बेचने वालों के विरूद्ध भी कार्रवाई किया जाना चाहिए।

# 22 बदमाशों पर गैंगस्टर के तहत कार्रवाई

सख्ती

## अपराध कर अर्जित की गई संपति को किया जाएगा कुर्क

**सोनभद्र।** पशु तस्करों के विरूद्ध पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। एसपी अशोक कुमार मीणा के निर्देश पर तीन गैंग के 22 बदमाशों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पशु तस्करों के संपति की भी जांच कराई जाएगी। साथ ही अपराध कर अर्जित की गई संपति को नियमानुसार कुर्क कराने की कार्रवाई भी की कराई जाएगी। उधर पुलिस का शिकंजा कसते ही पशु तस्करी में लिफ्त लोगों में खलबली मच गई है। पहले मामले में मांची थाना प्रभारी सूर्यभान के मुताबिक रामपुर बरकोनिया थाना के चिचलिक निवासी राजकुमार यादव का एक गिरोह सक्रिय है, जो पशुओं की तस्करी में संलिप्त है। गिरोह के सदस्यों में करौदिया निवासी प्रमोद गोंड, संतोष गोंड, जगप्रसाद गोंड, निरंजन गोंड, रामपुर निवासी विनोद यादव, बैजनाथ निवासी श्रवण पनिका, रामपुर निवासी छविनाथ उर्फ छब्बी, मांची थाना के सोमा निवासी संतोष धांगर सुसंगठित गिरोह बनाकर पशु तस्करी में संलिप्त हैं। पुलिस ने सभी आठ आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। कोन थाना प्रभारी गोपाल जी गुप्ता ने बताया कि भदोही के भुलईपुर निवासी गैंग लीडर मनोज यादव का एक संगठित गिरोह सक्रिय है। जिसमें भदोही के हरदोपट्टी निवासी नागेंद्र पाल, वाराणसी के दादूपुर निवासी किशन पटेल, कोईलार कपसेठी निवासी अरुण यादव, दादूपुर धौकलगंज निवासी रविंद्र पाल उर्फ रविशंकर, कोईलार निवासी उमेश राजभर मुख्य हैं। जो जिले के साथ ही आस-पास के जनपदों से गोवंश को कम दाम में खरीद कर अधिक कीमत में बेचने के लिए पिकअप में लादकर वध के लिए झारखंड के रास्ते पश्चिम बंगाल ले जाते हैं। रायपुर थानाध्यक्ष रामदरश राम ने बताया कि सरईगाढ निवासी गैंग लीडर अनिल प्रजापति उर्फ झगडू का गैंग सक्रिय है। जो अपने गिरोह के सदस्यों पप्पू अगरिया, सोनबरसा निवासी नथुनी हरिजन, रायपुर निवासी अमीर हसन, वाराणसी के लठिया रोहनिया निवासी अनीस कुमार, बच्छाव निवासी करन जायसवाल, भभुआ (बिहार) के झरिया निवासी विकास यादव के साथ मिलकर गो तस्करी करता है। इस तरह तीन मामलों में पुलिस ने कुल 22 पशु तस्करों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### फरार वारंटी गिरफ्तार

**ओबरा।** एसपी के निर्देश पर अपराध रोकथाम को लेकर फरार चल रहे अपराधियों तथा वारंटियों की गिरफ्तारी के क्रम में प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सोमवार को वारंटी चिन्नी लाल पुत्र राम कृपाल कोल निवासी झरकटिया, चितरंगी, सिंगरौली मध्य प्रदेश को मुखबिर की सूचना पर पटवा टोला कनहरा मोड़ से सोमवार की भोर में गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक श्री सिंह ने बताया कि चिन्नी लाल के खिलाफ मा. न्यायालय से एनबीब्ल्यू तथा 82 सीआरपीसी के तहत गिरफ्तारी का आदेश जारी किया गया था। बावजूद वह न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं हो रहा था। टीम में प्रभारी निरीक्षक के अलावा सतीश कुमार सिंह, अवधेश सिंह, रोहित कुमार, सरोज, सत्येंद्र शामिल रहे।

# 24 दिसंबर से नगर में गूंजेगी मानस की चौपाइयां

बैठक

## पंडित सूर्य लाल मिश्र के मुखारविंद से होगा नौ दिवसीय रामचरितमानस का पाठ


बैठक को संबोधित करते अध्यक्ष सत्यपाल जैन

**सोनभद्र।** श्री रामचरितमानस नवाह पाठ महायज्ञ समिति की बैठक रविवार की देर रात नगर के रामलीला मैदान के सभागार में समिति के संरक्षक अजय शेखर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष सत्यपाल जैन ने बताया कि रामचरितमानस नवाह पाठ महायज्ञ का यह 30 वा वर्ष होगा महायज्ञ 23 दिसंबर से प्रारंभ होकर एक जनवरी 2025 तक चलेगा और 2 जनवरी को विशाल भंडारा और भव्य शोभायात्रा का आयोजन होगा।

23 दिसंबर को रात्रि दस बजे श्री राम दरबार मूर्ति की स्थापना, 24 दिसंबर से एक जनवरी 2025 तक प्रातः पूजन, आरती, प्रसाद वितरण होगा। महायज्ञ में काशी से पधारे श्री रामचरितमानस के मर्मज्ञ पंडित सूर्य लाल मिश्र के आचार्यकत्व मे111भूदेवों के साथ श्री रामचरितमानस का संगीतमय पाठ किया जाएगा।

महामंत्री सुशील पाठक ने बताया कि- रात्रि में अयोध्या से पधारे रामकथा व्यास नीरज भैया की टोली द्वारा प्रतिदिन रामकथा का संगीतमय वाचन किया जाएगा। इस दौरान वर्ष 2023-24 श्री रामचरितमानस नवाह पाठ के आय-व्यय विस्तृत विवरण महामंत्री सुशील पाठक एवं राकेश त्रिपाठी द्वारा प्रस्तुत किया गया। बैठक में मुख्य रूप से समिति के संरक्षक इंद्रदेव सिंह, ओमप्रकाश त्रिपाठी, मिठाई लाल सोनी, अयोध्या दूबे, हरीश अग्रवाल, सुधाकर पांडे, संगम गुप्ता, धर्मराज सिंह, बबलू चौबे, धर्मवीर तिवारी, जितेंद्र श्रीवास्तव, संजय अग्रवाल, राजेश बंसल, राजेश सोनी, रविंद्र पाठक, सुधाकर दुबे, अजीत जायसवाल, विमलेश पटेल, सुदीप शुक्ला, प्रमोद गुप्ता, पवन जैन, सुंदर केसरी सहित 82 सदस्य गण उपस्थित रहे।

# छठ पूजा की तैयारी युद्धस्तर पर, नपं अध्यक्ष ने किया घाट का निरीक्षण



चोपन में छठ घाट का निरीक्षण करते नपं अध्यक्ष

**चोपन।** नगरवासी छठ पूजा की तैयारी में जुट गए हैं। आस्था के इस महापर्व को लेकर नगर पंचायत ने युद्धस्तर पर तैयारियां शुरू कर दी हैं। छठ घाटों पर साफ-सफाई के साथ-साथ रंगाई-पुताई का कार्य भी जोरों पर है। नगर पंचायत ने छठ घाटों पर विशेष ध्यान दिया है। आमजन के लिए घाट तक पहुंचने वाले मार्गों की व्यवस्थित तरीके से साफ-सफाई की जा रही है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। अधिकारी लगातार तैयारियों का निरीक्षण कर रहे हैं, जिससे कि छठ पूजा के दौरान लोगों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित की जा सके। छठ पूजा की धार्मिक और सांस्कृतिक महत्ता को देखते हुए प्रशासन की तरफ से घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इसके साथ ही घाटों पर हेल्थ कैंप भी लगाया गया है। इस क्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली ने सोमवार को छठ घाट का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि छठ पूजा के इस महापर्व को भक्तजनों के लिए सुरक्षित और सुखद बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। इस मौके पर राजा मिश्रा, सुनील सिंह, अमित सिंह, दया सिंह, रजनीकांत सिंह, जीतू सिंह, सत्यप्रकाश तिवारी, रंजीत सिंह, राधारमण पांडेय, घनश्याम चौधरी, अंकित पांडेय, विवेक यादव आदि मौजूद रहे।

### दुद्धी में एसडीएम ने छठ घाट का लिया जायजा

**दुद्धी।** एसडीएम निखिल यादव, सीओ प्रदीप सिंह चन्देल ने नपं अध्यक्ष कमलेश मोहन के साथ मंगलवार को क्षेत्र के छठ घाट का निरीक्षण किया। क्षेत्र के रजखड़, बीड़र के दुर्गावती छठ घाट और शिवाजी तालाब दुद्धी के छठ घाट का निरीक्षण कर घाटों पर महिलाओं को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली गयी। कन्हैया लाल अग्रहरि ने घाट पर मंच की व्यवस्था, गंगा आरती, टेंट, डेकोरेशन, लाइट सहित अन्य सुविधाएं देने को लेकर जानकारी दिया। इस मौके पर प्रेम नारायण मोनू सिंह, धीरज जायसवाल, अमरनाथ जायसवाल समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

# न्यायालय परिसर में हुए लाठीचार्ज की सीबीआई जांच की मांग

बैठक

## गाजियाबाद में अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज के विरोध वकीलों ने निकाला जुलूस


दुद्धी में जुलूस निकालते अधिवक्ता

**सोनभद्र/दुद्धी।** गाजियाबाद में अधिवक्ताओं पर हुई लाठीचार्ज से जिले में नाराज अधिवक्ताओं ने सोमवार को आक्रोश जताते हुए जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया। वहीं गाजियाबाद पुलिस के विरोध में नारे लगाकर घटना की न्यायिक जांच कराते हुए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। सोनभद्र बार एसोसिएशन की अध्यक्ष पूनम सिंह और डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष श्याम बिहारी यादव के संयुक्त नेतृत्व में प्रदर्शन कर रहे अधिवक्ताओं ने गाजियाबाद में हुई घटना की निंदा की।

कहा कि अपने अधिकारों के रक्षा की आवाज उठा रहे अधिवक्ताओं पर बर्बरता पूर्वक लाठीचार्ज ने अंग्रेजी हुकूमत की याद दिला दी है। इसे किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। लाठीचार्ज में शामिल रहे पुलिसकर्मियों व न्यायिक अधिकारियों के भूमिका की उच्चस्तरीय जांच कर कार्रवाई की जानी चाहिए। ऐसा न होने पर पूरे प्रदेश के अधिवक्ता उग्र आंदोलन को विवश होंगे। प्रदर्शन में लालता प्रसाद पांडेय, डॉ. अतुल प्रताप सिंह, गंगेश्वर प्रसाद सिंह, संजय गोयल, आशुतोष दुबे, अनुज अवस्थी, महामंत्री राजीव सिंह गौतम, मो. सलीम कुरैशी आदि शामिल रहे। दुद्धी संवाददाता के अनुसार-सिविल बार एवं दुद्धी बार एसोसिएशन ने न्यायिक कार्य से विरत होकर संयुक्त रूप से जुलूस निकाल कर नगर भ्रमण कर विरोध प्रदर्शन करते हुए नारे लगाए। अधिवक्ताओं का जुलूस दुद्धी मुंसिफ कोर्ट से निकलकर तहसील मोड़, संकट मोचन मंदिर, अमवार मोड़ होकर तहसील परिसर पहुंच कर जमकर नारेबाजी किया।

प्रभु सिंह, कुलभूषण पांडेय, रामपाल जौहरी, जितेंद्र श्रीवास्तव, विष्णुकांत तिवारी ने कहा कि गाजियाबाद जिला सत्र न्यायालय में हुए लाठीचार्ज की घटना की सीबीआई जांच कराई जाए, घायल अधिवक्ता को 10-10 लाख का मुआवजा दिया जाए। अधिवक्ताओं ने एसडीएम निखिल यादव को मुख्यमंत्री को नामित ज्ञापन सौंप तहसील में हो रहे भ्रष्टाचार की शिकायत की। एसडीएम ने आश्वासन दिया कि किसी भी तहसील कर्मी द्वारा लापरवाही बरती जाती है तो कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर राजेन्द्र प्रसाद, सत्यनारायण यादव, छोटे लाल, अविनाश, पीसी गुप्ता, आदर्श जायसवाल, सुखसागर यादव, दिलीप पांडेय समेत तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से कस्बा इंचार्ज एमपी सिंह पुलिस कर्मियों के साथ लगे रहे।

### लापता किशोर को पुलिस ने 24 घण्टे के अंदर किया बरामद

**म्योरपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के किरबिल गांव में घर से नाराज होकर निकले किशोर को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर बरामद करके परिजनों को सुपुर्द कर दिया। बताया गया कि किरबिल ग्राम पंचायत के हरी प्रसाद पुत्र रामदेव ने थाने पर आकर अपने 17 वर्षीय पुत्र राजा कुमार के नाराज होकर बिना बताये घर से चले जाने की सूचना दी थी। इकलौते पुत्र के लापता हो जाने के बाद रोते बिलखते परिजनों को देखकर प्रभारी निरीक्षक हेमंत सिंह ने सर्विलांस टीम के माध्यम से किशोर के नंबर को ट्रेस करने का प्रयास किया। सूचना पर लोकेशन के आधार पर राजा कुमार के मण्डुआडीह रेलवे स्टेशन वाराणसी पर होने की बात पता चली। सूचना मिलने के 24 घंटे के भीतर ही घर से नाराज होकर निकले किशोर को मण्डुआडीह रेलवे स्टेशन से पुलिस ने बरामद कर लिया। इसके बाद परिजनों को बुलाकर सकुशल सुपुर्द कर दिया गया। टीम में सुधीर चौधरी, शिवपूजन द्विवेदी शामिल रहे।

# हरियाणा निर्मित 12 लाख की अवैध शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**सफलता**

### बलुआ पुलिस ने डीसीएम से 1700 लीटर अवैध शराब किया बरामद

**चहनियां।** बलुआ पुलिस ने सैदपुर गाजीपुर के रास्ते से बिहार के लिए तस्करी को जा रही एक डीसीएम पर लदे 12 लाख की हरियाणा की शराब को बराम किया है। इस पुलिस कार्यवाही में 1700 लीटर अवैध शराब के साथ दो तस्कर पुलिस के हत्थे चढ़े। पुलिस ने दोनों को आबकारी अधिनियम के तहत निरूद्ध कर जेल भेज दिया।

सकलडीहा क्षेत्राधिकारी रघुराज ने बताया कि थाना प्रभारी बलुआ डा.आशीष कुमार मिश्रा द्वारा गठित टीम के एसआई तरुण पाण्डेय मय हमराह द्वारा मजिहदां पुलिया पर रात में चेकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक डीसीएम गाड़ी जो कि गाजीपुर-सैदपुर पुल के रास्ते आ रही है, जिसमें अवैध अंग्रेजी शराब लदी है। जो चन्दौली के रास्ते बिहार जाने वाली है। सूचना पर मजिदहां पुलिया पर थाना बलुआ व जनपदीय एसओजी टीम द्वारा संयुक्त रूप से चेकिंग प्रारम्भ की गई। कुछ देर बाद एक डीसीएम सामने से आती दिखाई दी। पुलिस टीम द्वारा सामने से आ रहे वाहन को रुकने का इशारा करने पर वाहन चालक व सहचालक वाहन खड़ा करके भागने लगे। जिस पर पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी करके दोनों अभियुक्तों को 2:30 बजे गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान राजेन्द्र राय निवासी ग्राम नगवा थाना भगवानपुर द्वारा जिला सिवान (बिहार) व शैलेन्द सिंह निवासी ग्राम पुणरी पोस्ट पुणरी थाना नवाबगंज जिला फरुर्खाबाद के है। दोनों अभियुक्तों नें संयुक्त रूप से पूछताछ पर ज्ञात हुआ कि गाडी में शराब लदी है जिसको हम लोग हरियाणा के सूरजकुण्ड से लादकर ले आ रहे है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से डीसीएम वाहन से कुल 190 पेटी में लगभग 1700 लीटर आफिसर्स च्वाइस ब्राण्ड की हरियाणा निर्मित अवैध अग्रेजी शराब बरामद किया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में डा. आशीष कुमार मिश्र प्रभारी निरीक्षक, चौकी प्रभारी कैलावर अनिल कुमार यादव,चौकी प्रभारी मारूफपुर तरुण पाण्डेय, एसआई पारसनाथ यादव, पवन कुमार बिन्द, शिवराज मौर्या, सुग्रीव चौरसिया, शिशिर यादव, रामजी पाण्डेय, आशीष मिश्रा प्रभारी एसओजी टीम/सर्विलांस सेल, विजेन्द्र कुमार सिंह, अरविन्द भारद्वाज, राणा प्रताप सिंह, आनन्द सिंह, राजेश यादव, अजीत सिंह, मनोज कुमार, मनीष कुमार रहे।


बलुआ थाने में प्रेस कांफ्रेंस में जानकारी देते सीओ रघुराज व इंस्पेक्टर डॉ. आशीष मिश्रा।

# 71 प्रार्थना पत्रों में पांच का निस्तारण

**समाधान दिवस**

### तहसील दिवस में मौजूद सभी अधिकारियों को संबंधित प्रार्थना पत्रों का समय रहते निस्तारण करने के दिए निर्देश

**चंदौली।** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में तहसील चकिया सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर कुल 71 प्रार्थना पत्र पड़े, जिनमें से 05 प्रार्थना पत्र का मौके पर निस्तारण हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस पर इलिया थाना क्षेत्र के बरांव ग्राम पंचायत अंतर्गत सिहोरियां मौजा निवासी किसान विक्रम चंद्र गुप्ता की फरियाद सुन तहसीलदार सुभाष चंद्र को तलब कर कड़ी फटकार लगाई। निर्देश दिया कि तत्काल नायब तहसीलदार की नेतृत्व में राजस्व कार्यों की टीम गठित भूमि की पैमाइश की जाए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में स्वास्थ्य, कृषि विभाग में स्टॉल लगाकर लोगों को जन कल्याण योजनाओं की जानकारी दी। जिलाधिकारी ने तहसील दिवस में मौजूद सभी अधिकारियों को संबंधित प्रार्थना पत्रों का समय रहते निस्तारण करने के सख्त निर्देश दिए। तहसील दिवस के अन्त में जिलाधिकारी ने वहां पर उपस्थित समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी को सख्त निर्देश दिए हैं कि यदि किसी विभाग का प्रकरण लंबित अगले तहसील दिवस तक पाया जाएगा तो विभागीय कार्रवाई तत्काल सुनिश्चित किया जाएगा। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक, उप जिलाधिकारी दिव्या ओझा, पीडी डीआरडीए, जिला विकास अधिकारी, उप कृषि निदेशक, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, डीपीआरओ, तहसीलदार, क्षेत्राधिकारी, खंड विकास अधिकारी सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।


चकिया में समाधान दिवस के दौरान फरियाद सुनते डीएम व एसडीएम।

## संक्षेप

### पर्वतराज हिमालय की तपस्या से प्रगट हुई जगदंबाः बालकदास


अमाव गांव में कथा कहते बालकदास।

शहाबगंज। क्षेत्र के अमांव गांव स्थित कर्मनाशा नदी के तट पर बाबा मुरलीधर के मैदान पर चल रहे नवदिवसीय संगीत मय रामकथा पहली निशा में कथा व्यास पातालपुरी के पीठाधीश्वर बालकदास ने शिव पार्वती के विवाह प्रसंग सुनाया। इस दौरान शिव पार्वती विवाह की झांकी भी सजाई गई। कथा व्यास ने कहा कि पर्वतराज हिमालय की घोर तपस्या के बाद माता जगदंबा प्रगट हुई और उन्होंने बेटी के रूप में उनके घर अवतरित होने का वरदान दिया इसके बाद माता पार्वती हिमालय के घर अवतरित हुई बेटी की बड़ी होने पर पर्वतराज को उनकी शादी का चिंता सताने लगा लगी। कहा कि माता पार्वती बचपन से ही बाबा भोलेनाथ की अनन्य भक्त थी एक दिन पर्वतराज के घर महर्षि नारद पधारे और उन्होंने भगवान भोलेनाथ के साथ पार्वती के विवाह का संयोग बताया कहा। नंदी पर सवार भोलेनाथ जब भूत पिशाच के साथ बारात लेकर पहुंचे तो देख पर्वत राज और उनके परिजन अचंभित हो गये। लेकिन माता पार्वती ने खुशी से भोलेनाथ को पति के रूप में स्वीकार कर लिया, विवाह प्रसंग के दौरान शिव पार्वती की झांकी पर श्रद्धालुओं ने पुष्प बरसाया। शिव पार्वती विवाह में श्रद्धालु झूमकर विवाह गीत गाने लगे। इस दौरान राजनरायन, राजू, सुनिल सिंह, दिनेश सिंह, संजय, बजरंगी, श्याम नारायण, अजय, सुनिल सोनकर उपस्थित रहे। संचालन अवधेश जायसवाल ने किया।

### युगांन्धर सेवा समिति के कार्यकर्ताओं ने की छठ घाटों की सफाई

**शहाबगंज।** आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर अमांव गांव में कर्मनाशा नदी के घाटों पर साफ-सफाई का कार्य चल रहा है। छठ घाट की सफाई से लेकर रोशनी की पुख्ता व्यवस्था की जाएगी। छठ घाटों की साफ-सफाई को लेकर युगान्धर सेवा समिति के कार्यकर्ता लगातार कार्य कर रहे है. घाटों की साफ-सफाई युद्ध स्तर पर जारी है नदी पर स्थित सभी छठ घाटों की साफ-सफाई की जा रही है। सभी छठ घाटों के बेहतर इंतजाम को लेकर युगान्धंर कार्यकताओं ने घाटों से कूड़ा कचरा विभिन्न घाटों तक जाने वाली सड़क व घाट में जमा कूड़े- कचरे की साफ सफाई कर छठ पूजा की तैयारी में जुटा है। वहीं युवा समाजसेवी मिथिलेश कुमार ने बताया कि युगांधर सेवा समिति प्रत्येक वर्ष आस्था के महापर्व छठ पूजा में आने वाली सभी ब्रती महिलाओं व पुरुषों के लिए सड़क व घाटों की सफाई यह सुंदरीकरण किया जा रहा है। क्षेत्र पंचायत सदस्य अभिषेक वर्मा ने बताया कि छठ घाट की सफाई, वेदियों की मरम्मत, रंगाई-पुताई, मुख्य मार्ग से घाट तक प्रकाश और सजावट का काम किया जायेगा। इस दौरान अरविन्द सिंह, राजन सिंह, अभिषेक जायसवाल, गोलु श्याम सुंदर, इरफान अंसारी, राहुल पाठक, शिवम पाठक आदि मौजूद रहे।

### सूर्य के प्रतीक सात घोड़े विचरने के लिए छोड़े जाएंगे

**डीडीयू नगर।** नगर क्षेत्र के सूर्य देव मंदिर मानसरोवर तालाब से डाला छठ के पहले दिन मंगलवार को सूर्यदेव की सवारी के रूप में विचरने के लिए सात घोडे.छोड़े जाएंगे। वहीं 24 घंटे के अखंड हरिकीर्तन की शुरूआत भी होगी। मानसरोवर तालाब पर डाला छठ में व्रतियों की अत्यधिक भीड़ जुटती है। इसको देखते हुए श्रीश्री डाला छठ पूजा समिति की ओर से यहां अनेक आयोजन किए जाते हैं। इसी क्रम में मंगलवार को दिन में 11 बजे सूर्य मंदिर परिसर से सात घोड़े विचरने के लिए छोड़ें जाएंगे। घोड़े पूरे नगर में व्रतियों के घर भ्रमण करेंगे। वहीं घाट से छठ व्रतियों के लिए निशुल्क आम की लकड़ी, ईंट और नारियल का वितरण शुरू किया जाएगा। छह नवंबर को हरिकीर्तन की समाप्ति के बाद अखंड रामायण पाठ की शुरूआत होगी। इसी दिन दोपहर बाद नौ कन्याए काशी से गंगा जल लाकर तालाब में छोड़ेंगी। यही नहीं गौमूत्र, दूध सहित पंचगव्य तालाब में डाला जाएगा। वहीं आम, अशोक, केला और गन्ने के पत्ते की माला बनाकर तालाब को घेरा जाएगा। सात नवंबर को शाम के वक्त पांच बटुक मंत्रोच्चार पूर्वक सूर्य को अर्घ्य दिलाएंगे। आठ नवंबर की भोर में तीन बजे से चाय का वितरण किया जाएगा। वहीं व्रतियों को अर्घ्य देने के लिए आठ क्विंटल दूध का वितरण किया जाएगा।

### नौगढ़ के मझगांवा में संचालित अवैध पॉली क्लीनिक सील



मझगांवा में पॉली क्लीनिक को सील करने की कार्रवाई करती टीम।

**नौगढ।** अवैध रूप से क्षेत्र के मझगावां गांव में संचालित जन सहायक पाली क्लीनिक की जांच में आरोप सही पाए जाने पर उपजिलाधिकारी के निर्देश पर सोमवार को नायब तहसीलदार प्रभुनाथ यादव व स्वास्थ्य विभाग के एआरओ रविप्रकाश मिश्रा ने अस्पताल सील किए जाने की कार्रवाई किया है। इस दौरान संचालक डा.अनूप कुमार सिंह मौके पर से फरार हो गए। उपजिलाधिकारी कुंदन राज कपूर ने बताया कि बीते माह तहसील सभागार में आयोजित जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में अस्पताल का संचालन अवैध रूप से किए जाने की शिकायत मिली थी। जिसपर नायब तहसीलदार प्रभुनाथ यादव को कुछ दिनों पूर्व मौके पर भेजकर आरोपों की जांच कराई गई थी। जिसमें आरोपों की पुष्टि होने पर सोमवार को नायब तहसीलदार व स्वास्थ्य विभाग से एआरओ रवि प्रकाश मिश्रा को मौके पर भेजकर अवैध रूप से संचालित जन सहायक पाली क्लीनिक को सील कराया गया है।

### मत्स्य जीवी समिति की बैठक छह को

**चंदौली।** मत्स्य जीवी सहकारी समिति के दूसरी बैठक न्याय पंचायत मैढ़ी के सोहदवार गांव में हनुमान मंदिर पर छह नवंबर को दोपहर 12 बजे आहूत की गई है। यह जानकारी सोहदवार प्रधान मंजू देवी ने दी है।

# गाजियाबाद की घटना को लेकर सड़क पर उतरे अधिवक्ता

**सकलडीहा।** गाजियायबाद में अधिवक्ताओं पर हुई लाठीचार्ज की घटना को लेकर अधिवक्ताओं में आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। बार कौंसिल आल इंडिया और उत्तर प्रदेश के आवाहन पर सोमवार को अधिवक्ताओं ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। अधिवक्ताओं ने तहसील मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन करते हुए दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग किया। इस मौके पर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी किया।

अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि न्यायालय परिसर में जिस प्रकार से अधिवक्ताओं के ऊपर लाठीचार्ज किया गया। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। यही नहीं लाठीचार्ज के साथ उनके खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराया गया। आक्रोशित अधिवक्ताओं ने दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की मांग करते हुए विरोध जताया। शासन प्रशासन के लोग शीघ्र कार्रवाई नहीं किया तो अधिवक्ताओं ने व्यापक रूप से आंदोलन चलाने की बात कही। इस मौके पर विरोध जताने वालों में डेमोक्रेटिक बार अध्यक्ष मनोज पांडेय, महामंत्री उपेन्द्र नारायण सिंह, उमाशंकर, श्रीकांत सिंह, विजय प्रताप सिंह, शैलेंद्र पांडेय, अशोक यादव, सुभाष सिंह, सुरेन्द्र कांत मिश्रा, राजेश्वर सिंह रज्जू, अंगद कुशवाहा, अरुण कुमार, संजय सिंह, प्रभु पाठक सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

चकिया। चकिया बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने सोमवार के दोपहर अध्यक्ष नारायण दास की नेतृत्व में चकिया नगर भ्रमण करते हुए गाजियाबाद के जनपद एवं सत्र न्यायाधीश का स्थानांतरण कराने गाजियाबाद में दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने और घायल अधिवक्ताओं को क्षतिपूर्ति दिलाने के साथ-साथ एडवोकेट प्रोटेक्शन लागू करने से संबंधित सीएम को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को दिया। इस दौरान लालचंद सिंह, संतोष कुमार श्रीवास्तव, तेजवंत नारायण बहुगुणा, जयप्रकाश सिंह, उमाशंकर, कमलेश पाल, वशिष्ठ मौर्य, प्रेम बहादुर यादव, प्रदीप जायसवाल, राकेश तिवारी, बिंदेश्वरी द्विवेदी, विनय कुमार सिंह, विनोद कुमार श्रीवास्तव, हरिश्चंद्र पाल मौजूद रहे।


गाजियाबाद की घटना को लेकर विरोध जताते हुए सकलडीहा के अधिवक्ता।

## गाजियाबाद प्रकरण को लेकर अधिवक्ताओं में दिखा आक्रोश

**चंदौली।** संयुक्त बार एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को कलेक्ट्रेट में प्रशासनिक अधिकारी अविनाश कुमार से मिला। इस दौरान अधिवक्ताओं ने गाजियाबाद में अधिवक्ताओं के ऊपर लाठीचार्ज करने के साथ ही अधिवक्ताओं के विरूद्ध एफआईआर दर्ज होने प्रकरण को उठाया। मांग किया कि प्रकरण में दोषी पुलिस कर्मियों व जिला जज गाजियाबाद के निलंबन व बर्खास्तगी की मांग की और ज्ञापन सौंपा। इस दौरान डिस्ट्रिक्ट डेमोक्रेटिक बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि अधिवक्ताओं के खिलाफ किसी भी प्रकार की बर्बरता व उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिस तरह से गाजियाबाद में घटना हुई है उससे अधिवक्ता समाज में गहरा आक्रोश है। अधिवक्ताओं को लाठियों से पीटने के बाद उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उत्पीड़न की कार्यवाही की जा रही है जो पूरी तरह से गलत है। इसे तत्काल वापस लिया जाए। सिविल बार अध्यक्ष राकेश रत्न तिवारी ने कहा कि सरकार गाजियाबाद प्रकरण को संज्ञान में ले और अधिवक्ताओं पर लाठियां चलाने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ जांच कर कार्यवाही सुनिश्चित करे। साथ ही अधिवक्ताओं के खिलाफ दर्ज मुकदमे को वापस लिया जाए। मांग किया कि जनपद न्यायाधीश गाजियाबाद के खिलाफ निलंबन व बर्खास्तगी की कार्यवाही की जाए। इसके बाद अधिवक्ताओं ने पूरे दिन न्यायिक कार्य से विरत रहे। इस अवसर पर चन्द्रभान सिंह, अभिनव आनन्द सिंह, इमरान सिद्दीकी, संदीप, विकास सिंह, जय प्रकाश सिंह, विनय सिंह, अनिल कुमार सिंह, गौरव कुमार, लक्ष्मीकांत, रविकांत आदि उपस्थित रहे। संचालन महामंत्री झन्मेजय सिंह व हरेंद्र प्रताप सिंह ने किया।


गाजियाबाद प्रकरण को लेकर प्रशासनिक अधिकारी से मुलाकात करते अधिवक्ता।

# नहाय खाय के साथ मंगलवार को शुरू होगा महापर्व डाला छठ

**डीडीयू नगर।** महापर्व डाला छठ की शुरूआत मंगलवार को नहाय खाय के साथ शुरू होगा। सोमवार को नगर सहित पूरे जिले में इसकी तैयारियां पूरी कर ली गई। सोमवार को बाजार में लौकी, गेहूं, चावल आदि की खरीदारी की। साथ ही भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के लिए बाजार में सूप, दउरी आदि की खरीदारी हुई। तालाबों पर भी जगह-जगह साफ -सफाई की गई। वहीं तालाबों के घाटों पर लोगों ने अपना नाम लिखकर जगह पक्की की। लोक आस्था का महापर्व डाला छठ बिहार से होते हुए आज पूर्वांचल का महापर्व बन गया है।

इसकी तैयारियां दीपावली से ही शुरू हा जाता है। इस वर्ष मंगलवार से चार दिवसीय छठ महापर्व की शुरूआत हो रहा है।अधिक संख्या में इस व्रत को महिलाएं करती हैं। लेकिन पुरुष भी इस व्रत को करने में पीछे नहीं रहते हैं। मंगलवार को डाला छठ के व्रती स्नान ध्यान के बाद व्रत का संकल्प लेंगे। इसके बाद चावल, चने की दाल, लौकी की सब्जी तैयार कर उसका भोग लगाएंगे। इसके बाद पूरे परिवार के लोग प्रसाद स्वरूप इसे ग्रहण करेंगे। बुधवार को दिन भर निराजल रहने के बाद शाम के वक्त सरोवर तटों पहुंच कर घाट का पूजन करेंगे और दीप-दान करेंगे। इसके बाद घर पहुंच कर दूध, गुड़ और चावल की बखीर तैयार कर चंद्रोदय के पूर्व छठ मइया की पूजा अर्चना कर बखीर का भोग लगाया जाएगा। और व्रती जल ग्रहण करेंगे। इसके बाद 36 घंटे के लिए निराजल व्रत की शुरूआत होगी। बृहस्पतिवार को व्रती पूरे परिवार के साथ शाम के वक्त सरोवर तटों पर पहुंचेंगे। यहां पूजन अर्चन के बाद अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। इसके बाद शुक्रवार की सुबह उदयाचल सूर्य को अर्घ्य देकर इस व्रत का समापन किया जाएगा।

### सकलडीहा में खराब पड़े कई हाईमास्ट,दुर्घटना की संभावना

**सकलडीहा।** सकलडीहा में सांसद और विधायक निधि से लगा कई हाईमास्ट शोपीश बने हुए हैं। जिस कारण शाम होते ही अंधेरा के कारण दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। पुलिस की ओर से लगाया गया सीसी कैमरा भी अंधेरा के कारण शोपीस हो गया है। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि शिकायत के बाद भी विभागीय अधिकारी से लेकर ठेकेदार अनजान बने हुए है। सकलडीहा कस्बा के डा. आम्बेडकर तिराहा, सधन तिराहा, ईटवा तिराहा, कोट और चतुर्भुजपुर कस्बा में लगा हाईमास्ट कई माह से खराब पड़ा हुआ है। शाम होते ही तिराहों पर अंधेरा हो जाता है। अंधेरा में बड़ी वाहनों के फरार्टा भरने के कारण दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। व्यापारी नेता आनंद पांडेय, मंटू मिश्रा, हाजी जोखू सिद्दीकी,मुराहु विश्वकर्मा ने बताया कि सीसी रोड निर्माण के दौरान पटरी और डिवाइडर का निर्माण नहीं होने पर अंधेरे में वाहनों गड्ढे में चले जा रहे है। जबकि अभी सुबह कोहरा भी नही पड़ रहा है। व्यापारियों ने हाईमास्ट बनवाने की मांग किया। इस बाबत एसडीएम अनुपम मिश्रा ने बताया कि विभागीय अधिकारियों के माध्यम से शीध्र ही बंद पड़े हाईमास्ट शुरू कराया जायेगा।

# धान खरीदः नंबर लगाने की जद्दोजहद कर रहे किसान

**जनसंदेश न्यूज**

**चंदौली।** जनपद में किसान धान की फसल बेचने को लेकर सक्रिय हैं। धान खरीद के लिए शासन की ओर से 112 केंद्र बनाए गए हैं। जहां पर किसानों की धान की खरीदारी की जाएगी। वही नवीन मंडी में धान की बिक्री के लिए किसानों की सुबह से ही लाइन लग जा रही है। वहीं नंबर लगाने के लिए नवीन मंडी में सोमवार का कुछ इस तरह का नजारा देखने को मिला, जहां किसान काफी जादू जात करते दिखाई दिए। जनपद में किसानों के धान की खरीद के लिए इस बार 112 क्रय केंद्र बनाए गए हैं। जहां पर धान की खरीद के लिए नंबर लगाने का सिलसिला शुरू हो गया है, ताकि धान किसानों से खरीदारी की जाए। मुख्यालय स्थित नवीन मंडी परिसर में 10 क्रय केंद्र बनाए गए हैं।

जहां पर 4 बजे भोर में ही सोमवार को किसानों के पहुंचने का सिलसिला जारी हो गया। इसके चलते लगभग 2000 से अधिक किसान क्रय केंद्र में पहुंच गए। जहां पर पुलिस ने लाइन में लगवा कर सभी किसानों की नंबरिंग कराई, ताकि नंबर आने पर किसान अपनी फसल को बेच सके।

विभागीय अधिकारियों के माने तो एक नवंबर से धान की खरीदारी शुरू हो चुकी है। जनपद में अब तक 10140 किसानों ने अपना रजिस्ट्रेशन धान बिक्री के लिए कराया है। इसके बाद केंद्र पर नंबर लगाने का सिलसिला जारी है, ताकि किसान नंबर लगाकर अपने फसल को उपज को क्रय केंद्र पर बेच सके। इस बाबत जिला विपणन अधिकारी अनुपम निगम ने बताया कि जनपद में धान के खरीदारी शुरू हो चुकी है। सभी क्रय केंद्र पर पर्याप्त मात्रा में बोरी और अन्य उपकरण उपलब्ध है, ताकि किसान अपनी उपज आसानी से बेच सकें।


नवीन मंडी में धान बेचने के लिए नंबर लगाने के लिए कतारबद्ध किसान।

# शहाबगंज सीएचसी को चालू कराने के लिए रक्षा मंत्री से मिलेंगे छत्रबली सिंह

**मांग**

### जल्द ही पत्र लेकर दिल्ली में रक्षा मंत्री से मिलेंगे पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष

**शहाबगंज।** स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप अर्द्धनिर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को चालू करवाने के लिए पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष छत्रबली सिंह जल्द ही देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिलेंगे। सोमवार को क्षेत्र के दर्जनों प्रधान,क्षेत्र पंचायत सदस्यों व क्षेत्र के प्रमुख लोगों का हस्ताक्षर युक्त प्रार्थना पत्र रक्षा मंत्री के नाम पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष छत्रबली सिंह को सौंपा गया। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत पंचायत अध्यक्ष छत्रबली सिंह ने कहा कि वे जल्द ही दिल्ली पहुंचकर रक्षा मंत्री से मिलकर अस्पताल को चालू करवाने के लिए निवेदन करूँगा। उन्होंने कहा कि रक्षा मंत्री चकिया के लोगों की समस्या के समाधान के लिए हमेशा सक्रिय रहते हैं चकिया उनका गृह विधान सभा है यहाँ के लोगों का हमेशा ध्यान देते हैं। गौरतबल है कि 2009 में स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की नींव रखी गयी, लेकिन नींव रखने के लगभग 14 वर्ष बाद भी सामुदायिक स्वास्थ्य चालू नहीं हो सका, जबकि लगभग नब्बे प्रतिशत बिल्डिंग बन चुकी है। थोड़ा बहुत ही काम शेष रह गया है। लगभग दो लाख की आबादी पर मात्र दो बेड का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नाकाफी सिद्ध हो रहा है। जब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की नींव पड़ी तो क्षेत्र के लोगों को लगा कि अब स्वास्थ्य चिकित्सा के लिए उन्हें भटकना नहीं पड़ेगा और प्रशिक्षित चिकित्सक उन्हें क्षेत्र में ही मिल जाएंगे जिससे लोगों की आर्थिक क्षति कम होगी। किसान नेता सतीश सिंह चौहान,समाजसेवी रतीश कुमार,राम सूचित दुबे,किसान-मजदूर नेता अजय राय,वृक्ष बन्धु परशुराम सिंह कहते हैं कि देश के रक्षा मंत्री का यह गृह विधान सभा भी है यहाँ के लोगों की स्वास्थ्य सम्बंधित समस्या को देखते हुए उनको पहल कर जल्द से जल्द सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चालू करवाना चाहिए।


शहाबगंज में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपते लोग।

## ग्रामीणों ने की नाथूपुर प्रधान की शिकायत

**चंदौली।** नियामताबाद ब्लाक के नाथूपुर गांव के ग्रामीणों ने सोमवार को जिलाधिकारी को पत्र देकर ग्राम प्रधान पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि प्रधान चुन्नू खान गांव में सरकारी योजना का कोइई भी कार्य पैसे लेकर कराते हैं। मनरेगा योजना में कमीशन लेकर मजदूरी का कार्य कराते हैं। कहा कि जमीन आवंटन के नाम पर ग्रामीणों से 20-20 हजार रुपये की मांग कर रहे हैं। खराब पड़े हैण्डपम्प की मरम्मत की बात कहने पर प्रधान द्वारा चंदा लगाकर उसे मरम्मत कराने की बात कही जाती है। प्रधान ने गांव के तालाब को अवैध ढंग से कब्जा किया हुआ है। आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान के सभी कामों में पंचायत सहायक किस्मत भी सहभागी है। मांग किया कि प्रकरण की जांच कर उचित कार्यवाही की जाए। इस मौके पर रमेश कुमार, अशोक, कैलाश, रविन्द्र, शंकर, मिथिलेश, अशोक कुमार आदि उपस्थित रहे।

# शास्त्री पार्क में धूमधाम से मना चित्रगुप्त पूजनोत्सव




**डीडीयू नगर।** सार्वजनिक चित्रगुप्त जी महाराज कलम दवात पूजा समिति की तरफ से चित्रगुप्त पूजन उत्सव जीटी रोड स्थित शास्त्री पार्क में धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर संस्था चित्रगुप्त भगवान की प्रतिमा स्थापित कर विधि विधान से उनका पूजन अर्चन किया गया। तत्पश्चात उपस्थित कायस्थ परिवार द्वारा कलम दवात का विधिवत पूजन किया गया। अंत में प्रसाद वितरण का कार्यक्रम भी किया गया। सायं काल में भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर पहुंच कर मुगलसराय विधायक रमेश जायसवाल ने भगवान चित्रगुप्त के चरणों में पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। वही संजय सिन्हा ने बताया कि ब्रह्मा जी के काया से उत्पन्न चित्रगुप्त जी भगवान सभी के कर्मों का लेखा-जोखा रखते हैं। ऐसे भगवान का हम सभी लोगों को पूजन अर्चन करना चाहिए। इस राकेश श्रीवास्तव, विपिन कुमार सिन्हा, अखिलेश श्रीवास्तव, राजेंद्र निगम, गिरीश सिन्हा, देवेंद्र श्रीवास्तव, संदीप निगम, सुधीर श्रीवास्तव, मनोज पांडेय, प्रेम यादव, अमन श्रीवास्तव, राजू निगम आदि लोग मौजूद रहे।

# स्पोर्ट्स

रियाद में डब्ल्यूटीए टेनिस फाइनल में अमेरिका की कोको गाफ खेलती हुई।



पेरिस में एटीपी मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट में ट्रॉफी उठाये हुए जर्मनी के एलेकजेंडर ज्वेरेव।

# अलविदा : साहा का रणजी ट्रॉफी सत्र के बाद खेल से संन्यास

**बेंगलुरु।** पिछले काफी समय से भारतीय टीम से बाहर चल रहे अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज रिद्धिमान साहा ने खेल से संन्यास की घोषणा कर दी है। वहीं साहा इस साल 2024-25 रणजी ट्रॉफी सीजन के बाद क्रिकेट को अलविदा कह देंगें। इसके साथ ही साहा का 17 साल लंबा करियर भी समाप्त हो जाएगा। साहा अभी यहां कर्नाटक के खिलाफ बंगाल के चौथी दौर के मैच की तैयारी कर रहे हैं। साहा ने अपने खेल से संन्यास लेने की बात सोशल मीडिया के जरिये प्रशंसकों को दी। उन्होंने लिखा, क्रिकेट में एक यादगार सफर के बाद, यह मेरा अंतिम सत्र होगा। बंगाल की ओर से रणजी ट्रॉफी में खेलते हुए संन्यास लेना मेरे लिए सम्मान की बात रहेगी। इसलिए इस सत्र को विशेष बनाना चाहता हूं।

साहा साल 2022-23 में बंगाल टीम के से विवाद के बाद अलग हो गये थे। तब बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) के सचिव देबब्रत दास ने आरोप लगाया था कि साहा नहीं खेलने के लिए फिटनेस का बहाना बना रहे हैं। वहीं इस सीजन में साहा ने टीम में वापसी करते हुए रणजी ट्रॉफी के पहले दो मैचों में खेला है। साहा ने भारतीय टीम की ओर से 40 टेस्ट खेलकर तीन शतक और छह अर्धशतक के साथ ही कुल 1353 रन बनाए हैं।

साह का भारतीय टीम के साथ सफर लंबा रहा पर वह टेस्ट तक ही सीमित रहे। आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के आने से उन्हें सीमित ओवरों में अवसर नहीं मिला। बाद में उन्हें टेस्ट में भी दूसरे विकेटकीपर के रूप में रखा जाने लगा। साहा ने तीन साल पहले दिसंबर 2021 में अंतिम बार भारतीय टीम के लिए खेला था और साल 2023 में उन्हें केन्द्रीय अनुबुंध से बाहर कर दिया गया था। इस बार उन्हें आईपीएल फ्रैंचाइजी गुजरात टाइटंस ने भी रिलीज कर दिया है जबकि साहा ने साल 2008 से हर आईपीएल सत्र खेला है।

उन्होंने इससे पहले सनराइजर्स हैदराबाद, चेन्नई सुपर किंग्स, कोलकाता नाइट राइडर्स और पंजाब किंग्स की ओर से खेला है।

**रिकार्ड**

**साहा ने भारतीय टीम की ओर से 40 टेस्ट खेले जिसमें तीन शतक और छह अर्धशतक के साथ ही कुल 1353 रन बनाए**

## बंगाल की ओर से अंतिम बार रणजी ट्रॉफी खेलने को लेकर उत्साहित हूं : साहा

बेंगलुरु (ईएमएस) ।शाहा बंगाल की ओर से अंतिम बार रणजी ट्रॉफी में खेलने को लेकर उत्साहित हूं। इस पोस्ट में उन्होंने कहा, आइए इस सत्र को यादगार बनाए। साहा को पिछले साल भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने केंद्रीय अनुबंध भी नहीं दिया था। तभी से उनका क्रिकेट करियर समाप्त माना जा रहा था। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार साहा इस बार आईपीएल में भी नहीं दिखेंगे क्योंकि उन्होंने मेगा नीलामी के लिए भी अपना नाम नहीं दिया है। साहा पिछले काफी समय से गुजरात टाइटन्स की ओर से खेल रहे थे पर इस बार इस फ्रैंचाइजी ने भी उन्हें रिटेन नहीं किया। साहा 2008 में इसकी शुरूआत के बाद से आईपीएल के हर सत्र में इसके साथ रहे हैं। उन्होंने 5 फ्रैंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स , चेन्नई सुपर किंग्स , पंजाब किंग्स , सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटन्स की ओर से खेला है। साल 2007 में प्रथम श्रेणी में पदार्पण करने वाले साहा ने क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल (सीएबी) के कुछ अधिकारियों के साथ मतभेद के बाद टीम छोड़ दी थी। इसे बाद वह त्रिपुरा की ओर से खेलने लगे थे। साहा तब बंगाल टीम के व्हाट्सएप ग्रुप से भी बाहर हो गये थे। वहीं इसके बाद साहा ने त्रिपुरा को घरेलू टूनार्मेंटों में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली के मनाने के बाद साहा इस सत्र के लिए एक बार फिर बंगाल टीम में आ ये हैं। साहा ने हालांकि किा कि वह बंगाल के लिए केवल लाल गेंद वाले क्रिकेट मुकाबले खेलेगे।



# गोड़िला बाजार में रामलीला मंचन का हुआ शुभारंभ

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र के बीबीगंज चौकी अंतर्गत गोड़िला फाटक बाजार मे श्री बजरंग नवयुवक रामलीला समिति द्वारा रविवार को रामलीला मंचन का शुभारंभ किया गया। लीला मंचन का उद्घाटन मुख्य अतिथि ताखा पश्चिम ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बांकेलाल राजभर ने फीता काट एवं श्री गणेश आरती के साथ किया। उन्होंने कहाकि मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। भगवान राम भारत की आत्मा है, प्रत्येक हिन्दू के दिलों में बसते है। आज के लोग भगवान राम के आदर्शों से विमुख होते जा रहे है। इस कारण समाज में अपराध बढ़ रहे हैं। भगवान राम के आदर्श जीवन को लोग अपनी जीवन शैली से जोड़े तो समाज में सुख तथा शांति कायम हो जायेगी। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष रोहित गुप्ता व उपाध्यक्ष अनूप जायसवाल द्वारा मुख्य अतिथि का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। लीला मंचन में गणेश वंदना के बाद शिव पार्वती संवाद, नारद मोह व रावण की लीलाओं का मंचन कलाकारों के द्वारा राजेश गुप्ता के निर्देशन में किया गया। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष रमाशंकर गुप्ता, दुर्गा प्रसाद गुप्ता, कालीचरण गुप्ता, बृजेश गुप्ता, शशिकांत विश्वकर्मा, सन्तोष भारती, पप्पू शर्मा, अनुप श्रीवास्तव, दीपक प्रजापति, सतेन्द्र चौहान, अंगद गुप्ता, आकाश साहू, शिवा शर्मा आदि मौजूद रहे।



# सूर्यकुमार की कप्तानी में टी20 सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका पहुंची भारतीय टीम

**जोहांसबर्ग।** सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में युवा खिलाड़ियों से भरी भारतीय क्रिकेट टीम चार मैचों की टी20 सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका पहुंच गयी है। बीसीसीआई ने टीम के दक्षिण अफ्रीका पहुंचने की जानकारी प्रशंसकों को देते हुए कहा है कि इस सीरीज में पूर्व बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण भारतीय टीम के मुख्य कोच की जिम्मेदारी संभालेंगे। भारतीय टीम 9 नवंबर से चार टी20 मैच खेलेगी। इस सीरीज का दूसरा मुकाबला 10 तारीख को सेंट जार्ज ओवल में जबकि तीसरा 13 नवंबर को सुपरस्पोर्ट पार्क में व अंतिम मैच 15 नवंबर को वान्डेरर्स स्टेडियम में खेला जाएगा।



**टी20 सीरीज के लिए दोनों टीमें इस प्रकार हैं :**

भारत : सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई , अर्शदीप सिंह, विजयकुमार, आवेश खान और यश दयाल

दक्षिण अफ्रीका : एडेन मार्करम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएट्जी, डोनोवन फरेरा, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को यानसन, हेनरिक क्लासेन, पैट्रिक क्रूगर, केशव महाराज, डेविड मिलर, मिहलाली मपोंगवाना, नकाबा पीटर, रयान रिकेलटन, एंडिल सिमलेन, लूथो सिपाम्ला, ट्रिस्टन स्टब्स।

## संक्षेप

### रोहित और विराट ने दिलीप ट्रॉफी में खेलने से मना किया था

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट टीम की न्यूजीलैंड के खिलाफ हार के बाद एक बार फिर अनुभवी खिलाड़ियों के अभ्यास मैच नहीं खेलने का सवाल उठा है। वहीं एक रिपोर्ट के अुनसार भारतीय क्रिकेट बोर्ड ( बीसीसीआई ) ने विराट कोहली और रोहित शर्मा को टेस्ट सीरीज से पहले तैयारी के लिए दलीप ट्रॉफी में खेलने को कहा था पर इन दोनो ने ही इंकार कर दिया था। भारत को न्यूजीलैंड ने तीनो ही मैच हराये। तीसरे टेस्ट में भारतीय बल्लेबाजी क्रम 147 रनों के आसान लक्ष्य का पीछा करते हुए बिखर गया. भारत तीसरा और अंतिम टेस्ट 25 रनों से हार गया। केवल ऋषभ पंत ही खेल पाये। इससे एक बार फिर सीरीज से पहले अभ्यास मैच नहीं खेलने की कमी उभरकर सामने आई है। रिपोर्ट केअनुसार रोहित शर्मा, विराट कोहली, रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा को चयन समिति ने दलीप ट्रॉफी में खेलने का अवसर दिया था पर इन्होंने थकान की बात करते हुए मना कर दिया था। न्यूजीलैंड के खिलाफ चुनी गई टीम में शामिल केएल राहुल, शुभमन गिल और ऋषभ पंत ने ही अभ्यास मैच खेला था।

### मांजरेकर ने कहा, रोहित की डिफेंस तकनीक में कमी

**मुम्बई।** पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर ने कहा है कि भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा की तकनीक में आजकर एक कमी आ गयी है जिसके कारण वह बार-बार रन बनाने में असफल हो रहे हैं। मांजरेकर के अनुसार रोहित की डिफेंस में कमी है जिस कारण वह उसपर पहले की तरह से भरोसा नहीं कर पा रहे हैं। इसी कारण रोहित अपने सर्वश्रेष्ठ फार्म में भी नहीं दिख रहे। रोहित की टेस्ट में उनके आक्रामक रवैये के लिए आलोचना की गई है क्योंकि वह बड़े शॉट खेलते हुए आउट हो रहे हैं। रोहित की तकनीक का आंकलन करते हुए मांजरेकर ने कहा, मैं ये नहीं कहूंगा कि वह लापरवाह है क्योंकि वह रन बनाने और टीम को जीत दिलाने के लिए अपना तरीका तलाश रहा है पर ये देखने में आया है कि वह स्पष्ट रूप से अब अपने डिफेंस पर भरोसा नहीं करता है, आप देख सकते हैं कि एक एलबीडब्ल्यू अपील पर वह और भी अधिक अस्थिर महसूस कर रहा था। इसलिए इसके बाद वह आक्रामण करने का प्रयास करता है इसी दौरान वह अपना विकेट खो रहा है।

### गंभीर पर उठ रहे सवाल , ऑस्ट्रेलिया दौरे में टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा तो बढ़ेंगी मुश्किलें

मुम्बई। भारतीय टीम की न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में करारी हार से टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर पर भी सवाल उठने लगे हैं। गंभीर को अभी तीन माह पहले ही कोच बनाया गया था। उसके बाद से ही भारतीय टीम का प्रदर्शन कुछ विशेष नहीं रहा है। गंभीर को टीम चयन मामलों में भी पूरे अधिकार दिये गये थे उसके बाद भी वह परिणाम नहीं दे पाये हैं। अब गंभीर की ऑस्ट्रेलिया दौरे में कड़ी परीक्षा होगी। वहीं अगर ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारतीय टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहता तो गंभीर की मुश्किलें बढ़ जाएंगी। गंभीर के कोच बनने के बाद भारतीय टीम 27 साल में पहली बार श्रीलंका से एकदिवसीय सीरीज हारी। इसके बाद अब उसे न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप का शिकार होना पड़ा है।



### सत्य और धर्म के मार्ग पर चलना ही जीवन का सर्वोत्तम रास्ता : भरत कृष्ण शास्त्री

**लालगंज।** लहंगपुर क्षेत्र के रेही गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन वृंदावन के कथा वाचक आचार्य भरत कृष्ण शास्त्री ने वामन और जड़ भारत की कथा सुनाई। शास्त्री ने कथा का आरंभ करते हुए कहा कि भगवान विष्णु ने बलि राजा के समक्ष एक ब्राह्मण बालक के रूप में प्रकट होकर तीन पग भूमि की मांग की थी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार राजा बलि ने अपनी धृष्टता और अहंकार के कारण भगवान के विराट रूप को देखकर उनके चरणों में समर्पण किया। शास्त्री ने कहा वामन अवतार से यह सीख मिलती है कि सच्चे मन से किए गए दान का फल हमेशा अच्छा होता है। इसके बाद जड़ भारत की कथा सुनाते हुए शास्त्री ने बताया कि कैसे राजा जड़ भारत अपनी सरलता और निष्ठा के कारण सच्चे भक्त बने। उनका जीवन हमें सिखाता है कि भक्ति में शक्ति होती है और कोई भी व्यक्ति अपनी सच्ची भक्ति के माध्यम से ईश्वर का अनुग्रह प्राप्त कर सकता है।

# आरपीएफ, जीआरपी मुगलसराय कोतवाली पुलिस ने संयुक्त रूप से चलाया जांच अभियान

डीडीयू नगर। लोक आस्था का महापर्व डाला छठ पर डाउन की ट्रेनों में अधिक भीड़ जुट रही है। भीड़ को देखते हुए रविवार को सहायक सुरक्षा आयुक्त एसके तिवारी स्टेशन पर पहुंचे और व्यवस्था संभाली। वहीं शाम के वक्त आरपीएफ, जीआरपी और मुगलसराय कोतवाली पुलिस ने संयुक्त रूप से डॉग स्क्वायड के साथ स्टेशन पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान यात्रियों को सुरक्षित यात्रा के प्रति जागरूक किया।

छठ व्रत पर महानगरों से घर पहुंचने वालों की भीड़ ट्रेनों में उमड़ रही है। पिछले दो दिनों से यात्रियों की संख्या अत्यधिक बढ़ गई है। स्थिति यह है कि डाउन की ओर जाने वाली पुरुषोत्तम एकसप्रेस, पूर्वा एक्सप्रेस, ब्रह्मपुत्र मेल, संघमित्रा एक्सप्रेस, मगध एक्सप्रेस, पुणे दानापुर, सिकंदराबाद एक्सप्रेस, कुंभ एक्सप्रेस आदि में पैर रखने की भी जगह नहीं है। वहीं छठ पूजा स्पेशल ट्रेनों में भी भीड़ रही। भीड़ को देखते हुए मंडल के सहायक सुरक्षा आयुक्त एसके तिवारी के नेतृत्व में आरपीएफ और जीआरपी ने यात्रियों को सुरक्षित ढंग से ट्रेनों पर चढ़ाया। वहीं शाम के वक्त सुरक्षा के लिहाज से डॉग स्क्वायड के साथ आरपीएफ, जीआरपी और मुगलसराय कोतवाली पुलिस ने रेलवे स्टेशन के सभी प्लेटफार्म, यात्री हाल, वेटिंग रूम, फुट ओवर ब्रिज, सकुर्लेटिंग एरिया, बाइक, कार पार्किंग, ऑटो, विक्रम स्टैंड आदि की विशेष जांच की। इस दौरान यात्रियों को यात्रा के दौरान सावधान रहने, अनजान व्यक्ति से खाने पीने का सामान न लेने, बिना टिकट यात्रा न करने, लावारिश वस्तु के दिखने पर उसे हाथ न लगाने, संदिग्ध व्यक्ति की सूचना देने के प्रति जागरूक किया। जीआरपी निरीक्षक एसके सिंह, आरपीएफ निरीक्षक प्रदीप कुमार रावत और मुगलसराय कोतवाल विजय बहादुर ने बताया कि अभियान लगातार जारी रहेगा।

**मुस्तैदी**

**लोक आस्था का महापर्व डाला छठ पर प्रशासन की विशेष नजर**



# इंटरलाकिंग कार्य कराए जाने से गोरखा के ग्रामीण गदगद

**जनसंदेश न्यूज**

**धीना।** विकास खंड बरहनी अंतर्गत ग्राम पंचायत भैंसउर के गोरखा गांव में विपिन उपाध्याय के घर से राम नरायन यादव के घर तक 110मीटर लम्बा, 3मीटर चौड़ा मनरेगा के तहत इन्टरलाकिन्ग कार्य भैंसउर की ग्राम प्रधान साधना शुक्ला के पति एवं प्रधान प्रतिनिधि पंकज शुक्ला द्वारा बहुप्रतीक्षित कार्य को कराया गया, जिस पर ग्रामीणों ने खुशी जाहिर की। साथ ही प्रधान के उक्त कार्य की बहुत सराहना भी की।

ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व के कई ने ग्राम सभा भैंसउर के राजस्व गांव गोरख के विकास पर ध्यान नहीं दिया, लेकिन वर्तमान प्रधान द्वारा गोरखा गांव के विकास के प्रति गंभीरता दिखाई गयी है, जो जनता के प्रति उनके समर्पण को प्रदर्शित करता है। प्रधान साधना शुक्ला द्वारा जनहित से जुड़े कार्यों को गंभीरता से लेते हुए उसे पूर्ण कराने का प्रयास किया जा रहा है, जिसमें उनके पति का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है। उनके पति पंकज शुक्ला स्वयं मौके पर रहकर मानक के अनुसार कार्य को करवा रहे हैं। उक्त मौके पर राधेश्याम उपाध्याय, पुनीत उपाध्याय, कपिलदेव उपाध्याय, अकित शुक्ला, अमर देव उपाध्याय, विपिन उपाध्याय, कृष्णावतार उपाध्याय, कमला उपाध्याय, राजू उपाध्याय, राजन राम, निजामुद्दीन बलिराम, मराठी राम, राम नरायन यादव आदि पर मौजूद रहे।



गोरखा गांव में इंटरलॉकिंग कार्य कराते प्रधान पति पंकज शुक्ला।

# स्वास्थ्य परीक्षण के साथ स्कूली बच्चों को दी जानकारी

**कमालपुर।** क्षेत्र के कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय कमालपुर व आँगनवाड़ी केंद्र खड़ान में स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा विद्यालय में बच्चों की स्क्रीनिंग की गयी। विदित हो कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम चलाया जा रहा हैं, जिसके तहत सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों का स्क्रीनिंग जांच कर बच्चों में मिलने वाली गंभीर बीमारियों का इलाज मुफ्त में सरकारी अस्पतालों में कराया जाता हैं। इसी क्रम में सोमवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय कमालपुर में पहुंच कर 52 बच्चों की स्वास्थ्य जाँच की। इस दौरान डॉ सीबी सिंह, डॉ श्वेता बरनवाल, फार्मासिस्ट आकांक्षा मिश्रा ने बच्चों में बहरापन, आँख से कम दिखाई देना, दिव्यांगता, दाँत आदि बीमारियों का जाँच की।

एएनएम माया कुमारी ने सभी बच्चों का नाप व माप किया। डॉक्टरों ने छात्र-छात्राओं को खून की कमी से होने वाले एनीमिया रोग के बारे में जानकारी दी और इसके अलावा स्वच्छता के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि स्वच्छता के वजह से शरीर में बीमारी होने का खतरा कम रहता है। लोगों में अधिकतर बीमारी गंदगी के चलते होती है। इस दौरान डेंगू, मलेरिया जैसी घातक बीमारियों के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान चिकित्सकों ने कहा कि बच्चों में गंभीर बीमारी का लक्षण मिलने पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा बच्चों का इलाज तथा उसका ऑपरेशन मुफ्त में होगा।



स्कूली बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक।



**नगर के नवाब युसुफ रोड पर बेलगाम घूमते छुट्टा पशु, राहगीरों को आने जाने में बना रहता है खतरा।**

# जौनपुर



# नवंबर के पहले हफ्ते में कोहरा पसरा



## कोहरे के चलते वाहनों की रफ्तार धीमी, किसान हुए चिन्तित

**मुफ्तीगंज।** स्थानीय विकास खंड के क्षेत्र में नवम्बर के पहले सप्ताह में कोहरा शुरू हो गया है।

रोड पर गाड़िया चींटी की चाल से चल रही हैं। केराकत-जौनपुर मार्ग पर कोहरा छाया हुआ था। कोहरे को देख किसान भी चिन्तित होने लगे हैं। जानकारों ने बताया कि कोहरा ऐसे पड़ा तो सबसे पहले आलू को नुकसान पहुंचेगा इसके बाद चना, मटर, सरसों की फसल को भी नुकसान पहुंच सकता है और पैदावार भी कम हो जायेगी। किसान सुबाष यादव, बलवन्त राय, हरकुवंर यादव, मनोज यादव, सुबाष राय आदि ने कहा कि लगातार कोहरे का कहर शुरू रहा तो दलहनी फसल से लेकर आलू की खेती प्रभावित होगी।

## कोहरे की चादर ने वाहनों की रफ्तार घटाई



**सुइथाकलां।** सोमवार के दिन की शुरूआत कोहरे के साथ हुई। समूचा क्षेत्र कोहरे की चादर से घिरा दिखा। इस दौरान वाहनों की रफ्तार पर कोहरे के कारण लगाम लगता दिखा। नवम्बर माह के शुरूआती दिनों में सोमवार का दिन घने कोहरे का दिन रहा। आंख खुलते ही लोग अपने को घने कोहरे की चादर में घिरे दिखे। इस सीजन में पहली बार उसने अपनी दस्तक दी। भोर से ही कोहरे के पड़ने का दौर जारी रहा। सुबह आलम यह रहा कि लोगों के देखने की क्षमता शून्य रही। अचानक छाए कोहरे के कारण क्षेत्र के लखनऊ बलिया राजमार्ग समेत अन्य मार्गों पर वाहन चालक इण्डीकेटर और हेड लाइट के सहारे सतर्कता के साथ चलते दिखे। रफ़्तार इस तरह रहा कि मानो कोहरे की चादर ने वाहनों की रफ्तार पर लगाम सा लगा दिया है। बहरहाल लगभग दस बजे भगवान भास्कर के दर्शन के साथ ही कोहरे के घनेपन की छंटनी हुई, लेकिन वातावरण में पूरे दिन हल्की धुंध के साथ ही हल्की बदली छाई रही।

## छठ पूजा को लेकर नपं के सफाई कर्मियों ने घाट पर की साफ सफाई



**जफराबाद।** नगर पंचायत के वार्ड काजी अहमद नूर स्थित नाव घाट पर छठ पूजा को लेकर साफ सफाई करवाई गई। सोमवार को नगर पंचायत चेयरमैन उम्मे रहिला एवं ईओ विजय कुमार सिंह के निर्देश पर सफाई सुपर वाइजर की उपस्थिति में सफाई कर्मियों की टीम लगाकर साफ-सफाई करवाई गई। चेयरमैन प्रतिनिधि डॉ. सरफराज खान ने बताया कि छठ पूजा को लेकर साफ सफाई करवाई जा रही है। सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। मौके पर सभासद प्रतिनिधि जोगिंदर निषाद, ओवैस खान, रिजवान, शिशु तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

## छठ पूजा की तैयारियां जोरों पर, खरीदारी शुरू

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** छठ महापर्व को लेकर व्रतियों में उत्साह देखने को मिल रहा है। बाजार में खरीदारी का दौर भी जोरों पर है। चार दिवसीय इस पर्व की शुरूआत नहाय-खाय से पांच नवंबर से होगी और उसके बाद खरना, अगले दिन सूर्य की संध्या अर्घ्य और आठ नवंबर को उषा अर्घ्य की विधि से यह पर्व संपन्न होगा है।

बाजार में पूजन सामग्री, फलों और प्रसाद की दुकानों पर भारी भीड़ उमड़ रही है। वहीं टोकरी, गन्ना, नारियल, ठेकुआ, केला, सिंघाड़ा और नींबू सहित अन्य पूजन के लिए आवश्यक पदार्थों की मांग में भारी बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। शहर में अस्थायी छठ पर्व के पूजन से संबंधित सामग्री की अस्थायी दुकानें लगाई गई हैं, जहां



लोगों की भीड़ उमड़ रही है। ज्ञात हो कि छठ पर्व में सूर्य देव और छठी मैया की उपासना का विशेष महत्व है, जिसमें व्रती नदी व तालाबों के किनारे खड़े होकर सूर्य को अर्घ्य देंगे। इस महापर्व को लेकर लोग अपने घरों की साफ-सफाई और सजावट में जुटे पड़े हैं और विशेष तौर से सजा रहे हैं। व्रतियों के घरों में छठ पर्व से जुड़ी तैयारियों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। छठ पर्व को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रसाद में ठेकुआ, कद्दू-भात और अन्य पकवान बनाकर पूजा के लिए तैयार किए जाएंगे। शास्त्रों के मुताबिक छठ पर्व को सबसे पहले महाभारत काल के वीर योद्धा सूर्यपुत्र कर्ण ने सूर्य की पूजा करके शुरू किया था। कहा जाता है कि कर्ण भगवान सूर्य के परम भक्त थे और वे रोजाना घंटों तक पानी में खड़े होकर उन्हें अर्घ्य देते थे। सूर्य की कृपा से ही वह महान योद्धा बने। वर्तमान में भी छठ पर्व की वही परंपरा चली आ रही है।

## महिला को चाकू से घायल कर दबंगों ने की लूटपाट

**लूटपाट**

**सोने की चेन, सोने का झूमका व पांच हजार नकदी लेकर फरार**

**पीड़ित ने बताया, मामला पैसे के लेन-देन का**

जनसंदेश न्यूज



**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत शिवपुर ताखा गांव स्थित एक डिग्री कालेज के समीप दो बाइक सवार पांच लोगों ने दम्पति के साथ मारपीट कर महिला पर चाकू से हमला कर सोने के आभूषण व पांच हजार नकदी लेकर फरार हो गए।

घायल को पीड़ित ने राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। वहीं सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित से पूछताछ किया। क्षेत्र के सबरहद गांव निवासी जैनूद्दीन सोमवार को अपनी पत्नी किताबूल निशा के साथ बाइक से राहुल नगर से घर वापस आ रहे थे। ताखा शिवपुर गांव स्थित गन्ना कृषक महाविद्यालय के समीप दो बाइक पर सवार पांच लोगों ने दम्पति की बाइक को रोक लिया। बदमाशों ने जैनूद्दीन के सर पर डंडे से प्रहार कर दिया और किताबूल निशा के सर पर चाकू से हमला कर दिया। निशा से सोने का चेन व एक कान में सोने का झुमका व पांच हजार रुपए नकद लूटकर फरार हो गए। पीड़ित जैनूद्दीन और पत्नी 40 वर्षीय किताबूल निशा को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख बेहतर इलाज हेतु जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। वहीं पीड़ित ने मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। पीड़ित ने बताया कि जिन लोगों ने हमारे साथ छिनैती व मारपीट की है इसमें तीन लोगों को मैं जानता हूं। दो लोगों को नहीं पहचानता हूं। मामला पुरानी रंजिश व पैसे के लेन-देन का बताया जा रहा है।

## प्राथमिक विद्यालय खटोलिया के गेट पर लटकता रहा ताला

जनसंदेश न्यूज

**गौराबादशाहपुर।** धर्मापुर ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय खटोलिया में सोमवार को विद्यालय के गेट का बंद ताला लटकता रहा। विद्यालय के छात्र-छात्राएं 17 मिनट तक शिक्षकों का इंतजार करते रहे।

बता दें कि धर्मापुर ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय खटोलिया के बच्चे सोमवार को जब विद्यालय पहुंचे तो विद्यालय के गेट का बंद ताला लटकता रहा। विद्यालय के बच्चों को गेट के बाहर खड़ा देख आस-पास के अभिभावक भी पहुंच गए। सभी बच्चे विद्यालय के शिक्षकों के आने का इंतेजार करते रहे। लगभग 17 मिनट बाद 9 बजकर 17 मिनट पर विद्यालय के एक सहायक अध्यापक द्वारा पहुंचकर विद्यालय का ताला खोला गया तब जाकर बच्चों ने विद्यालय में प्रवेश किया। इस मामले में खण्ड शिक्षा अधिकारी धर्मापुर राजेश कुमार वैश्य ने बताया कि विद्यालय में ताला लटकने की जानकारी प्राप्त हुई है। मामले में वह मंगलवार को खुद विद्यालय पर जाकर जांच करेंगे। यदि लापरवाही पाई जाएगी तो विभागीय कार्यवाही की जाएगी।



**लापरवाही**

**बाहर खड़े होकर शिक्षकों का इंतजार करते रहे बच्चे**

**बीईओ ने कहा, की जाएगी जांच, लापरवाही मिलने पर होगी विभागीय कार्रवाई**

## पुलिस महानिरीक्षक ने थाना लाइन बाजार का लिया जायजा



**जौनपुर।** पुलिस महानिरीक्षक वाराणसी परिक्षेत्र वाराणसी मोहित गुप्ता द्वारा थाना लाइनबाजार का निरीक्षण किया गया। उन्होंने थाना स्थित कार्यालय, भोजनालय और अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। महिला हेल्प डेस्क में भी पहुंच कर पूछताछ की। पुलिस महानिरीक्षक ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक डा. अजय पाल शर्मा के साथ थाना लाइनबाजार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में थाना परिसर, कार्यालय, सीसीटीएनएस कार्यालय, भोजनालय, बैरक, शौचालय व महिला हेल्पडेक्स का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। तत्पश्चात पुलिस कर्मियों के साथ गोष्ठी कर उनकी समस्याओं को सुना गया तथा समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। ग्राम चौकीदारों के साथ गोष्ठी कर उचित निर्देश व साफा वितरित किया गया। पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर रिस्पांस टाइम कम करने हेतु निर्देश दिया गया। इस दौरान अरविन्द कुमार वर्मा अपर पुलिस अधीक्षक नगर, देवेश सिंह क्षेत्राधिकारी नगर व प्रभारी निरीक्षक लाइनबाजार किशोर कुमार चौबे व अन्य पुलिस अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## यातायात नियमों के उल्लंघन में 1285 वाहनों का चालान

### सीट बेल्ट, हेलमेट लगाने के लिए किया गया जागरूक

**जागरूकता अभियान**

**सड़क के किनारे खड़े वाहनों को हटवाया गया**

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में यातायात माह नवम्बर के दौरान शहर के पॉलिटेक्निक चौराहा पर ऑटो रिक्शा, ई रिक्शा व बस के चालकों व परिचालकों को इकट्ठा कर यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया गया तथा प्रवर्तन की कार्यवाही में 1285 वाहनों का चालान किया गया।

क्षेत्राधिकारी यातायात नगर देवेश सिंह, प्रभारी निरीक्षक यातायात जीडी शुक्ला व समस्त उपनिरीक्षक यातायात के द्वारा यातायात माह नवम्बर के दौरान शहर के पॉलिटेक्निक चौराहे पर ऑटो



रिक्शा, ई रिक्शा व बस के चालको व परिचालकों को एकत्रित कर यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही सड़क पर वाहनों को खड़ा करके दुर्घटना का कारण बनने व जाम लगाने वाले वाहनों को उनके मालिकों को आगे ऐसा न करने की चेतावनी देते हुये हटवाया गया। न हटाने वाले वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की गयी तथा लाउडस्पीकर से अनाउंसमेंट कर यातायात नियमों के बारे में जागरुक किया गया।

हेलमेट व सिटबेल्ट लगा करके वाहन चलाने, मोटर साइकिल में तीन सवारी ना बैठाना, हाई स्पीड वाहन न चलाना व वाहनों के शीशों में काली फिल्म न लगानें तथा उससे हो रही दुर्घटनाओं को कम करने के बारे में जागरूक किया गया तथा प्रवर्तन की कार्यवायी में 1285 वाहनों का चालान किया गया।

## संक्षेप

### सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

**शाहगंज।** तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सीडीओ साई सीलम तेजा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस दौरान फरियादियों ने 47 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया जिसमें मौके पर 7 का निस्तारण किया गया। शेष प्रार्थना पत्र सम्बंधित विभाग को सौंप जल्द से जल्द निस्तारण का आदेश दिया। इस दौरान उपजिलाधिकारी राजेश कुमार चौरसिया, तहसीलदार आशीष कुमार सिंह, नायब तहसीलदार बलवंत उपाध्याय, सीओ अजीत सिंह चौहान, अधिशासी अधिकारी प्रदीप गिरि, एसडीओ धमेंद्र गुप्ता, मंडी सचिव गुलाब सिंह समेत सर्किल के सभी थानाध्यक्ष व राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

### दो पक्षों में मारपीट, पांच घायल, केस दर्ज

**बदलापुर।** कोतवाली क्षेत्र के रामपुर गांव में सोमवार की सुबह जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी के दौरान मारपीट हो गई। मारपीट की घटना में दोनों पक्षों से पांच लोग घायल हो गए। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कार्यवाई में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक कोतवाली क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी राम सहाय दुबे और मनीष दुबे के बीच जमीन में रखे बालू, रेत आदि समान हटाने को लेकर कहा सुनी के दौरान मारपीट हो गई। जिसमें एक पक्ष से राम सहाय दुबे 65 वर्ष, मंजू देवी 62 वर्ष व लवकुश दूबे करीब 31 वर्ष तथा दूसरे पक्ष के मनीष दूबे 46 वर्ष, अमित दूबे 18 वर्ष घायल हो गए। पुलिस दोनों पक्षों की लिखित तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

### नाबालिग से अप्राकृतिक दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**खेतासराय।** पुलिस ने एक नाबालिग के साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म करने के आरोप में वांछित आरोपियों को सोमवार को आजाद नहर पुलिया से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों में दो नाबालिग हैं। तीनों आरोपियों का चालान न्यायालय भेज दिया गया। थानाध्यक्ष रामाश्रय राय के अनुसार चार दिन पहले नगर के एक मोहल्ला में एक नाबालिग के साथ दो किशोर और एक युवक ने अप्राकृतिक दुष्कर्म किया था। पीड़ित की मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही थी। सुबह आजाद नहर पुलिया से आरोपी कपिल पुत्र मेलावन और दो नाबालिग आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

### अज्ञात वाहन के धक्के से युवक की मौत

**चंदवक।** आजमगढ़-वाराणसी मार्ग पर पड़सौड़ी गांव के सामने सोमवार सुबह पांच बजे घने कोहरे के कारण टहल रहे युवक की अज्ञात वाहन के धक्के से घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। उसकी उम्र 40 वर्ष के आसपास आंकी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त न होने के कारण मर्चरी रूम में रखवा दिया है। इस संबंध में चौकी प्रभारी धर्मेंद्र दत्त ने बताया कि अज्ञात वाहन के धक्के से मृत युवक की पहचान नहीं हो पायी है। शव पहचान के लिए मर्चरी रूम में रखवाया गया है।

### मारपीट करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**बदलापुर।** कोतवाली क्षेत्र के बदलापुर खुर्द गांव से पुलिस ने मारपीट के मुकदमे में वाछिंत एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया है। इस संबंध मे पुलिस ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि मारपीट के मुकदमे से संबंधित वारण्टी अभियुक्त विक्रम निषाद पुत्र चौधरी निषाद निवासी ग्राम बदलापुर खुर्द थाना बदलापुर को वारन्ट दिखाकर उनके घर से गिरफ्तार किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु न्यायालय के समक्ष प्रेषित किया गया।

### नाली निर्माण में घटिया ईंट-बालू के प्रयोग की शिकायत

**गौराबादशाहपुर।** धर्मापुर ब्लॉक के कुछमुछ गांव में प्राइमरी विद्यालय से लेकर मदरसा के पास तक हो रहे नाली निर्माण में घटिया निर्माण सामग्री के प्रयोग की शिकायत इसी गांव निवासी श्रवण कुमार विश्वकर्मा ने एडीओ पंचायत से कर मामले की जांच करवाने का आग्रह किया। इस संदर्भ में पूछे जाने पर धर्मापुर खंड विकास अधिकारी कृष्ण मोहन यादव ने बताया कि एडीओ पंचायत को बोलकर मामले की जांच करने को निर्देशित किया गया है। यदि शिकायत सही पाई गई तो कार्य तुरंत रुकवा कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### गेहूं के बीज नहीं मिलने से किसानों ने मचाया हंगामा

**जफराबाद।** सिरकोनी ब्लॉक में स्थित बीज भंडार पर गेहूं के बीज के लिए सोमवार को ब्लॉक के सैकड़ों किसान पहुंच गए। सभी किसानों को बीज नहीं मिल पाया जिसके कारण किसानों ने जमकर हंगामा मचाया। बीज भंडार पर बीज आने की सूचना मिलते ही ब्लॉक के विभिन्न गांवों के किसान जमा हो गए। काफी किसानों को बीज मिल भी गया परन्तु बहुत से किसानों को बीज नहीं मिल पाया जिसके चलते सिरकोनी, बीबीपुर, सुंगुलपुर, कबूलपुर, सलखापुर, परियावां, हौज, नत्थनपुर आदि दर्जनों गांवों के किसानों ने उक्त बीज गोदाम पर खूब हंगामा मचाया। एडीओ एजी आशीष त्रिपाठी ने बताया कि अब तक 540 कुंतल गेंहू का बीज आ चुका है दो सौ कुंतल बीज का डिमांड भेज दिया गया है। एक दो दिन में गेंहू का बीज आ जायेगा।

### सचिव व किसानों में झड़प, नहीं बंटी डीएपी खाद

**बदलापुर।** क्षेत्र के सोसाइटी पर डीएपी खाद वितरण को लेकर झड़प हो गयी। बताते चले कि बिठूआ कला सोसाइटी भलुआही में स्थित है। सोमवार को गोदाम पर डीएपी खाद बितरण की सूचना लगते ही सुबह से ही किसानों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। दोपहर करीब 12 बजे तक लाइन में खड़े रहे किसानों को सोसाइटी सचिव बृजेश सिंह ने बताया कि फिंगर प्रिंट मशीन नहीं चल रही है जिसके कारण आज डीएपी वितरण नहीं हो पाएगी जिसे सुनकर किसान आग बबूला हो गए और सचिव से नोंक झोंक शुरू हो गयी। मामला बढ़ते देख ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों ने बीच बचाव कर मामले को शांत करवाया फिर मंगलवार को खाद वितरण की जानकारी दी गई।

### समाधान दिवस पर 110 शिकायतों में 3 का निस्तारण

**मछलीशहर।** उपजिलाधिकारी न्यायिक शैलेंद्र कुमार की अध्यक्षता में तहसील सभागार में सोमवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस अवसर पर विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 110 शिकायतें आईं जिसमें तीन शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया। भूमि संबंधी शिकायतों की अधिकता रही। रोटेशन के अनुसार समाधान दिवस जिलाधिकारी की अध्यक्षता में होना था सभी तैयारियां पूर्ण भी हो चुकी थी। जिले से सीएमओ, डीपीआरओ सहित सभी अधिकारी उपस्थित भी चुके थे। जब 12 बजे तक जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक नहीं आए तो सभी धीरे धीरे चले गए। जिलाधिकारी के न आने से फरियादी निराश होकर लौट गए। समाधान दिवस पर क्षेत्राधिकारी गिरेंद्र सिंह, बीडीओ सचिन भारतीय, ईओ विजय कुमार सिंह सहित सभी तहसील स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### अमान महताब को समाजवादी छात्र सभा का बनाया गया जिला सचिव



**खेतासराय।** क्षेत्र के पाराकमाल गाँव निवासी युवा नेता अमान महताब को समाजवादी पार्टी में छात्र सभा में शामिल करते हुए पार्टी ने एक नई जिम्मेदारी सौंपी है जिससे शुभचिन्तकों ने विभिन्न माध्यमों से बधाई एवं शुभकामनाएं दे रहे। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के पाराकमाल निवासी सपा नेता अमान महताब के प्रतिभा को देखते हुए समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष राकेश मौर्य ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर छात्र सभा का जिला सचिव मनोनीत किया है जिससे शुभचिन्तकों में खुशी की लहर है। बधाई एवं शुभकामनाएं देने वालों का सिलसिला जारी है। मीडिया से बातचीत करते हुए नवागत सचिव श्री अमान ने बताया की छात्रों की समस्याओं को लेकर समाजवादी छात्रसभा हमेशा से मुखर रही है। छात्रों के हित की लड़ाई मजबूती से लड़ी जाएगी। छात्रों की बे-तहाशा फीस वृद्धि को लेकर छात्र सभा सरकार फीस नियंत्रित करने की मांग करेगी। छात्रों के स्कालर शिप की सबसे बड़ी समस्या है जो समय से नही मिल रही है जिससे छात्रों के आगे की पढ़ाई जारी रखने में समस्या हो रही है समाजवादी छात्र सभा इसके लिए भी आवाज बुलंद करेगी। बधाई देने वालों में आजम खान एडवोकेट, मो. राफे, गुड्डू यादव, मुन्ना मौर्य, राकेश यादव, सलीम अहमद, उमैर खान आदि लोगों ने बधाई दिया।

# सेहत से भी जुड़ा है लोक आस्था का पर्व 'डाला छठ'

## गहरवार वंश ने की थी महापर्व छठ की शुरूआत

अश्वनी कुमार श्रीवास्तव
शंकर चतुर्वेदी

**जानकारी**

**स्वास्थ्य के लिए रिसर्च में कई चौंकाने वाले खुलासे**





**वाराणसी।** लोक आस्था का महापर्व डाला छठ नहाय खाय के साथ शुरू हो रहा है, लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि यह पर्व सिर्फ आस्था ही नहीं बल्कि लोगों के स्वास्थ्य से भी जुड़ा है। नेम-निष्ठा और लोक आस्था का महापर्व छठ सोमवार नहाय खाय के साथ शुरू हो रहा है। हर साल की तरह इस साल भी काशी में छठ पर्व को लेकर लोगों में उत्साह है, छठ पर्व की तैयारी दीपावली त्योहार के बाद ही शुरू हो जाती हैं। छठ पूजा की तैयारियां काशी में जोरों पर हैं, और इसके लिए घाटों की साफ-सफाई की जा रही है। आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि छठ की शुरूआत सबसे पहले काशी में हुई थी। दरअसल, 11वीं शताब्दी में गहरवार वंश के राजाओं ने बनारस से सूर्य की पूजा शुरू की थी, इस शोध की पुष्टि काशी हिंदू विश्वविद्यालय में भूगोल विभाग के प्रोफेसर राणा पीबी सिंह ने की है। डाला छठ पूजा के महत्व से हर कोई वाकिफ है, सूर्य उपासना का इतना बड़ा पर्व काशी के लिए उत्सव और आस्था धर्म से बंधा एक अनूठा संगम है। काशी हिंदू विश्वविद्यालय में भूगोल विभाग के प्रोफेसर राणा पीबी सिंह ने बताया कि, काशी गहरवार वंश के राजाओं की प्रमुख केंद्र थी। इन्हें सूर्य देव का घोर उपासक भी कहा जाता है। गहरवार वंश से पहले सूर्य की पूजा भारत में ऋग्यवैदिक काल से हो रही है. ऋग्वेद में सूर्य की पूजा मां के रूप में की जाती है। वहीं, 9वीं शताब्दी में भी छठ पूजा का छिटपुट उल्लेख मिलता है।

### सूर्य की रोशनी में स्नान करना बेहद लाभकारी

यहां पर सूर्य की रोशनी में स्नान करने पर कुष्ठ रोग से भी राहत मिलती है। छठ पूजा के इतिहास का समर्थन करता बनारस का सूरज कुंड वाराणसी के गोदौलिया-नई सड़क पर सनातन धर्म इंटर कॉलेज के पास स्थित है। बताया कि सूर्य की ओर से आने वाली किरणों का सबसे अधिक प्रभाव काशी में इसी समय देखा जाता है। इस समय पराबैंगनी किरणें हानिकारक नहीं, बल्कि स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद साबित होती हैं। इस वक्त के पर्यावरणीय माहौल में प्रकाश की किरणों का घनत्व बढ़ जाता है, जोकि शरीर के लिए लाभकारी है। यदि ये किरणें पानी से टकराकर हमारे शरीर को स्पर्श करती हैं, तो उनका प्रवाह शरीर में एनर्जी की तरह से होता है. यहां पर जल और सूर्य का मिलन होता है।

### देश ही नहीं, विदेशों में बढ़ा महत्व


काशीखंड के अनुसार, बनारस के बाद छठ पूजा का चलन देश में बढ़ता चला गया, पानी में आधे कमर तक उतर कर आयुर्वेदिक पद्धति से, विज्ञान और व्रत का पालन करते हुए इस पूजा की विधिवत शुरूआत गहरवार वंश के राजाओं ने यहीं से की, इसके बाद छठ पूजा आज तक जारी है। बनारस में स्थित सूरजकुंड में सूर्य का प्रकाश सबसे अधिक तीव्रता के साथ आता है। कुंड के पास ही गोल चक्र में एक सूर्य मंदिर है, यहां पर हर रविवार को मेला लगता है, मगर छठ पूजा करने के लिए तो आध्यात्मिक और वैज्ञानिक दोनों तरह से यह देश का सबसे बेहतर स्थान है।

### बोले चिकित्सक



चौकाघाट स्थित राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय एवं महाविद्यालय के काय चिकित्सक डॉ.अजय गुप्ता बताते हैं कि छठ तिथि आयुर्वेद में सूर्य उपासना की मानी जाती है सूर्य उपासना से स्वास्थ्य लाभ होता है इसलिए तो आयर्वुद में सूर्य नमस्कार का भी जिक्र है। डाला छठ भी उसी का एक हिस्सा है।

### बोले आचार्य



आचार्य पं.वेद प्रकाश मिश्र कलाधर बताते हैं कि भगवान भाष्कर इस पृथ्वी के प्रत्यक्ष देव हैं, और इतना ही नहीं भगवान सूर्य राम व कृष्ण के समय भी रहें हैं। इनकी उपासना हमारे स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है, भगवान सूर्य को अर्घ देने से कुष्ठ रोग भी समाप्त हो जाता है। छठ सिर्फ आस्था ही नहीं बल्कि स्वास्थ्य की दृष्टि से लाभकारी है।

### वैज्ञानिकों का दावा

विज्ञानियों ने भी इस बात की पुष्टि की है कि, सूर्य की रोशनी से मैग्नेटिक फोर्स का असर जहां -जहां ज्यादा रहा वहीं-वहीं पर ये मंदिर बनाए गए हैं, पूरे भारत भर में सूर्य देव के मुख्य रूप से 7 मंदिर हैं. इनमें से 3 बिहार में स्थित हैं। ये मंदिर ऐसे ही नहीं बनाए गए बल्कि जिन स्थानों पर सूर्य की रोशनी से मैग्नेटिक फोर्स का असर ज्यादा रहा वहीं-वहीं पर ये मंदिर बनाए गए हैं। यह बात प्रो. सिंह ने अपने रिसर्च में भी बताई है।

# पूर्व मैनेजर पर मुकदमा दर्ज करने का आदेश

**सख्ती**

**जैतपुरा थाने के रसूलपुरा स्थित एक मदरसे में फर्जी नियुक्ति का है मामला**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** जैतपूरा क्षेत्र के रसूलपूरा में स्थित मदरसा दायरे तुल इस्लाह में तीन शिक्षकों की नियुक्ति फर्जी तरीके से करने के मामले में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शिखा यादव ने आवेदक हसीन अहमद के प्रार्थना पत्र को स्वीकार करते हुए मदरसे के पूर्व मैनेजर रिजवान अहमद के खिलाफ समुचित धारा में मुकदमा दर्ज कर विवेचना करने का आदेश दिया है। अदालत में वादी का पक्ष अधिवक्ता अनुज यादव, और मेराज फारुकी जु गगन ने रखा।

प्रकरण के अनुसार वादी मुकदमा हसीन अहमद जो वर्तमान में मदरसे का सेक्रेट्री है ने अपनेप्रार्थनापत्र मेंकहाहैकि, 2019 में मदरसे के पूर्व सेक्रेट्री रिजवान अहमद को मदरसे में हुए 45 लाख के गबन के मामले मे कोषाध्यक्ष जहां गिर आलम ने मुकदमा दर्ज कराया था जिसमें उसे 6 माह तक जेल में रहना पड़ा था जो, उच्च न्यायालय से जमानत पर है, उसी समय उसे सेक्रेट्री के पद से हटा दिया गया था, बाद मे चिट फण्ड ने उसकी कमेटी बहाल कर दी थी जिसके विरुद्ध उच्च न्यायालय ने याचिका स्वीकार करते हुए निचले आदेश को निरस्त करते हुए मामले को 17 /5/22 को रिमांड कर दिया जिसपर उप जिलाधिकारी सदर ने पक्षों की सुनवाई करते हुए 6 सितंबर 23 को रिजवान अहमद की कमेटी को अवैध मानते हुए चुनाव का निर्देश दिया, जिस पर वादी मुकदमा नया सेक्रेटरी चुना गया और 29 जनवरी 24 को कार्य भार ग्रह न किया, जब उसने मदरसे के रिकार्ड तलब किया तो पता चला कि अपदस्थ होने के बाद भी उक्त रिजवान अहमद ने दो शिक्षकों की हस्ताक्षर के साथ तीन नए शिक्षकों को मदरसे में नियुक्त कर दिया है, जबकि दोनों शिक्षकों नसरु लह और महफूज रहमान ने हलफनामा देकर कहा है कि उनके हस्ताक्षर नहीं है ना तो ऐ सी कोई पत्रावली देखी है ना हस्ताक्षर बनाए है।

# कड़ी सुरक्षा में नवसंघ की मां काली प्रतिमा का विसर्जन







**घेरे में निकला जुलूस**

**सुरक्षा के लिहाज से पीएसी पुलिस के जवानों के साथ कई पुलिस अधिकारी भी रहे मुस्तैद**

**वाराणसी।** देवनाथपुरा नवसंघ की मां काली प्रतिमा का विसर्जन सोमवार को कड़ी सुरक्षा के बीच हुआ। गाजे-बाजे के साथ निकली मां काली प्रतिमा और विसर्जन जुलूस में पुलिस की कड़ी निगरानी रही। पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल विसर्जन के दौरान मौजूद रहे। क्यूआरटी, पीएसी के अलावा आसपास थानों की फोर्स के बीच विसर्जन कराया गया।

संवेदनशील मदनपुरा, जंगमबाड़ी, गोदौलिया में अतिरिक्त फोर्स की तैनाती रही। विसर्जन को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड में रही। शाम को देवनाथपुरा से जैसे ही प्रतिमा गाजे बाजे के साथ निकली पुलिसकर्मी मुस्तैद हो गए। सोनारपुरा के आगे गोदौलिया जाने वाले मार्ग पर वाहनों को बैरिकेडिंग कर रोक दिया गया। मां काली की प्रतिमा जिस वाहन पर सवार थी उस पर नव संघ के पदाधिकारी बैठे हुए थे। मां काली की प्रतिमा देवनाथपुरा की संकरी गलियों से निकलकर जैसे ही बंगाली टोला चौराहे पर पहुंची हर-हर महादेव के उद्घोष से वातावरण गूंज उठा। जुलूस मदनपुर, जंगमबाड़ी होते हुए गोदौलिया पहुंचा। यहां कुछ देर प्रतिमा रुकी। चौराहे के सात चक्कर लगाने के बाद प्रतिमा बांसफाटक की ओर बढ़ी। कोलकाता से आए ढाक बजाने वालों की टीम ने हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींचा। जुलूस बुलानाला होते हुए मैदागिन पहुंचा। कंपनी बाग स्थित मंदाकिनी कुंड में मां की प्रतिमा का विसर्जन किया गया।

# अल्ट्रापोर्टेबल एक्स-रे मशीन से एक मिनट में लें रिपोर्ट

**सुविधा**

**कैम्प के दौरान वर्ल्ड बैंक की टीम ने किया निरीक्षण, दिये महत्वपूर्ण सुझाव**



**वाराणसी।** जिले में क्षय रोग नियंत्रण के उद्देश्य से शहरी और ग्रामीण इलाकों में अभियान चलाकर स्क्रीनिंग करायी जा रही है। इसमें अल्ट्रापोर्टेबल हैंड हेल्ड एक्स-रे मशीन से जांच करायी जा रही है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से सोमवार को आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्वास्थ्य उपकेन्द्र करघना प्रथम में आयोजित कैम्प में अल्ट्रापोर्टेबल हैंड हेल्ड एक्स-रे मशीन से जांच की गई, जिसकी रिपोर्ट एक मिनट में मिल गई। कैम्प में कुल 180 मरीजों की जांच की गई, जिसमें 19 मरीज टीबी संभावित पाये गये यह मशीन सेंट्रल टीबी डिवीजन के द्वारा विलियम जे क्लिंटन फाउंडेशन (डबल्यूजेसीएफ) के सहयोग से प्राप्त हुई है।

सीएमओ ने बताया कि टीबी सक्रिय रोगी खोज (एसीएफ) अभियान और टीबी प्रिवेंटिव थेरेपी (टीपीटी) को सुद्दढ़ीकरण करने के लिए सरकार की ओर से यह पहल की गई है। जिन जगहों पर अभियान के दौरान सर्वाधिक टीबी रोगी मिले हैं अथवा मिलते हैं, वहां विशेष शिविर लगाकर संभावित लक्षण वाले मरीजों की जांच की जाती है। जिला क्षय रोग अधिकारी (डीटीओ) डॉ. पीयूष राय ने बताया कि इस अवसर पर वर्ल्ड बैंक की टीम द्वारा कैम्प का निरीक्षण किया गयो टीम ने शिवपुर में सीबीनाट टेस्ट की साइट भी देखी, प्रक्रिया की पूरी जानकारी ली और जनपद वाराणसी में मरीजों की पहचान, जांच व इलाज में और सुधार के बारे में महतवपूर्ण सुझाव दिये, टीम कल कोनिया और बीएचयू भी जायेगी डॉ. राय ने बताया कि एक्स-रे मशीन से जांच के बाद एक मिनट में रिपोर्ट मिलने से काफी सुविधा हो गई है। टीबी की पुष्टि होने पर संबंधित व्यक्ति का समय से उपचार भी शुरू कर दिया जाता है।

मार्च 2024 से इस तरह के कैम्प शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लगाये जा रहे हैं, इस कार्यक्रम के अंतर्गत 24 कैम्प हर महीने लगाये जा रहे हैं अभी तक कुल 133 कैम्प लगाये गये हैं जिसमें 9035 मरीजों की स्क्रीनिंग की गई है, 652 टीबी संभावित पाये गये हैं, जिसमें 58 का इलाज चल रहा है।

# कूड़ा उठान, सफाई की बदइंतजामी सीवर समस्या की गूंजी फरियाद

**जनचौपाल में फरियादी**

**चौपाल में 29 समस्याएं हुई दर्ज कॉलोनी का पता न बता पाने पर स्वास्थ्य निरीक्षक को लगी फटकार**



**वाराणसी।** कूड़ा उठान, सफाई दुर्व्यवस्था दुरूस्त करने ,सीवर लाइन लगाने को लेकर सोमवार को जनचौपाल में फरियादी पहुंचे। चौपाल में जहां 29 समस्याएं दर्ज हुई,वहीं कालोनी के अनभिज्ञता पर स्वास्थ्य निरीक्षक को कड़ी फटकार लगी। काशी के जनसमस्याओं की हकीकत को जानने और उसके निस्तारण में जनता से रूबरू होने की मंशा को लेकर नगर निगम ने सोमवार को सारनाथ स्थित जोनल कार्यालय पर जन चौपाल लगाया। महापौर अशोक तिवारी के नेतृत्व में आयोजित चौपाल में सीवर, सफाई व्यवस्था को दुरूस्त कराने और लीकेज पाइप लाइन को ठीक कराये जाने के साथ 29 समस्याएं दर्ज कराई गयी। इस दौरान चौपाल में पहुंचे फरियादियों ने प्रार्थना पत्र देकर समस्या के त्वरित निस्तारण की मांग की। इस दौरान महापौर ने तड़िया चकविही इलाके में लीकेज पाइप लाइन को तत्काल ठीक कराने का निर्देश दिया। महापौर ने लोहिया नगर कालोनी की सफाई दुर्व्यवस्था की शिकायत को लेकर क्षेत्रीय स्वास्थ्य निरीक्षक से जानकारी मांगे जाने पर कालोनी का पता हीं नहीं मालूम होने की बात कहे जाने पर जहां निरीक्षक को फटकार लगाई,वहीं कालोनी में कूड़ा उठान में लापरवाही बरते जाने पर उनकी क्लास लगाई। इस दौरान क्षेत्रीय पार्षद अभय पांडेय ने मवइया में लगभग 7 सौ मीटर तक सीवर लाइन के लिए फरवरी माह में लोकार्पण किये जाने के बाद भी कार्य अभी तक प्रारम्भ नहीं किये जाने की शिकायत की। जिस पर महापौर ने जलकल के महाप्रन्धक को देर नही करने और जल्द कार्य शुरू करने का निर्देशित दिया। इस अवसर पर जलकल महाप्रन्धक अनूप सिंह,जोनल अधिकारी अनुपम त्रिपाठी सहित भरी संख्या में लोग शामिल रहे।

# न्यायिक कार्य से विरत रहे नाराज अधिवक्ता




**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के आह्वान पर सोमवार को प्रदेश के विभिन्न जिलों में अधिवक्तागण न्यायिक कार्य से विरत रहे। वही वाराणसी कचहरी में भी इसका असर रहा। वाराणसी कचहरी के द्वय बार के पदाधिकारीयो के मौजूदगी में साधारण सभा की बैठक हुई जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि गाजियाबाद के प्रकरण को लेकर आज संपूर्ण दिवस न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। साधारण सभा में प्रस्ताव पारित होने के उपरांत सैकड़ो की संख्या में अधिवक्तागण परिसर में घूम कर नारेबाजी की व विरोध प्रदर्शन प्रकट किया। विरोध प्रदर्शन में प्रमुख रूप से सेंट्रल बार अध्यक्ष मुरलीधर सिंह व सेंट्रल बार महामंत्री सुरेंद्रनाथ पांडेय व बनारस बार महामंत्री कमलेश कुमार यादव संग सैकड़ो अधिवक्तागण जुलूस में मौजूद रहे।

# छठ पर स्वास्थ्य व सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

**निर्देश**

**वाराणसी प्रशासन से कहा नदी, कुंडों व तालाबों पर उमड़ने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा का रखा जाए पूरा ध्यान**

**छठ व्रतियों की चिकित्सा के साथ सुरक्षा का दायित्व संभालने के लिए एनडीआरएफ के जवान गंगा घाटों पर रहेंगे तैनात**

जनसंदेश न्यूज



**वाराणसी।** छठ महापर्व पर गंगा नदीं, कुंड व तालाबों के किनारे श्रद्धालु अस्ताचलगामी व सूर्योदय पर पूजन करने उमड़ते हैं। ऐसे में सरकार उनकी चिकित्सा, सुरक्षा तथा सुविधा को लेकर काफी संजीदा है। योगी सरकार श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम कर रही है। एनडीआरएफ की टीमें सुरक्षा उपकरणों, वाटर एम्बुलेंस,गोताखोरों के साथ गंगा में तैनात रहेगी। छठ व्रती की चिकित्सा, सुविधा के साथ ही सुरक्षा का दायित्व संभालने के लिए 11 एनडीआरएफ के जवान गंगा घाटों तथा सरोवरों पर तैनात रहेगी। 11 एनडीआरएफ के उप महानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि वाराणसी के गंगा नदी पर टीमों को तैनात किया गया है। हर टीम में एनडीआरएफ के 25 से 30 जवान रहेंगे। उन्हें जीवन रक्षक उपकरणों, रेस्क्यू मोटर बोट, वॉटर एंबुलेंस, लाइफ जैकेट, लाइफ बॉय, गोताखोर, पैरा मेडिकल, ऑक्सीजन सिलेंडर व अन्य आवश्यक बचाव उपकरणों के साथ सभी प्रमुख घाटों पर तैनात किया गया है। जिला प्रशासन से समन्वय स्थापित करते हुए सुरक्षा के सभी इंतजाम किए जा रहे हैं। उप महानिरीक्षक ने बताया कि गंगा नदी के अलावा बनारस रेल इंजन कारखाना के सूर्य सरोवर में भी श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए एनडीआरएफ की टीमें तैनात रहेंगी। इसके अलावा चंदौली में भी एनडीआरएफ टीमें तैनात की गई है। वाराणसी के आसपास के क्षेत्रों के लिए आपातकाल के लिए भी वाहिनी मुख्यालय में एनडीआरएफ के जवान मुस्तैद रहेंगे। एनडीआरएफ टीमों द्वारा गंगा नदी में पहले से ही लगातार पेट्रोलिंग की जा रही है।

# सात घंटे देर से आया विमान

**बेहाल पैसेंजर**

**उड़ान लखनऊ डायवर्ट यात्रियों में नाराजगी**



**वाराणसी।** वाराणसी में कम दृश्यता के चलते इंडिगो की फ्लाइट लखनऊ डायवर्ट कर दी गई। वहां पांच घंटे तक विमान रोके जाने पर यात्रियों का गुस्सा फूट पड़ा। एक पैसेंजर का कहना था कि फ्लाइट को रविवार रात दो बजे वाराणसी एयरपोर्ट पर लैंड होना था, लेकिन मौसम खराब होने से इसे लखनऊ भेज दिया गया। विमान को सोमवार सुबह सात बजे वाराणसी भेजने की बात कही गई, लेकिन फिर कोई अपडेट नहीं दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि विमान सुबह सात बजे वाराणसी रवाना किया गया। मौसम खराबी के कारण पुणे का विमान डायवर्ट हो लखनऊ पहुँचा। बताते चलें कि रविवार को रात्रि में अचानक मौसम खराब होने के कारण पुणे से रात्रि दो बजे वाराणसी पहुँचा इंडिगो का विमान लैंड नहीं हो सका और विमान को डायवर्ट कर लखनऊ भेजा गया । बाद में मौसम ठीक होने के बाद विमान सात घंटे की देरी से सुबह नौ बजे वाराणसी एयरपोर्ट पर लैंड हो सका। जानकारी के अनुसार इंडिगो का विमान 6 ई 672 पुणे से रात्रि दो बजे के करीब वाराणसी हवाई क्षेत्र में पहुंचा और लैंडिंग की अनुमति मांगी लेकिन घने कोहरे के कारण दृश्यता काफी कम थी इसलिए विमान को लैंडिंग की अनुमति नहीं मिली विमान आधे घंटे तक हवा में चक्कर काटता रहा लेकिन मौसम साफ न होने और फ्यूल कम होने की स्थिति में विमान को लखनऊ डायवर्ट कर दिया गया ।मौसम ठीक होने के बाद सुबह नौ बजे वापस बुलाया गया । जिस कारण विमान सात घंटे देरी से वाराणसी एयरपोर्ट पहुंचा । इसके अलावा दिल्ली और मुंबई से वाराणसी आने वाले इंडिगो के विमान भी घने कोहरे के कारण दो से तीन घंटे देरी से वाराणसी एयरपोर्ट पहुंचे ।